आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 154 | उज्जैन, शुक्रवार 19 जून, 2026 | ज्येष्ठ शुक्ल 5 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### अमेरिका-ईरान के बीच जंग खत्म तय तारीख से एक दिन पहले समझौता

**तेल अवीव/तेहरान।** अमेरिका और ईरान के बीच जंग खत्म करने के लिए अंतरिम समझौते पर दस्तखत हो गए हैं। डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार रात को फ्रांस के वर्साय पैलेस में इससे जुड़े एमओयू पर साइन किए। इस दौरान फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों मौजूद थे। डील पर दस्तखत करने के बाद ट्रम्प वर्साय पैलेस से बाहर आए। इस दौरान किसी रिपोर्टर ने उनसे पीस डील को लेकर पूछा, तो उन्होंने चिल्लाते हुए कहा, डील साइन हो गई है। ट्रम्प के बाद ईरानी राष्ट्रपति मसूद पजशकियान ने भी ईरान से इलेक्ट्रॉनिक दस्तखत किए। समझौते का ऐलान भारतीय समय के मुताबिक गुरुवार सुबह 5.30 बजे किया गया।

### पूर्व पीएम इंद्र कुमार गुजराल के पुत्र से 7.80 करोड़ रुपये की साइबर ठगी

**नई दिल्ली।** देश में साइबर अपराध के बढ़ते खतरे के बीच एक और चौंकाने वाला मामला सामने आया है। पूर्व राज्यसभा सांसद और पूर्व प्रधानमंत्री इंद्र कुमार गुजराल के पुत्र नरेश गुजराल कथित रूप से 7.80 करोड़ रुपये की साइबर ठगी का शिकार हो गए हैं। साइबर अपराधियों ने कथित तौर पर उनका व्हाट्सऐप खाता हैक कर उनकी पहचान का इस्तेमाल किया और कंपनी के वित्तीय विभाग के एक कर्मचारी को करोड़ों रुपये अलग-अलग खातों में स्थानांतरित करने के लिए धोखे में डाल दिया। दिल्ली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और अब तक ठगी गई राशि में से लगभग चार करोड़ रुपये को फ्रीज करने में सफलता हासिल की है।

### विवादित बयान पर फंसी अपूर्वा मखीजा

### 10-15 करोड़ में शेख के साथ सोने का सोचूंगी



**मुंबई।** इंडिया गॉट लेटेंट से विवादों में रह चुकी अपूर्वा मखिजा फिर एक बार विवादों से घिर चुकी हैं। दरअसल, हाल ही में उनका एक पुराना वीडियो कुछ दिनों से सोशल मीडिया पर फिर सर्कुलेट हो रहा है, जिसमें उन्होंने कहा है, मैं 2 रुपए के रोल के लिए किसी के साथ नहीं सो रही, हां अगर दुबई का कोई शेख मुझ पर 10-15 करोड़ फेंककर मारे तो शायद मैं इस बारे में सोचूंगी। उनका वीडियो वायरल होने के बाद कुछ ट्रोलर्स ने उन्हें अलग-अलग रेट ऑफर करना शुरू कर दिया, जिस पर इन्फ्लूएंसर भड़क गईं। अपूर्वा ने ऐसे ही 12 हजार ऑफर कर रहे एक शख्स की कंपनी में ही उसकी शिकायत कर दी है। जिसके बाद कथित तौर पर उस शख्स को उनसे माफी मांगनी पड़ी है। अपूर्वा ने आपत्तिजनक कमेंट करने वाले शख्स प्रशांत के बारे में पता लगाया तो सामने आया कि शख्श प्रोडक्शन हाउस में बतौर ग्राफिक्स डिजाइनर का काम करता है। अपूर्वा ने उस कंपनी को मेंशन करते हुए घटना की जानकारी दी, जिसके बाद प्रोडक्शन हाउस की तरफ से जवाब आया कि वो उस शख्स की कड़ी निंदा करते हैं, हालांकि 2024 से वो लड़का उनके साथ काम करना बंद कर चुका है।

### राममंदिर चढ़ावा चोरी जांच के बीच योगी आज अयोध्या में

**अयोध्या।** राम मंदिर में चढ़ावा चोरी विवाद के बीच सीएम योगी शुक्रवार को अयोध्या जाएंगे। वह राम मंदिर में दर्शन-पूजन करेंगे, लेकिन मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय को कार्यक्रम में आने से मना किया गया है। सूत्रों के मुताबिक, प्रशासन ने सीएम का जो प्रोटोकॉल लेटर जारी किया है, उसमें इस बात का जिक्र है। लेटर में पॉइंट नंबर 29 में चंपत राय से अनुरोध किया गया है कि योगी के राम मंदिर कार्यक्रम के लिए वह किसी अन्य व्यक्ति को अपना प्रतिनिधि नामित करें। इसकी सूचना ड्यूटी मजिस्ट्रेट को दें। चंपत राय राम मंदिर के सबसे पावरफुल शख्स हैं। पूरे मंदिर की जिम्मेदारी उन्हीं के पास है। मंदिर में जब भी कोई वीआईपी कार्यक्रम या दौरा हुआ है, चंपत राय उसमें हमेशा मौजूद रहे हैं।

### यूक्रेन ने रूस पर 1 हजार से ज्यादा ड्रोन और क्रूज मिसाइलें दागीं

**मॉस्को/कीव।** यूक्रेन ने गुरुवार को रूस पर अब तक का सबसे बड़ा ड्रोन हमला किया। रूस के रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, रातभर में करीब 1 हजार ड्रोन और चार क्रूज मिसाइलों को मार गिराया गया। इनमें करीब 200 ड्रोन राजधानी मॉस्को की तरफ बढ़ रहे थे। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा, "हम यह युद्ध नहीं चाहते थे, लेकिन अगर यूक्रेन जलेगा तो मॉस्को भी जलेगा। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक हमले में दक्षिणी रोस्तोव क्षेत्र का एक ऑयल डिपो धमाके से तबाह हो गया। यहां मौजूद एक व्यक्ति की मौत हो गई। मॉस्को की कपोतन्या ऑयल रिफाइनरी पर भी हमला हुआ। विस्फोट के बाद ऑयल डिपो टैंक का ढक्कन कई मीटर ऊपर उछल गया और आसमान में काले धुएं के गुबार छा गए।

### उद्धव की शिवसेना की बैठक में सिर्फ 3 सांसद पहुंचे, बाकी 6 को नोटिस जारी

**मुंबई।** दिल्ली में शिवसेना (यूबीटी) की संसदीय दल की बैठक हुई। बैठक में 9 में से सिर्फ 3 लोकसभा सांसद अनिल देसाई, अरविंद सावंत और राजाभाऊ वाजे पहुंचे। पार्टी ने अपने सभी लोकसभा सांसदों को व्हिप जारी कर दिल्ली में होने वाली बैठक में मौजूद रहने का निर्देश दिया था। बैठक में पहुंचे सांसद अरविंद सावंत ने कहा कि जो सांसद नहीं आए पार्टी उनके खिलाफ नोटिस जारी करेगी। यूबीटी के राज्यसभा सांसद संजय राउत ने कहा कि हमारे सांसदों को किडनैप किया गया है। जो बैठक में आएगा वो हमारे साथ है, जो नहीं आएगा वो गद्दार। गृह मंत्रालय ने महाराष्ट्र पुलिस को 6 बागी सांसदों को वाय+ सिक्योरिटी बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। सूत्रों के मुताबिक, 6 सांसदों ने बुधवार सुबह 9.30 बजे लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को शिंदे गुट में विलय के लिए चिट्ठी भेजी। उधर संजय राउत ने लगातार दूसरे दिन बागी सांसदों को गाली दी।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का इंदौर एयरपोर्ट पर राज्यपाल-सीएम ने किया स्वागत, प्रदेश में पांच दिन के दौरे पर रहेंगी

## राष्ट्रपति ने ज्योतिर्लिंग भगवान ओंकारेश्वर के दर्शन कर पूजन किया

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

देश की प्रथम नागरिक राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बुधवार को इंदौर पहुंचीं। देवी अहिल्याबाई होलकर एयरपोर्ट पर राज्यपाल मंगूभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उनका स्वागत किया। राष्ट्रपति का यह दौरा मध्यप्रदेश के पांच दिवसीय आधिकारिक कार्यक्रमों की शुरूआत है।

राष्ट्रपति मुर्मू एयरपोर्ट से सीधे ओंकारेश्वर के लिए रवाना हुईं, जहां वे ज्योतिर्लिंग भगवान ओंकारेश्वर के दर्शन और पूजन किया। राष्ट्रपति के आगमन को लेकर ओंकारेश्वर और इंदौर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। वहीं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर पहुंचने पर वीर हनुमान मंदिर स्थित



ऐतिहासिक बावड़ी का अवलोकन किया। राष्ट्रपति का यह दौरा 18 से 22 जून तक चलेगा। 19 जून को वे अंतरराष्ट्रीय सिकल सेल दिवस के अवसर पर आयोजित विशेष जागरूकता कार्यक्रम में शामिल होंगी। इसके बाद वे ग्वालियर और श्योपुर में आयोजित विभिन्न शासकीय कार्यक्रमों में भाग लेंगी।

### प्रशासन की आम नागरिकों और श्रद्धालुओं से अपील

राष्ट्रपति के दौरे को देखते हुए इंदौर और ओंकारेश्वर में प्रशासन ने व्यापक सुरक्षा और ट्रैफिक व्यवस्था लागू की है। इंदौर कलेक्टर शिवम वर्मा के मुताबिक एयरपोर्ट और आसपास के क्षेत्रों को अस्थायी रूप से नो-फ्लाइंग जोन घोषित किया गया है। वहीं 19 जून तक कई मार्गों पर ट्रैफिक डायवर्जन लागू रहेगा। ओंकारेश्वर में दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं के लिए अलग पार्किंग और बसों की व्यवस्था की गई है। प्रशासन ने आम नागरिकों और श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे ट्रैफिक प्लान का पालन करें और अतिरिक्त समय लेकर यात्रा करें।

### भारी वाहनों का रूट बदला

- इंदौर-इच्छापुर मार्ग पर चलने वाले भारी मालवाहक वाहनों को डायवर्ट किया है। इंदौर से खंडवा जाने वाले भारी वाहन तेजाजी नगर, महू, मानपुर, धामनोद, खरगोन, भीकनगांव और देशगांव होते हुए खंडवा जाएंगे। सिमरोल से आने वाले वाहन मंडलेश्वर, कसरावद, खरगोन, भीकनगांव और देशगांव होकर खंडवा पहुंचेंगे।
- बड़वाह से आने वाले वाहन मंडलेश्वर, कसरावद, खरगोन और भीकनगांव के रास्ते खंडवा जाएंगे। खंडवा से इंदौर जाने वाले भारी वाहन भीकनगांव, खरगोन और कसरावद होकर जाएंगे। मंडलेश्वर से आने वाले वाहन कसरावद और खलघाट के रास्ते इंदौर पहुंच सकेंगे।

डेलनपुर में सीएम डॉ. मोहन यादव का बड़ा ऐलान

## 25 गाय पालकर डेयरी शुरू करो

### 40 लाख रुपए की परियोजना पर 10 लाख रु. अनुदान सरकार देगी

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल**

डेलनपुर में सीएम डॉ. मोहन यादव ने दूध उत्पादन और प्राकृतिक खेती को लेकर बड़ा ऐलान किया। सीएम बोले- मप्र में 25 गाय से डेयरी खोलने की 40 लाख की परियोजना में 10 लाख रुपए सरकार देगी।

प्राकृतिक खेती के साथ गाय पालने वाले को प्रतिमाह 1100 रुपए मिलेंगे। सीएम बोले- देश में दूध उत्पादन 12 से बढ़ाकर 20 प्रतिशत करना है, इसलिए सरकार डेयरी सेक्टर को बढ़ावा दे रही है।

अयोध्या के श्रीराम मंदिर की तरह चित्रकूट के विकास पर 2



हजार करोड़ खर्च किए जा रहे हैं। मप्र में जहां-जहां श्रीराम के चरण पड़े वे सभी स्थान तीर्थ स्थल बनेंगे। वनवास के समय श्रीराम साढ़े ग्यारह साल मप्र में रहे थे। इस दौरान वे चित्रकूट, पन्ना, शहडोल, जबलपुर, विदिशा, खरगोन से गुजरे थे। सीएम ने मंदिर परिसर में बने सभा स्थल में फर्श लगाने, बाउंड्रीवाल, पेयजल टंकी बनाने की घोषणा की। सीएम ने मंदिर में श्रीराम परिवार व हनुमानजी का पूजन किया।

### सीएम ने विपक्ष पर साधा निशाना

सिंहस्थ 2028, इंदौर मेट्रोपॉलिटन परियोजना का जिक्र करते हुए सीएम ने विपक्ष पर निशाना साधा । कहा- हम विकास की बात करते हैं तो विरोधियों को अटपटा लगता है। लेकिन मैं सिर्फ काम करने आया हूं। सिंहस्थ 2028 को लेकर कार्य जारी हैं। मेट्रोपॉलिटन सिटी परियोजना के माध्यम से विकास का सपना जल्द साकार होगा।

### भोपाल, इंदौर, धार समेत 32 जिलों में आंधी-बारिश

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल**

मध्य प्रदेश में प्री-मानसून गतिविधियां लगातार बनी हुई हैं। गुरुवार को धार जिले के पीथमपुर में तेज बारिश हुई। 24 घंटे के दौरान 32 जिलों में आंधी और बारिश दर्ज की गई। कई इलाकों में तेज हवाएं चलीं, जबकि विदिशा, बुरहानपुर और श्योपुर में धूल भरी आंधी का असर देखने को मिला। मौसम विभाग के अनुसार, भोपाल, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, विदिशा, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, ग्वालियर, गुना, शिवपुरी, दतिया, अशोकनगर, नीमच, उज्जैन, आगर-मालवा, शाजापुर, श्योपुर, बड़वानी, इंदौर, छिंदवाड़ा, सिवनी, बालाघाट, डिंडौरी, जबलपुर, कटनी, उमरिया, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर और सागर समेत 32 जिलों में बारिश और आंधी का दौर रहा।

## 23 साल पुराने मानहानि मामले में उमा भारती को राहत

### दिग्विजय सिंह से जुड़े विवाद पर 1 जुलाई को अगली सुनवाई

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ जबलपुर**

प्रदेश की राजनीति के दो प्रमुख और चर्चित नेताओं पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह और पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती के बीच लगभग 23 वर्षों से चल रहे मानहानि विवाद में गुरुवार को मध्य प्रदेश हाई कोर्ट में सुनवाई हुई। अदालत ने उमा भारती की ओर से जवाब प्रस्तुत करने के लिए समय देने की मांग स्वीकार करते हुए मामले की अगली सुनवाई 1 जुलाई को निर्धारित कर दी। इसके साथ ही प्रदेश की राजनीति से जुड़े इस पुराने और बहुचर्चित मामले ने एक बार फिर राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बना दिया है। यह मामला वर्ष 2003 के विधानसभा चुनाव के दौरान दिए गए कथित बयानों से जुड़ा हुआ है। उस समय मध्य प्रदेश की राजनीति में भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के बीच सीधा मुकाबला था तथा चुनाव प्रचार अपने चरम पर था। चुनावी सभाओं और जनसभाओं में दोनों दलों के नेताओं के बीच तीखे आरोप-प्रत्यारोप लगाए जा रहे थे। इसी दौरान तत्कालीन भाजपा नेता और मुख्यमंत्री पद की प्रमुख दावेदार उमा भारती द्वारा दिए गए कुछ बयानों को लेकर विवाद उत्पन्न हुआ था। दिग्विजय सिंह का आरोप है कि चुनावी सभाओं के दौरान उमा भारती ने सार्वजनिक मंचों से उनके अंडरवर्ल्ड से संबंध होने जैसे गंभीर आरोप लगाए थे।

### सीहोर के पास सड़क हादसा, 10 लोग जख्मी

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ सोनकच्छ**

नई कार खरीदने की खुशी बुधवार को मातम में बदल गई। इंदौर और सेंधवा के एक ही परिवार के सदस्य नई कार लेने भोपाल जा रहे थे, तभी सीहोर जिले के जावर थाना क्षेत्र में सेमलीबारी फाटा के पास उनकी स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में इंदौर के भाजपा नेता मयूरेश (38) पिता संतोष गर्ग और उनकी बुआ संगीता (51) पति सुनील अग्रवाल की मौत हो गई, जबकि परिवार के 10 सदस्य घायल हो गए। घायलों में दो छोटे बच्चे भी हैं।

### नीट रीएग्जाम के पूर्व स्टूडेंटों ने सुसाइड किया

**एजेंसी ▸▸ कोयंबटूर**

तमिलनाडु के कोयंबटूर में नीट की तैयारी कर रही 19 साल की छात्रा अनुकीर्तना ने बुधवार सुबह जहर खाकर आत्महत्या कर ली। मौत से पहले छात्रा ने अपने चाचा और करीबी रिश्तेदारों को वॉट्सएप मैसेज भेजे थे। मैसेज में उसने लिखा- मैंने नीट परीक्षा दी थी और मेडिकल कॉलेज में एडमिशन का इंतजार कर रही थी, लेकिन परीक्षा कैंसिल हो गई। अब दोबारा परीक्षा देने से डर लग रहा है। मेरे पापा ने मुझ पर बहुत पैसा खर्च किया है, मैं अब उनका सामना कैसे करूंगी, नहीं जानती। वहीं, अहमदाबाद के न्यू रानीप इलाके में बुधवार रात करीब 2.30 बजे 17 साल के छात्र ने आनंदम फ्लैट्स के ब्लॉक बी की छठी मंजिल से छलांग लगा दी। पुलिस जांच में पता चला कि छात्र नीट परीक्षा की तैयारी कर रहा था। आत्महत्या का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है।

दिल्ली हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार से पूछा

## पूरा टेलीग्राम क्यों बैन किया

### सरकार का दावा- यह अपराधियों का पसंदीदा प्लेटफॉर्म, इसलिए नीट रीएग्जाम से पहले रोक लगाई

**एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली**

सरकार ने दावा किया है कि टेलीग्राम का इस्तेमाल साइबर क्राइम, एग्जाम पेपर लीक, चाइल्ड पोर्नोग्राफी, आतंकवाद से जुड़े प्रचार और वित्तीय धोखाधड़ी के लिए किया जा रहा है।

दिल्ली हाइकोर्ट में दिए हलफनामे में केंद्र ने बताया कि टेलीग्राम की गोपनीयता और गुमनामी बनाए रखने वाली विशेषताओं ने इसे आपराधियों का पसंदीदा नेटवर्क बना दिया है।




गुरुवार को दिल्ली हाईकोर्ट में जस्टिस तेजस कारिया की बेंच टेलीग्राम की तरफ से दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी। जिसमें उसके खिलाफ लगाए गए अस्थायी प्रतिबंध को चुनौती दी गई थी। बेंच ने सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया।

दरअसल, भारत सरकार ने 21 जून को होने वाले नीट रीएग्जाम से पहले टेलीग्राम चैनल पर अस्थायी बैन लगाया है। यह रोक 22 जून 2026 तक लागू रहेगी। एक अलग निर्देश में टेलीग्राम को 30 जून तक पहले भेजे गए मैसेज को एडिट करने की सुविधा बंद करने का भी निर्देश दिया गया है।

### सरकार ने हलफनामे में 5 दावे किए

- टेलीग्राम में एक अकाउंट से 40 बॉट बनाए जा सकते हैं। व्हाट्सएप में हर यूजर की एक बॉट की सीमा है।
- यह प्लेटफॉर्म क्लाउड के जरिए संचालित होता है। अपराध करने वालों का पता नहीं लगाया जा सकता। यानी इसे ब्लॉक भी कर दें और कोई गड़बड़ करे, तो जांच एजेंसियां असली यूजर तक नहीं पहुंच सकतीं।
- किसी चैनल के एक लाख सदस्यों को कुछ ही सेकंड में दूसरे चैनल पर ट्रांसफर किया जा सकता है। इससे गंभीर खतरा है।
- टेलीग्राम में तारीख और समय एडिट कर सकते हैं। जिससे इसका दुरुपयोग किया जा सकता है। 2024 में ऐसा हुआ था।
- परीक्षा के बाद पेपर पब्लिश किया गया था, लेकिन उसमें तारीख को परीक्षा से एक दिन पहले की तारीख में बदल दिया गया था।



## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का गुरुवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

उद्योग समूह ने बयान जारी कर कहा- नागदा संयंत्र में आग की घटना पर त्वरित नियंत्रण, जनहानि नहीं

# कार्बनिक रसायन क्षेत्र में आग लगी, बाहर तक नजर आईं लपटें

## 30 मई को बूम लिफ्ट गिरने पर दो मजदूर घायल हुए थे, जांच के बाद उद्योग समूह को नोटिस

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन/नागदा**

नागदा में संचालित बहुराष्ट्रीय कंपनी के लैक्सेस उद्योग में बुधवार रात आग लग गई। आग की चपेट में उद्योग का एफएफ और एचसीएल प्लांट आ गया। जिससे आग की लपटें बाहर तक आ गई। आग लगने के कारण उद्योग की बिजली व्यवस्था प्रभावित हो गई और परिसर में अंधेरा छा गया। उद्योग प्रबंधन ने अपने बयान में आग लगने की घटना की पुष्टि करते हुए नियंत्रण की बात कही है साथ ही घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं होने की भी जानकारी दी है। पिछले 18 दिनों में उद्योग में यह दूसरा हादसा हुआ है।

घटना की जानकारी मिलते ही प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी उद्योग में पहुचे थे। आग लगने की घटना के कारण से उद्योग का उत्पादन भी प्रभावित हुआ। उद्योग में कार्बनिक रसायनों का उत्पादन किया जाता है। पिछले 18 दिनों में उद्योग में यह दूसरी घटना है। इसके पहले 30 मई को बूम लिफ्टर ब्रेक होने की दुर्घटना में 2 श्रमिक घायल हो गए थे।

**आग लगने पर बिजली गुल,दमकलों ने पाया काबू-**उद्योग के बेजाइन डाइड के एचसीएल टैंक में आगजनी हुई, जो कुछ देर में ही बढ़ गई और उद्योग की बिजली भी गुल हो गई। मौके पर लैक्सेस सहित आसपास की दमकल पहुंची और एक घण्टे में आग पर काबू पाया। दुर्घटना में कोई जनहानि की सूचना नहीं है। आग की लपटें बाहर तक नजर आने से आसपास के क्षेत्र में दहशत का माहौल हो गया, क्योंकि यहां विभिन्न केमिकल का उत्पादन होता है। बिरला ग्राम प्रभारी थाना प्रभारी जितेन्द्र पाटीदार के अनुसार उद्योग प्रबंधन ने सूचना दी थी उस पर घटना स्थल पर पहुंचे थे। कोई जनहानि नहीं हुई है।



### नागदा संयंत्र में आग की घटना पर त्वरित नियंत्रण, कोई जनहानि नहीं

नागदा स्थित लेनक्सेस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के विनिर्माण संयंत्र में 17 जून 2026 की रात्रि लगभग 9:25 बजे संयंत्र के एक क्षेत्र में आग लगने की घटना हुई। कंपनी की आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली तत्काल सक्रिय किए जाने तथा प्रशिक्षित फायर एवं रेस्क्यू टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई के चलते स्थिति पर शीघ्र नियंत्रण पा लिया गया। उद्योग प्रबंधन ने आधिकारिक वक्तव्य देकर बताया आग लगने की सूचना मिलते ही उत्पादन गतिविधियों को सुरक्षित रूप से बंद किया गया तथा स्थानीय प्रशासन, अग्निशमन सेवाओं एवं सहयोगी उद्योगों के साथ समन्वय स्थापित कर राहत एवं नियंत्रण कार्य प्रारंभ किया गया। प्रभावी प्रयासों के परिणामस्वरूप रात्रि 9:50 बजे तक आग पर पूरी तरह नियंत्रण प्राप्त कर प्रभावित क्षेत्र को सुरक्षित कर लिया गया। कंपनी ने स्पष्ट किया है कि इस घटना में किसी भी कर्मचारी, संविदा कर्मी अथवा अन्य व्यक्ति को कोई चोट नहीं आई है तथा किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। घटना के दौरान पुलिस एवं स्थानीय प्रशासन के अधिकारी भी मौके पर उपस्थित रहे और उन्होंने स्थिति का निरीक्षण कर उसे पूरी तरह नियंत्रित एवं सुरक्षित पाया। वर्तमान में संयंत्र परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में स्थिति सामान्य है तथा स्थानीय नागरिकों, कर्मचारियों एवं पर्यावरण के लिए किसी प्रकार का खतरा नहीं है। प्रभावित क्षेत्र का तकनीकी मूल्यांकन एवं आवश्यक समीक्षा की प्रक्रिया जारी है। यूनिट मैन्युफैक्चरिंग हेड सुनील कुमार गुलाटी ने कहा कि लेनक्सेस में सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल हैं। कंपनी उच्चतम सुरक्षा मानकों के प्रति प्रतिबद्ध है तथा घटना के कारणों की विस्तृत समीक्षा निर्धारित प्रक्रियाओं के अनुसार की जा रही है। कंपनी ने स्थानीय प्रशासन, आपातकालीन सेवाओं, सहयोगी उद्योगों एवं सभी संबंधित एजेंसियों द्वारा प्रदान किए गए सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया है।

### 19 दिन पूर्व गिरी थी लिफ्ट, दो घायल

उद्योग में 18 दिन पहले 30 मई को बूम लिफ्ट पर चढ़कर काम कर रहे श्रमिक ओमकार व भंवरसिंह लिफ्ट टूटने के कारण घायल हो गए थे। इसमें ओमकार की हालत गंभीर होने से इंदौर बांबे अस्पताल में भर्ती किया गया था। हेल्थ एवं सेफ्टी विभाग के हिमान्शु सोलोमन ने जांच के बाद उद्योग के जिम्मेदार अधिकारियों को नोटिस भी दिया है। दुर्घटना में घायल हुए दो श्रमिकों के मामले में जांच के बाद हेल्थ एंड सेफ्टी विभाग द्वारा उद्योग के डायरेक्टर व यूनिट हेड को नोटिस जारी कर सात दिन में जवाब मांगा गया है। जवाब से संतुष्ट नहीं होने पर दोनों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किए जाने की बात कही गई है।औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग ने उद्योग के डायरेक्टर बलराम कौद खोट व यूनिट हेड सुनील गुलाटी को नोटिस जारी कर सात दिन में जवाब मांगा है। जवाब से संतुष्ट नहीं होने पर दोनों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया जाएगा।

### जांच की स्थिति नहीं मिली

आग लगने के घटनाक्रम को लेकर औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग के निरीक्षक हिमांशु सोलोमन का कहना था कि स्थल पर पहुंचा था लेकिन जांच की स्थिति नहीं थी। वहां पूरे स्थान पर पानी फैला हुआ था और पूरी तरह से अंधेरा था। केमिकल रिसाव की स्थिति ऐसे में देख पाना संभव नहीं था। 30 मई को हुए बूम लिफ्टर के मामले में जांच के बाद 10 दिन पहले नोटिस दिया गया है। दो कर्मचारी इसमें घायल हुए थे।

## दरारें झांक रही नए निर्माण से

जिले के एक ओर सोंधवाड के मध्य में बने एक उच्च शिक्षा के केंद्र के नए भवन को लेकर सामने आई तस्वीरें बता रही है कि भवन निर्माण वाले विभाग और उसके जिम्मेदारों ने इस भवन का निर्माण किस स्तर का करवाया है। नए निर्माण से दरारें ऐसे झांक रही है मानों दीमक लकड़ी में लगी हो और बुरादा बाहर निकलकर आ रहा हो या फिर गेंहू में घुन लगा हो और उसने नीचे आटा ही आटा कर दिया हो। करीब 4 करोड़ से निर्मित इस भवन के निर्माण पर प्रारंभिक स्थिति में ही बड़े सवाल कायम हो रहे हैं। जिले के अंतिम छोर की राजस्व तहसील में इस भवन को बनाने के पीछे अच्छे उद्देश्यों को संबंधित विभाग और उसके जिम्मेदारों ने कितनी जिम्मेदारी से अंजाम दिया है ये तो अब प्रश्न वाचक बन गया है लेकिन सामान्य रूप से आमजन के बीच तो नए भवन से झांकती दरारें वो बयां कर रही है जिसे सीधे तौर पर भ्रष्टाचार के रूप में देखा जाता है। भवन बनाने के साथ ही उस तक पहुंचने के मार्ग को लेकर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। पहुंच मार्ग के बगैर वहां शिक्षा लेने जाने वाले कैसे पहुंचेंगे और अगर भवन की चार दिवारी नहीं बनी तो फिर सुरक्षा पर ही प्रश्न खड़ा हो जाएगा। जैसे हमारे यहां छोटे शिक्षालयों में ग्रामीण क्षेत्रों में लोग कब्जे कर जानवर बांध देते हैं वैसे ही क्या गारंटी है कि इस बड़े शिक्षालय को बख्श दिया जाएगा। इस नवनिर्मित बड़े शिक्षालय के प्रवेश मार्ग पर गंदगी और कचरे का अंबार लगा हुआ है। इस मार्ग पर पूरे इस तहसील मुख्यालय का कचरा डंप किया जा रहा है ऐसे में होकर आखिर कैसे विद्यार्थी शिक्षालय में पहुंचेगा और अगर पहुंच गया तो उसकी मानसिकता शिक्षा ग्रहण करने की स्थिति की रहेगी। खुसूर-फुसूर है कि नव निर्मित भवन के निर्माण करने वाले विभाग एवं उसके ठेकेदार ही इस बात को उजागर कर सकते हैं कि आखिर पूर्ण गुणवत्ता के भवन में दरारें कैसे आई। इसके लिए एक आध बार जिम्मेदारों को निर्माण के विभाग एवं उससे जुडे ठेकेदारों के नार्को टेस्ट करवाना चाहिए कि आखिर गुणवत्ता की रिपोर्ट पूर्ण होने पर भी दरारें कैसे आ जाती है। गुणवत्ता के सभी मापदंडों पर काम करने के बाद भी ऐसा कैसे संभव हो पाता है। आश्चर्य जनक तो यह भी है कि भवन निर्माण कर दिया गया लेकिन उस तक पहुंचने के लिए रोड निर्माण के लिए मांग की जा रही है। संबंधित विभाग ने योजना बनाई तो उस समय भवन में पहुंचने के लिए योजना आखिर क्यों शामिल नहीं की यह भी सवाल उच्च तकनीकी शिक्षित अधिकारियों की योग्यता पर प्रश्नचिन्ह खड़ा कर रहा है।




बदमाशों के हौसले बुलंद, पुलिस का जरा भी खौफ नहीं

# क्षीरसागर मैदान की दीवार को फिर तोड़कर बनाया रास्ता

## पहले भी दीवार को तोड़कर इसमें बड़ा छेद कर दिया था लेकिन मरम्मत के बाद वापस तोड़ दी

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

बदमाशों के हौसले इतने बुलंद हो गए हैं कि उन्हें पुलिस का रत्ती भर भी खौफ नहीं बचा है बदमाश किसी भी हरकत को अंजाम देने से नहीं चूक रहे हैं। पिछले दिनों बदमाशों ने क्षीरसागर मैदान और उद्यान के बीच बनी 8 इंच की दीवार को तोड़कर उसमें एक बड़ा छेदकर इसमें आने जाने का रास्ता बना लिया था ताकि जब भी पुलिस क्षीरसागर स्टेडियम में दबीश दे तो वह इस दीवार में किए गए छेद वाले मार्ग से भाग निकले।

जानकारी लगने पर नगर निगम द्वारा दीवार की मरम्मत करवाकर इस छेद को जुड़वाकर बंद कर दिया था और ठीक करवा कर दीवार वापस पहले जैसी स्थिति में बना दी थी लेकिन बदमाशों ने वापस दीवार में छेद कर रास्ता बना लिया है। क्षीरसागर मैदान के समीप ही बने उद्यान में सुबह शाम टहलने के लिए बड़ी संख्या में आसपास के लोग पहुंचते हैं इस कारण सुबह शाम उद्यान में लोगों की चहल-पहल बनी रहती है।



### क्षीरसागर मैदान बना असामाजिक तत्वों को अड्डा

इधर रात होते ही क्षीरसागर मैदान असामाजिक तत्वों को अड्डा बन जाता है। असामाजिक तत्व क्षीरसागर मैदान में पहुंचकर किसी भी हरकत को अंजाम देने से नहीं चूकते हैं और मैदान में बैठकर शराबखोरी सहित अन्य गतिविधियां करते रहते हैं ऐसे में जब भी पुलिस क्षीरसागर मैदान में दबीश देती है तो बदमाश इस दीवार में किए गए छेद वाले रास्ते से निकलकर फरार हो जाते हैं। इसके साथ ही दीवार को तोड़कर जो रास्ता बनाया गया है, उसका उपयोग मैदान में खेलने वाले लोग भी करते हैं। हालांकि दीवार तोड़कर किस मकसद से यह रास्ता बनाया गया यह भी जांच का विषय है लेकिन आसपास के कुछ लोगों का कहना है कि क्षीरसागर मैदान की दीवार में छेद कर उद्यान तरफ निकलने का रास्ता इसलिए बनाया गया है ताकि बदमाश पुलिस आने पर आसानी से यहां से भाग निकले। जबकि नगर निगम द्वारा मरम्मत कर ईंट व सीमेंट से प्लास्टर कर दीवार में किए गए छेद को वापस जुड़वा दिया था और निर्माण कर ऑयल पेंट करवा कर वापस दीवार को पहले जैसी बना दी थी। लेकिन बदमाशों ने फिर इस दीवार को तोड़कर इसमें बड़ा छेद कर दिया। यह छेद इतना बड़ा है कि छेद के अंदर से एक व्यक्ति आराम से निकल सकता है।

## जनकल्याण शिविर में जिम्मेदार गायब

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

नगर निगम के तीन दिवसीय जनकल्याण शिविर के दूसरे दिन की व्यवस्था तय नियमों पर खरी नहीं उतरी। नगर निगम और जोन कार्यालयों में सुबह 10 से शाम 6 बजे तक चलने वाले इस शिविर में कुल 24 विभागों की उपस्थिति होना थी, लेकिन दोपहर करीब 12 बजे पहुंचे कई महत्वपूर्ण विभागों की कुर्सियां खाली रही।

शिविर में राजस्व, पशुपालन, कृषि और ऊर्जा विभाग जैसे महत्वपूर्ण विभागों के प्रतिनिधि मौके पर मौजूद नहीं थे। कई कुर्सियां लंबे समय तक खाली रही, जिससे आमजन को संबंधित सेवाओं के लिए भटकना पड़ा। दूसरी ओर कुछ विभागों ने महाराणा प्रताप जयंती के अवकाश के बावजूद अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए काम जारी रखा। इनमें नगर निगम का शिल्पज्ञ विभाग, पीएचई विभाग, कन्या विवाह योजना, जन्म-मृत्यु पंजीयन शाखा, प्रधानमंत्री आवास योजना और स्वास्थ्य विभाग आदि के प्रतिनिधि शामिल रहे।

## चार दिवसीय अनुभवात्मक अधिगम कार्यक्रम संपन्न

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

भारत सरकार के युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय के अंतर्गत मेरा युवा भारत (माय भारत) केंद्र उज्जैन की जिला युवा अधिकारी नीतू मीना के मार्गदर्शन में 15 से 18 जून 2026 तक चार दिवसीय अनुभवात्मक अधिगम कार्यक्रम (एक्सपीरियंशियल लर्निंग प्रोग्राम - ईएलपी) का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के प्रभारी डॉ. प्रदीप लाखरे के सहयोग से एनएसएस स्वयंसेवकों ने माय भारत के स्वयंसेवकों के साथ मिलकर सक्रिय भागीदारी निभाई। मुख्य रूप से शासकीय माधव विज्ञान महाविद्यालय और निर्मला कॉलेज के विद्यार्थियों ने आश्रम पहुंचकर वृद्धजनों एवं दिव्यांगजनों के साथ समय बिताया और उनके जीवन की चुनौतियों को करीब से समझा। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं में सेवा, संवेदनशीलता और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना था।

## अब कृषि उपज पर 1.70 फीसद मंडी शुल्क लगेगा

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

मध्य प्रदेश सरकार ने बीते सप्ताह कृषि उपज पर 0.50 फीसद मंडी शुल्क बढ़ाने का फैसला ले लिया है। प्रदेश की कृषि उपज मंडियों में मंगलवार से मंडी शुल्क 1.50 फीसद लागू हो गया है। अब 0.20 फीसद निराश्रित शुल्क के साथ व्यापारियों को कृषि उपज खरीदी पर 1.70 फीसद मंडी शुल्क देना होगा।

बता दें अब तक 1.20 फीसद शुल्क लगता था। सरकार के इस फैसले से प्रदेश के व्यापारियों में नाराजगी है। उनका कहना है कि देश के अन्य कृषि उपज उत्पादक प्रदेशों में मंडी शुल्क काफी कम है। ऐसे में प्रदेश के व्यापारियों को प्रतिस्पर्धा में व्यापार करने में तकलीफ पड़ेगी। व्यापार चौपट हो जाएगा। अफसरशाही तथा बेनामी व्यापार को बढ़ावा मिलेगा।

मध्य प्रदेश अनाज दलहन तिलहन व्यापारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष गोपालदास अग्रवाल ने बताया कि मंडी शुल्क में बढ़ोतरी व्यापारियों के साथ ही किसानों के लिए नुकसानदायक साबित होगी। विभिन्न किस्म की उपज के भाव के आधार पर 50 रुपये क्विंटल से लेकर 200 रुपये क्विंटल तक मंडी शुल्क देना पड़ेगा। इसका असर किसानों की उपज के भाव पर पड़ेगा तथा बेनामी व्यापार की आशंका होगी। मंडी समितियों में कृषि उपज पर मंडी शुल्क लेने का मतलब उस शुल्क से किसानों तथा व्यापारियों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना होता है, लेकिन सरकार शुल्क तो बढ़ा रही है सुविधाएं कम कर रही है। उज्जैन मंडी व्यापारी संघ के अध्यक्ष जितेंद्र अग्रवाल ने मंडी शुल्क बढ़ोतरी को गलत बताया है। उन्होंने कहा कि उज्जैन सहित प्रदेश की मंडियों में शुल्क बढ़ोतरी के बाद मल्टीनेशनल कंपनियों की कृषि उपज खरीदी कम हो जाएगी। देश की अन्य प्रदेश की मंडियों में खरीदी करने लगेंगे।

## न्यूज कॉलम

### श्रावण महोत्सव 2026 के लिए प्राप्त आवेदनों का चयन समिति द्वारा परीक्षण

**उज्जैन।** श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति द्वारा श्रावण भादौ मास में आयोजित होने वाले 21 वे श्रावण महोत्सव-2026 के अंतर्गत गायन वादन एवं नृत्य हेतु सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सहभागिता हेतु कलाकारों से ऑनलाइन आवेदन 27 मई 2026 से 10 जून 2026 तक गूगल फॉर्म के माध्यम से ऑनलाइन आमंत्रित किए गए थे। महोत्सव हेतु कुल 317 ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हुए हैं। इन आवेदनों पर विचार एवं परीक्षण के लिए गठित चयन समिति द्वारा आज श्री महाकाल महालोक त्रिनेत्र कंट्रोल रूम स्थित मीटिंग हॉल में प्राप्त आवेदनों का विस्तृत परीक्षण किया गया। चयन समिति द्वारा गायन, वादन एवं नृत्य की प्रस्तुतियां देने के इच्छुक कलाकारों के आवेदनों का मूल्यांकन किया गया। समिति द्वारा सभी आवेदनों की समीक्षा की प्रक्रिया पूर्ण किए जाने के उपरांत श्रावण महोत्सव-2026 में प्रस्तुति हेतु चयनित कलाकारों एवं संस्थाओं की सूची का प्रकाशन किया जाएगा। श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति द्वारा आयोजित श्रावण महोत्सव में देशभर के कलाकारों को अपनी कला एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से भगवान श्री महाकालेश्वर के श्रीचरणों में श्रद्धा अर्पित करने का अवसर प्राप्त होगा।

### उज्जैन में लॉन्च हुआ स्पिंज का नया 10 रु. डी-टैन फेस पैक

**उज्जैन।** केविनकेयर के लोकप्रिय स्किनकेयर ब्रांड स्पिंज ने मध्य प्रदेश में अपना नया डी-टैन फेस पैक लॉन्च किया है, जो मात्र 15 मिनट में त्वचा से टैन हटाकर सैलून जैसा निखार देने का दावा करता है। 10 रूपए की किफायती कीमत वाला यह फेस पैक बेसन, शहद और कोजिक जैसे तत्वों से समृद्ध है, जो त्वचा की गहराई से सफाई, नमी और रंगत सुधारने में मदद करते हैं। नो-ब्लीच फॉर्मूला और डर्मटोलॉजिकली टेस्टेड होने के कारण यह नियमित उपयोग के लिए उपयुक्त है। यह उत्पाद अब उज्जैन सहित प्रदेशभर के किराना स्टोर्स, सुपरमार्केट्स, मॉडर्न रिटेल आउटलेट्स और ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स पर उपलब्ध है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नागदा में श्रीराम दरबार प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव को संबोधित कर कहा

# इंदौर-उज्जैन मेट्रोपोलिटन शामिल हैं नागदा, धार और रतलाम

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अयोध्या में भगवान श्रीराम का भव्य और दिव्य मंदिर बना है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर सरयू के किनारे भव्य मंदिर निर्माण हुआ और हमारा 500 वर्ष का लंबा संघर्ष पूर्ण हुआ। भगवान श्रीराम ने अपने जीवन के महत्वपूर्ण 12 वर्ष चित्रकूट में बिताए थे। राज्य सरकार दो हजार करोड़ रूपए की लागत से भव्य चित्रकूट धाम का निर्माण कर रही है। प्रदेश में जहां-जहां प्रभु श्रीराम के चरण पड़े, हमारी सरकार उन्हें श्रीराम वन गमन पथ में शामिल कर विकसित कर रही है। भगवान श्री गोपाल कृष्ण से संबंधित धर्म स्थलों को भी श्रीकृष्ण पाथेय के रूप में विकसित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सिंहस्थ 2028 के भव्य और दिव्य आयोजन के लिए हजारों करोड़ के विकास कार्य तेजी से पूर्ण किए जा रहे हैं।

- **श्रीराम वन गमन पथ और श्रीकृष्ण पाथेय को विकसित किया जा रहा है**
- **गोपाल कृष्ण को आदर्श मानते हुए घर-घर गाय और दूध उत्पादन बढ़ाने के लिए संकल्पित है राज्य सरकार**
- **नागदा के श्री बालाजी धाम में सभी बुनियादी व्यवस्थाएं सुविधाएं होंगी**



उज्जैन, इंदौर और आसपास के सभी जिलों में विकास को गति मिल रही है। इंदौर-उज्जैन मेट्रोपोलिटन में धार, नागदा और रतलाम को भी शामिल किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बालाजी धाम में फर्श, बाउंड्री बाल और पेयजल जैसी सभी बुनियादी व्यवस्थाएं करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव उज्जैन जिले के नागदा में बालाजी धाम में श्रीराम दरबार प्राण प्रतिष्ठा व ध्वज पूजा कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का श्री बालाजी धाम में भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम में कर्नाटक के राज्यपाल श्री थावरचंद गेहलोत विशेष रूप से उपस्थित थे।

### प्रदेश में दूध उत्पादन को 20 प्रतिशत करने का लक्ष्य

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भगवान श्रीराम के विराट व्यक्तित्व से हमें मानवीय मूल्यों के साथ जीवन जीने की सीख मिलती है। प्रभु श्रीराम त्याग की प्रतिमूर्ति थे, वे एक आदर्श पुत्र, आदर्श पिता, आदर्श भाई थे। रामराज्य में नागरिकों को किसी चीज की कोई कमी नहीं थी। इसी भावना के साथ हमारी सरकार गरीब, किसान और नारी शक्ति के सशक्तिकरण द्वारा अंत्योदय के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। भगवान हनुमान के जीवन का प्रत्येक क्षण प्रभु श्रीराम के लिए समर्पित था। हमें हनुमान जी के जीवन की अच्छाईयों को धारण करना चाहिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने गोपाल कृष्ण को आदर्श मानते हुए घर-घर गाय और दूध उत्पादन बढ़ाने का संकल्प लिया है। इसके लिए डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना की शुरूआत की है। योजना अंतर्गत 10 लाख रुपए अनुदान का प्रावधान किया है। प्रदेश में दूध उत्पादन को 12 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत करने का लक्ष्य रखा है। राज्य में प्राकृतिक खेती और गौ-पालन को प्रोत्साहित करने के लिए प्रति गाय 1100 रुपए महीना सहायता दी जाएगी।

**शांति के लिए विश्व सनातन धर्म की ओर आशा भरी निगाहों से देख रहा है-** कर्नाटक के राज्यपाल गहलोत ने कहा कि डेलनपुर में भव्य मंदिर बनकर तैयार हुआ है। विश्व कल्याण और शांति के लिए दुनिया आज सनातन धर्म की ओर आशा भरी निगाहों से देख रही है। स्थानीय सांसद अनिल फिरोजिया ने श्री बालाजी धाम के निर्माण और मंदिर की विस्तार योजना पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में परमपूज्य 1008 श्री नारायण त्यागी महाराज, पूज्य श्री मधुसूदन त्यागी महाराज, विधायक डॉ. तेजबहादुर, विधायक सतीश मालवीय, विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, विधायक दिनेश जैन, जिलाध्यक्ष राजेश धाकड़, उज्जैन के महापौर मुकेश टटवाल, पूर्व विधायक लालसिंह राणावत, पूर्व विधायक जितेंद्र गहलोत, राकेश यादव सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

नं.1 क्षेत्रीय अख़बार

# दैनिक अवन्तिका

उज्जैन | शुक्रवार 19 जून, 2026 | www.awantika.com






## न्यूज ब्रीफ

### आधुनिक खगोलीय प्रयोगशाला का किया निरीक्षण

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज अपने इंदौर प्रवास के दौरान स्कूल चले हम अभियान के तहत बड़ा गणपति स्थित 'शासकीय शारदा कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय' पहुंचे । यहां उन्होंने विद्यालय में स्थापित अत्याधुनिक व आकर्षक खगोलीय प्रयोगशाला का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने छात्राओं से चर्चा कर खगोलीय उपकरणों, वेधशाला और मॉडल्स की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने आकर्षक स्पेस-थीम, रॉकेट मॉडल्स और 'स्पार्क एस्ट्रोनॉमी' लैब देखकर प्रसन्नता जाहिर की। उन्होंने छात्राओं के वैज्ञानिक कौशल की सराहना भी की। साथ ही उन्होंने स्मार्ट कक्षाओं में जाकर बच्चों से आत्मीय संवाद किया और भविष्य के लक्ष्य को जाना।निरीक्षण के दौरान विद्यालय की छात्राओं ने अत्यंत आत्मविश्वास के साथ मुख्यमंत्री डॉ. यादव को प्रयोगशाला में उपलब्ध विभिन्न खगोलीय उपकरणों, दूरबीन और नक्षत्रों व ग्रहों की ट्रैकिंग प्रणाली के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस 'स्पार्क एस्ट्रोनॉमी' लैब को ब्रह्मांड की थीम पर बेहद आकर्षक रूप से तैयार किया गया है।

### श्री वीरगढ़ी हनुमान मंदिर परिसर की बावड़ी का किया निरीक्षण

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज प्राचीन श्री वीरगढ़ी हनुमान मंदिर परिसर का दौरा कर वहां स्थित ऐतिहासिक एवं प्राचीन बावड़ी का बारीकी से निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर प्रदेश की जनता की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि हमारी प्राचीन बावड़ियाँ और जल संरचनाएँ हमारी समृद्ध वास्तुकला और जल प्रबंधन की दूरदर्शिता का प्रतीक हैं। इन ऐतिहासिक धरोहरों को संजोना सरकार की मुख्य प्राथमिकताओं में शामिल है। मुख्यमंत्री ने मौके पर दिशा निर्देश दिए कि वैज्ञानिक पद्धति से जीर्णोद्धार की बात कही। बावड़ी के मूल ऐतिहासिक स्वरूप को बिना नुकसान पहुँचाए, वैज्ञानिक पद्धति से इसकी सफाई और जीर्णोद्धार कार्य तत्काल प्रारंभ किया जाए। उन्होंने कहा कि मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं और आम जन की सुरक्षा के लिए बावड़ी के चारों ओर मजबूत सुरक्षा जाली अथवा रैलिंग अनिवार्य रूप से लगाई जाए। बावड़ी के प्राकृतिक जल स्रोतों को पुनर्जीवित करने के लिए तकनीकी उपाय किए जाएं ताकि पारंपरिक जल संरक्षण को बढ़ावा मिल सके। मंदिर और बावड़ी के आस-पास के क्षेत्र का व्यवस्थित सौंदर्यीकरण किया जाए, जिससे यहाँ धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिल सके। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्पष्ट किया कि समस्त विकास एवं जीर्णोद्धार कार्य एक निश्चित समय-सीमा तय कर उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएं।

### वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज अपने इंदौर प्रवास के दौरान ऐतिहासिक किला मैदान स्थित शौर्य की प्रतिमूर्ति वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा स्थल पहुंचकर उनके चित्र तथा प्रतिमा पर भावपूर्ण माल्यार्पण किया। मुख्यमंत्री ने स्वाधीनता संग्राम की अमर महानायिका को कृतज्ञ राष्ट्र की ओर से सादर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस गरिमामयी अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई का अद्वितीय साहस, अमर शौर्य और अदम्य राष्ट्रप्रेम संपूर्ण देश के लिए सदैव प्रेरणापुंज बना रहेगा। उन्होंने अल्पायु में मातृभूमि की रक्षा और स्वाभिमान के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। उनका यह सर्वोच्च बलिदान हर पीढ़ी को देश सेवा और स्वाभिमान के पथ पर आगे बढ़ने की निरंतर प्रेरणा देता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार महापुरुषों और स्वतंत्रता संग्राम के सेनानियों के गौरवशाली इतिहास को सहेजने तथा उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुँचाने के लिए पूरी तरह संकल्पित है।

### मानसून पूर्व तैयारियों को लेकर बस ऑपरेटरों की बैठक सम्पन्न

**इंदौर।** आगामी मानसून एवं संभावित अतिवर्षा तथा बाढ़ की परिस्थितियों से निपटने के लिए क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय में क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी प्रदीप कुमार शर्मा द्वारा इन्दौर संभाग में संचालित बस ऑपरेटरों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में वर्षाकाल के दौरान यात्री सुरक्षा एवं सुगम परिवहन संचालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बस ऑपरेटरों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्री शर्मा ने निर्देशित किया है कि पुल-पुलियों पर पानी का बहाव होने की स्थिति में किसी भी परिस्थिति में वाहन को पार न कराया जाए। जिला प्रशासन एवं पुलिस द्वारा जारी चेतावनियों का पूर्णतः पालन किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी बसों में ब्रेक, स्टेयरिंग, वाइपर, ब्रेक लाइट, फॉग लैंप, इंडिकेटर, हेडलाइट एवं अन्य तकनीकी उपकरणों की जांच कर उन्हें सुचारू स्थिति में रखा जाए।

---


एलिवेटेड कॉरिडोर: निर्माण के नाम पर पतरे लगाकर ढाई महीने से जगह रोकी

# सिर्फ पिलर के गड्ढे खुदे, हर दिन हो रहें हजारों लोग परेशान

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

एबी रोड पर एलिवेटेड कॉरिडोर निर्माण की शुरूआत हो चुकी है, लेकिन इसकी धीमी रफ्तार के कारण हजारों वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

निर्माण के नाम पर बीच सड़क पर पतरे लगाकर ढाई महीने से जगह रोक रखी है, लेकिन अब तक सिर्फ पिलर के गड्ढे ही खुद सके हैं। पतरे लगने से रोड संकरी हो गई है, पीक ऑवर्स में जाम लगने से गुजरने वालों को परेशानी उठाना पड़ रही है। दरअसल, एलआईजी से नौलखा तक बनने वाले 7.40 किमी लंबे एलिवेटेड कॉरिडोर (मुख्य कॉरिडोर 6.60 किमी) के पहले चरण के लिए अप्रैल में बैरिकेडिंग शुरू की गई थी। इसके बाद प्रेस कॉम्प्लेक्स से एलआईजी और एलआईजी से इंडस्ट्री हाउस तक सड़क के बड़े हिस्से को निर्माण क्षेत्र घोषित कर दिया गया, लेकिन अब भी मौके पर निर्माण गतिविधियां सीमित दिखाई दे रही हैं।



### जुलाई तक इंडस्ट्री हाउस का काम पूरा कर लेंगे

पीडब्ल्यूडी ब्रिज सेल के अधिकारियों का कहना है कि एलिवेटेड कॉरिडोर प्रोजेक्ट के तहत पार्शियल डिजाइन ड्राइंग्स को अप्रूवल मिल चुका है। अप्रूव्ड ड्राइंग्स के आधार पर फाउंडेशन काम चल रहा है। वर्तमान लक्ष्य के अनुसार एलआईजी से इंडस्ट्री हाउस तक का काम जुलाई माह तक पियर शाफ्ट लेवल तक पूरा करने की योजना है। इसके आगे के हिस्से का काम अगस्त से शुरू किया जाएगा।

### बनने के बाद 60% ट्रैफिक दबाव कम होने का दावा

ट्रैफिक स्टडी के मुताबिक इस कॉरिडोर के शुरू होने के बाद करीब 60 प्रतिशत ट्रैफिक एलिवेटेड रोड पर शिफ्ट हो जाएगा। एलआईजी, पलासिया, गीता भवन, शिवाजी वाटिका, जीपीओ जैसे प्रमुख चौराहों पर जाम की स्थिति में कमी आएगी। कॉरिडोर के नौ प्रमुख इंटर सेक्शन पर रेड सिग्नल का समय 150 सेकंड तक पहुंच चुका है, पीक ऑवर्स में ट्रैफिक दबाव 6,500 पीसीयू प्रति घंटे तक दर्ज होता है।

### ट्रैफिक लोड कम करने में अहम साबित होगा कॉरिडोर, बनने से नुकसान नहीं

एबी रोड पर बन रहे एलिवेटेड कॉरिडोर को लेकर दायर याचिका पर बुधवार को सुनवाई हुई। शासन के अनुसार एबी रोड पर ट्रैफिक का लोड कम करने के लिए यह कॉरिडोर बहुत जरूरी है। वहीं इंदौर उत्थान समिति भी इस याचिका में इंटरविनर बन गई है। समिति की ओर से कहा गया कि इस कॉरिडोर के बनने से किसी तरह का नुकसान नहीं है। इसका काम जारी रखा जाना चाहिए। हाई कोर्ट ने मौखिक रूप से कहा- याचिकाकर्ता चाहें तो इस इंटरविन एप्लीकेशन पर प्रति उत्तर पेश कर सकते हैं जस्टिस सुबोध अभ्यंकर, जस्टिस आलोक अवस्थी की डिविजन बेंच के समक्ष मामले की सुनवाई हुई। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता अभिनव धनोतकर पैरवी कर रहे हैं। याचिका में कहा कि छह किमी का कॉरिडोर बिना जीएडी के ही बनाया जा रहा है। किन-किन चौराहों पर कट दिए जाएंगे, किसी को पता नहीं। हाई कोर्ट अब 27 जून को सुनवाई करेगी।प्रोजेक्ट पर 300 करोड़ रुपये से अधिक की राशि खर्च होगी। कॉरिडोर एलआईजी चौराहे से नवलखा चौराहे तक छह किलोमीटर लंबाई में बनेगा। पिछले दिनों इस प्रोजेक्ट को लेकर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने जनप्रतिनिधियों की बैठक ली थी। तब यह फैसला लिया गया था कि एलिवेटेड कॉरिडोर के तीन चौराहों पर भुजाएं उतारे जाने के अलावा रोटरी भी बनाई जाएगी। कलेक्टर शिवम वर्मा ने कहा है कि पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों से पूरा प्लान मांगा है। जो डेडलाइन जिस हिस्से की तय की गई है, उसमें काम हो, यह सुनिश्चित करेंगे। इसे टीएल बैठक में भी जोड़ा जाएगा, ताकि शहर के बीच का यह अहम प्रोजेक्ट समय पर पूरा हो।

---

नीट 2026 : इंदौर में तैयारियां अंतिम दौर में, वरिष्ठ अधिकारियों ने लिया जायजा

# 57 केंद्रों पर देंगे 23 हजार से ज्यादा परीक्षार्थी परीक्षा

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

शहर में रविवार 21 जून को आयोजित होने वाली नीट (यूजी) 2026 की पुनः परीक्षा को लेकर प्रशासन और पुलिस ने अपनी तैयारियां अंतिम चरण में पहुंचा दी हैं। परीक्षा के शांतिपूर्ण, सुरक्षित और व्यवस्थित आयोजन को सुनिश्चित करने के लिए शनिवार को पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह और कलेक्टर शिवम वर्मा ने केंद्रीय विद्यालय स्थित परीक्षा केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कहा कि परीक्षा के दौरान सभी केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा। संवेदनशील बिंदुओं पर विशेष निगरानी रखी जाएगी ताकि परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और परीक्षा पूरी तरह निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो सके। जानकारी के अनुसार इंदौर जिले में नीट (यूजी) 2026 के लिए कुल 57 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां 23 हजार 89 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे।




### परीक्षा केंद्रों पर विद्यार्थियों की सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता

परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 5:15 बजे तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा केंद्रों पर प्रवेश से लेकर सुरक्षा जांच और बैठने की व्यवस्था तक सभी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा चुका है। कलेक्टर शिवम वर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि परीक्षा केंद्रों पर विद्यार्थियों की सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता रहे। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी को देखते हुए सभी केंद्रों पर शीतल पेयजल, छाया तथा बिजली की वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि परीक्षार्थियों और उनके अभिभावकों को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर रोशन राय सहित शिक्षा विभाग और प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। प्रशासन का कहना है कि परीक्षा के सफल संचालन के लिए सभी विभागों के बीच समन्वय स्थापित किया गया है और हर स्तर पर सतर्कता बरती जा रही है।

---

ट्रीटमेंट प्लांट की क्षमता बढ़ेगी

# यशवंत सागर से अब टंकियां भरने के लिए मिलेगा पानी

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

इंदौर के बड़े हिस्से की प्यास बुझाने वाले यशवंत सागर की जल-संग्रहण क्षमता नगर निगम बढ़ाने जा रहा है। देवधरम फिल्टर स्टेशन पर ट्रीटमेंट प्लांट की क्षमता भी बढ़ाई जाएगी। इसके लिए जल्द ही काम शुरू होने वाला है। इसके बाद हर दिन यशवंत सागर से अधिक पानी लिया जा सकेगा और दस टंकियां भरी जा सकेंगी। अभी छह टंकियों से पानी की सप्लाई होती है। इस साल शहर में जलसंकट ने शहरवासियों को परेशान किया और निगम अफसरों को भी चिंता में डाल दिया। अगले साल फिर जलसंकट न हो, इसके लिए यशवंत सागर से अधिक पानी लेने की योजना बनाई गई है। पंद्रह साल पहले नगर निगम ने यशवंत सागर तालाब/बांध की ऊंचाई बढ़ाई थी। उसके बाद से तालाब में जून तक पानी रहता है। फिलहाल तालाब से 54 एमएलडी (मिलियन लीटर प्रतिदिन) पानी लेकर छह टंकियां भरी जाती हैं और सुपर कॉरिडोर क्षेत्र के कुछ संस्थानों को भी पानी दिया जाता है।

---

महाराणा प्रताप जयंती पर खुला रहा स्कूल

# जिला शिक्षा अधिकारी की चेतावनी के बाद स्कूल प्रबंधन ने घोषित की छुट्टी

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

वीरता, त्याग और स्वाभिमान के प्रतीक वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती बुधवार को पूरे देश में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। मध्य प्रदेश सरकार द्वारा इस अवसर पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया था। इसके चलते शासकीय कार्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों में अवकाश रहा, लेकिन उज्जैन के मक्सी रोड स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) में सामान्य दिनों की तरह कक्षाएं संचालित की गईं।

स्कूल के खुलने की जानकारी मिलने पर कुछ सामाजिक संगठनों और राजपूत समाज के प्रतिनिधियों ने आपत्ति जताई। उनका आरोप था कि सार्वजनिक अवकाश के बावजूद स्कूल संचालित कर शासन के निर्देशों का उल्लंघन किया गया है। मामले की शिकायत जिला प्रशासन और जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) महेंद्र खत्री से भी की गई।

---

# प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के गृह जिले में नहीं हुआ विरोध प्रदर्शन

## 22 जिलाध्यक्षों को थमाया नोटिस

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

कांग्रेस के छात्र संगठन एनएसयूआई में अनुशासन और सक्रियता को लेकर बड़ा विवाद सामने आया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त होने के विरोध में 16 जून को प्रदेशभर में पुतला दहन कार्यक्रम आयोजित किया जाना था, लेकिन कई जिलों में यह कार्यक्रम नहीं हो सका। इसके बाद एनएसयूआई प्रदेश कार्यालय ने 22 जिलाध्यक्षों को कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिन में जवाब मांगा है। सबसे ज्यादा चर्चा इस बात की हो रही है कि जिन जिलों में कार्यक्रम नहीं हुआ, उनमें प्रदेश कांग्रेस



अध्यक्ष जीतू पटवारी का गृह जिला इंदौर भी शामिल है। इंदौर एनएसयूआई जिलाध्यक्ष रजत पटेल को भी नोटिस जारी किया गया है। राजनीतिक गलियारों में इसे लेकर तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। जारी नोटिस में कहा गया है कि प्रदेश कार्यालय द्वारा व्हाट्सएप, सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से कार्यक्रम की पूरी जानकारी देने के बावजूद संबंधित जिलाध्यक्षों ने कार्यक्रम आयोजित नहीं किया। इसे संगठन के प्रति लापरवाही और उदासीनता माना गया है। इसी आधार पर तीन दिन के भीतर लिखित स्पष्टीकरण मांगा गया है।

### कुल 22 जिलों के जिलाध्यक्षों के नाम शामिल

एनएसयूआई प्रदेश कार्यालय सचिव घनश्याम हारोडे के हस्ताक्षर से जारी नोटिस में मुरैना, दतिया, सागर, टीकमगढ़, निवाड़ी, दमोह, सीधी, कटनी, नरसिंहपुर, डिंडौरी, मंडला, सिवनी, बैतूल, देवास, उज्जैन, शाजापुर, नीमच, इंदौर, खरगोन, बड़वानी और अलीराजपुर सहित कुल 22 जिलों के जिलाध्यक्षों के नाम शामिल हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि कांग्रेस संगठन आगामी चुनावी तैयारियों के बीच जमीनी सक्रियता को लेकर सख्त संदेश देना चाहता है। वहीं विपक्षी दल भी अब इस मुद्दे को कांग्रेस के अंदरूनी समन्वय और संगठनात्मक कमजोरी से जोड़कर देख सकते हैं।

---

आंकड़ों के शोध से जानकारी मिली, सबसे बड़ा खतरा बने परिचित और सोशल मीडिया

# बेटियों पर बढ़ते अपराध :रोज लापता हो रहीं 2 नाबालिग बेटियां

## 3 साल में 1900 से ज्यादा नाबालिग लड़कियां हुई लापता ऑनलाइन फ्रेंडशिप बन रही बड़ी वजह

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

राजधानी भोपाल में मासूम और नाबालिग बच्चियों की सुरक्षा को लेकर एक बेहद डरावनी और चिंताजनक तस्वीर सामने आई है। पुलिस के आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, भोपाल में हर दिन औसतन दो नाबालिग बेटियां लापता हो रही हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि इन बच्चियों के गायब होने या अपहरण के पीछे किसी अजनबी गिरोह से ज्यादा उनके अपने 'जान-पहचान वाले' और 'सोशल मीडिया' के जरिए संपर्क में आए लोग सबसे बड़ा खतरा बनकर उभरे हैं। पिछले तीन वर्षों में ही भोपाल के अलग-अलग थानों में ऐसे 1,900 से अधिक मामले दर्ज किए जा चुके हैं।





### बेहतर जिंदगी' का झांसा और सोशल मीडिया का मायाजाल

पुलिस की शुरूआती जांच और काउंसलिंग में यह बात सामने आई है कि बच्चियां किसी न किसी बहकावे में आकर कदम उठा रही हैं।। उम्र का दायरा: लापता होने वाली बच्चियों की उम्र 6 से 17 वर्ष के बीच है। इनमें सबसे बड़ा हिस्सा 12 से 17 साल की किशोरियों का है, लेकिन 6 से 10 साल की मासूम बच्चियों के गायब होने के मामले भी लगातार सामने आ रहे हैं।

**मुख्य कारण:** अधिकांश मामलों में ऑनलाइन फ्रेंडशिप, प्रेम प्रसंग, नौकरी या चकाचौंध भरी जिंदगी के झांसे जैसी वजहें सामने आई हैं।

**गंभीर आशंकाएं:** पुलिस और समाजशास्त्रियों को अंदेशा है कि कई मामलों के पीछे मानव तस्करी , जबरन श्रम और गंभीर शोषण जैसे काले रैकेट भी सक्रिय हो सकते हैं।

### तलाश के लिए विशेष टीमें; लेकिन शुरूआती जांच में मुश्किलें

पुलिस प्रशासन का कहना है कि बच्चियों की तलाश के लिए साइबर सेल, सीसीटीवी फुटेज और मोबाइल ट्रैकिंग की मदद से विशेष टीमें बनाई जाती हैं और ज्यादातर बच्चियों को सुरक्षित बरामद भी कर लिया जाता है। हालांकि, पुलिस ने यह भी स्वीकार किया कि कई बार बच्चियां खुद ही घर छोड़कर चली जाती हैं, जिससे उनके बारे में सटीक जानकारी जुटाने और शुरूआती जांच को आगे बढ़ाने में पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ती है।

---

### उपनगरीय खंड पर 21 को जम्बो ब्लॉक नहीं

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

पश्चिम रेलवे द्वारा रविवार, 21 जून 2026 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा के मद्देनजर परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों की सुगम यात्रा सुनिश्चित करने हेतु अपने उपनगरीय खंड पर जम्बो ब्लॉक नहीं लेने का निर्णय लिया गया है। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, रविवार, 21 जून 2026 को पश्चिम रेलवे की सभी उपनगरीय ट्रेन सेवाएँ कार्यदिवस समय सारणी के अनुसार परिचालित की जाएँगी। वातानुकूलित उपनगरीय सेवाएँ रविवार की निर्धारित समय सारणी के अनुसार ही चलेंगी।

न्यूज कालम



## चितावद में 37.50 लाख की लागत से नवनिर्मित पंचायत भवन का लोकार्पण

**बेड़िया।** समीपस्थ ग्राम चितावद में 37.50 लाख रु की लागत से नवनिर्मित अटल ग्राम सुशासन भवन (पंचायत भवन) का लोकार्पण सांसद ज्ञानेश्वर पाटील एवं विधायक सचिन बिरला ने किया।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा,सुशासन और विकास के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विशेष जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत सांसद और विधायक ने ग्रामवासियों ने ग्राम विकास तथा समस्याओं के समाधान पर विस्तारपूर्वक चर्चा की।सांसद ने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश सर्वांगीण विकास के पथ पर अग्रसर है। विधायक ने कहा कि नवीन पंचायत भवन ग्राम के विकास और सुशासन को नई दिशा प्रदान करेगा।इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों ने पर्यावरण संरक्षण एवं प्रकृति संवर्धन के संकल्प के साथ एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण भी किया। इस दौरान भाजपा नेता दिलीप पटेल,दिनेश साद, पंकज बिरला,नरेंद्रसिंह पंवार,सरपंच जगदीश मुछाला, बाबूलाल चौधरी,शिव अंजनिया,जय करोड़ा,गणेश दोगायां, चंद्रपालसिंह सोहनेर,कड़वाजी अहिरवार,गनाजी गुलिया, गजानंद बिरला,घनश्याम पाटील,गुलाबचंद मुछाला, श्याम मुछाला,आनंदराम मुछाला,राधेश्याम चौधरी,जगदीश नांदिया, भाईराम बोबड़िया,भैयालाल बोबड़िया,भंवरलाल बोबड़िया, यशवंत लाला,महेश वाशिंदे सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

## वीर शिरोमणि श्री महाराणा प्रताप की जयंती श्रद्धा एवं गौरव के साथ मनाई



**मंडलेश्वर।** क्षत्रिय राजपूत समाज मंडलेश्वर द्वारा नगर स्थित क्षत्रिय राजपूत समाज वीधर्मशाला में हिंदू हृदय सम्राट, वीर शिरोमणि, मेवाड़ मुकुट मणि श्री महाराणा प्रताप जी की जयंती बड़े ही श्रद्धा, उत्साह और गौरवपूर्ण वातावरण में मनाई गई। कार्यक्रम में समाजजनों ने श्री महाराणा प्रताप के अदम्य साहस, स्वाभिमान, राष्ट्रनिष्ठा और त्यागमयी जीवन से प्रेरणा लेने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ समाज के संरक्षक डॉ. त्रिभुवन सिंह तंवर एवं सुरेश सिंह मंडलोई के सान्निध्य में महाराणा प्रताप जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इसके पश्चात भगवा ध्वज पूजन एवं शस्त्र पूजन संपन्न हुआ। उपस्थित समाजबंधुओं ने "वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप अमर रहें" और "जय एकलिंगनाथ" के जयघोष से पूरे वातावरण को राष्ट्रभक्ति एवं क्षत्रिय गौरव की भावना से ओत-प्रोत कर दिया।कार्यक्रम का संचालन शिक्षक अजीत सिंह चौहान ने प्रभावी एवं ओजस्वी शैली में किया। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ एवं युवा राजपूत सरदारों द्वारा महाराणा प्रताप के शौर्य, पराक्रम और राष्ट्र समर्पण पर आधारित कविताओं का पाठ किया गया तथा उनके जीवन की प्रेरणादायी गाथाओं का भावपूर्ण वर्णन किया गया।

## 19 जून को बंद रहेगी बड़वानी शहर में विद्युत सप्लाय

**बड़वानी ।** मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कनिष्ठ यंत्री से प्राप्त जानकारी अनुसार 19 जून को 11 केवी डीआरपी फीडर पर मेंटेनेंस का कार्य किया जायेगा। जिसके कारण प्रातः 7 बजे से 11 बजे तक पाला बाजार, चंचल चौराहा, कालका माता मंदिर, भूरा भाकल, बोहरा मस्जिद, लक्ष्मी टाकिज, स्नेह नगर, सतपुड़ा कालोनी, कृष्णा स्टेट, दशहरा मैदान सहित आस पास के क्षेत्रों में विद्युत सप्लाय बाधित रहेगा।

## पीएम किसान उत्सव दिवस का आयोजन 20 जून को

उज्जैन। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत २३वीं किश्त का वितरण शनिवार २० जून को पश्चिम बंगाल के तारकेश्वर, हुगली से पूरे देश के किसानों को किया जाएगा। इस अवसर पर पीएम किसान उत्सव दिवस का आयोजन किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत वर्ष में कुल ६ हजार रुपए की राशि ३ समान किस्तों में प्रदान की जाती है।पीएम किसान उत्सव दिवस के आयोजन के संबंध में मध्यप्रदेश शासन के आयुक्त भू-संसाधन प्रबंधन कार्यालय द्वारा समस्त कलेक्टरों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। इनके अंतर्गत दिवस पर विधायक, सांसद सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधियों को जिला स्तर व ब्लॉक स्तर पर आमंत्रित किया जाए। कार्यक्रम स्थल पर प्रोजेक्टर एवं बड़ी स्क्रीन के माध्यम से कार्यक्रम का प्रसारण किया जाए। जिलों की समस्त ग्राम पंचायतों में प्रसारण की व्यवस्था की जाए। योजना के अंतर्गत पटवारियों को नियत ग्राम के लिए विलेज नोडल अधिकारी (वीएनओ) नियुक्त किया गया है। सभी वीएनओ को कार्यक्रम में वर्चुअली सम्मिलित किया जाए।

## राहुल गांधी के जन्मदिन पर सुवासरा में रक्तदान शिविर आज

**सुवासरा।** लोकसभा में कांग्रेस के प्रतिपक्ष नेता व कन्याकुमारी से कश्मीर तक भारत जोड़ो यात्रा निकालने वाले राहुल गांधी के जन्मदिवस पर ब्लॉक कांग्रेस सुवासरा द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन आज सुवासरा के पुराना बस स्टैंड पर किया जा रहा है ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राहुल जैन ने बताया कि समस्त कांग्रेस कार्यकर्ता एवं आमजन पुराना बस स्टैंड पर एकत्रित होकर रक्तदान शिविर को सफल बनाएं एवं लोक कल्याण के काम में सहयोग करें।

## दुष्कर्म करने वाले आरोपी को 20 वर्ष की सजा एवं जुर्माना

**बड़वानी ।** तृतीय अपर सत्र न्यायालय बड़वानी, श्रीमती रेखा आर. चंद्रवंशी द्वारा आरोपी थाना पानसेमल को धारा 5(एम)/6, पॉक्सो एक्ट में 20 वर्ष का सश्रम कारावास व कुल 1000 रुपए जुर्माना एवं धारा 127(2) भा.न्या.स में 1 वर्ष का कारावास व 500 रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

# रणथंभौर एक्सप्रेस के जनरल कोच के नीचे से निकला धुआं, लूनी रिछा स्टेशन पर रोकी गई ट्रेन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ आलोट




इंदौर से जोधपुर जाने वाली 12465 रणथंभौर एक्सप्रेस में गुरुवार सुबह करीब 9.20 बजे लूनी रिछा स्टेशन के समीप उस समय हड़कंप मच गया, जब ट्रेन के आगे स्थित जनरल कोच के पहियों के पास से अचानक धुआं निकलता दिखाई दिया। स्थिति को गंभीर देखते हुए लोको पायलट और गार्ड ने तत्काल ट्रेन रुकवाई, जिससे संभावित बड़ा हादसा टल गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कोच के निचले हिस्से से घना धुआं उठता देख यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। कई यात्री एहतियातन ट्रेन से नीचे उतर गए। कुछ देर के लिए मौके पर दहशत का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही रेलवे कर्मचारियों और ट्रेन स्टाफ ने स्थिति संभाली तथा संबंधित कोच की जांच शुरू की।

प्रारंभिक जांच में जनरल कोच के पहियों के ब्रेक जाम होने की वजह से धुआं निकलने की बात सामने आई है। लोको पायलट, गार्ड एवं रेलवे तकनीकी कर्मचारियों ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए ब्रेक रिलीज कराया और स्थिति को नियंत्रित किया। करीब 20 मिनट तक ट्रेन लूनी रिछा स्टेशन पर खड़ी रही। तकनीकी परीक्षण एवं सुरक्षा संबंधी जांच के बाद किसी प्रकार का खतरा नहीं पाए जाने पर ट्रेन को आगे के लिए रवाना कर दिया गया।

घटना के चलते अप लाइन का रेल यातायात भी प्रभावित हुआ। पीछे से आ रही अवध एक्सप्रेस को भी कुछ समय के लिए रोकना पड़ा, जबकि अन्य ट्रेनों की आवाजाही पर भी असर देखा गया। रेलवे के तकनीकी अमले ने संबंधित कोच का निरीक्षण कर आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई की। गनीमत रही कि घटना में कोई यात्री घायल नहीं हुआ। समय रहते ट्रेन को रोककर जांच किए जाने से संभावित बड़े हादसे को टाल दिया गया। फिलहाल रेलवे विभाग पूरे घटनाक्रम की तकनीकी समीक्षा कर रहा है।

करीब 20 मिनट तक लूनी रिछा स्टेशन पर खड़ी रही रणथंभौर एक्सप्रेस। धुआं निकलने की घटना के बाद यात्रियों में दहशत और चिंता का माहौल देखा गया, हालांकि रेलवे की तत्परता से स्थिति जल्द सामान्य कर दी गई।

## बेटो ने पिता के निधन पर करवाया नेत्रदान, दो लोगों को मिलेगी नई रोशनी

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी

जगन्नाथपुरी निवासी दिलीप लखमीचंद नागड़ा का बुधवार करीब 12.30 बजे 60 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उनके निधन के बाद पुत्र हीरेन अंकित प्रिंस नागड़ा ने परिवारजनों की सहमति से नेत्रदान का निर्णय लिया मृतक का नेत्रदान करने हेतु जैन समाज के रोहित मोमाया इसकी जानकारी मानव सेवा समिति सेंधवा के संचालक नीलेश जैन को दी। जैन ने नारायणदास अस्पताल के डॉ. आकाश पालीवाल से संपर्क किया। डॉ. पालीवाल ने दिलीप नागड़ा के दोनों कॉर्निया निकाले। इन्हें इंदौर के आई बैंक भेजा गया। दो जरूरतमंद व्यक्तियों को कॉर्निया प्रत्यारोपित कर उनकी दृष्टि लौटाने का प्रयास किया जाएगा। मानव सेवा समिति के संचालक समाजसेवी निलेश जैन ने बताया कि समिति के माध्यम से यह 29 वां नेत्रदान संपन्न हुआ है। इस वर्ष जैन समाज का यह तीसरा नेत्रदान हेतु नागड़ा परिवार ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए अंतिम संस्कार में लकड़ियों के स्थान पर गोबर से बने कंडों का उपयोग किया। बुधवार शाम 5 बजे मुक्ति धाम में उनका इको-फ्रेंडली अंतिम संस्कार संपन्न किया गया। इस अवसर पर मानव सेवा समिति के डॉ किंशुक लालका ने शहर के सभी समाज प्रमुखों से अपील की है। समाज में किसी भी जगह गमी हो जाने पर उनके मोबाइल नंबर पर संपर्क करे हमारी टीम परिवार को नेत्रदान के लिए प्रेरित करेगी इस अवसर पर नारायणदास हास्पीटल के डॉ आकाश पालीवाल विकाश सेनानी विजय आर्य सुखलाल चौहान जैन समाज के विजय जैन अशोक जैन डॉ किंशुक लालका निलेश जैन गिरीश लालका ललित जैन आदि उपस्थित थे।

## महाराणा प्रताप जयंती 21 जून को मनेगी, मांगलिक भवन का होगा लोकार्पण

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ जावरा



महाराणा प्रताप के 486 वे जन्म महोत्सव को लेकर नगर में भव्य तैयारियां प्रारंभ हो चुकी। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के तत्वावधान में आयोजित बुधवार को मांगलिक भवन परिसर में महाराणा प्रताप की प्रतिमा एवं तस्वीर पर मालिया अर्पण कर आयोजन की औपचारिक शुरूआत की गई ।

महासभा के पदाधिकारीयो एवं समाज जनों ने महाराणा प्रताप के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके आदर्श को स्मरण किया तथा समाज में राष्ट्र प्रेम त्याग और स्वाभिमान की भावना को लेकर को आगे बढ़ने का संकल्प लिया ।

संस्था अध्यक्ष कान सिंह चौहान ने कहा महाराणा प्रताप केवल राजपूत समाज की नहीं अपितु संपूर्ण राष्ट्र के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। उनका जीवन संघर्ष आत्मसम्मान और मातृभूमि के प्रति समर्पण की अदभूत विशाल है। कार्यक्रम में समाज के जितेंद्र सिंह राठौर, शैलेंद्र सिंह चौहान ,बहादुर सिंह सोनगरा ,दिलीप सिंह कच्छावा ,हरि सिंह चौहान ,महेंद्र सिंह खींची, अरविंद सिंह चौहान ,देवेंद्र सिंह जादौन, एवं विजयपाल सिंह आदि उपस्थित थे ।

संस्था संरक्षक डॉक्टर एच एस राठौर ने बताया कि मुख्य समारोह 21 जून को सुबह 10 बजे से द ग्रैंड पद्मा रिजॉर्ट में होगा।इसके बाद अतिथियों के साथ रैली के रूप में हरिया खेड़ा रोड स्थित मांगलिक भवन पहुंचेंगे। जहां मांगलिक भवन का फीता काटकर अतिथियों द्वारा लोकार्पण किया जाएगा। समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद डॉक्टर राजा मानवेंद्र सिंह, राष्ट्रीय अध्यक्ष केशव सिंह भदोरिया ,(मंत्री दर्जा प्राप्त) राजपाल सिंह सिसोदिया ,सांसद सुधीर गुप्ता, विधायक डॉ राजेंद्र पांडे, राष्ट्रीय राजपूत करणी सेवा परिवार अध्यक्ष जीवन सिंह शेरपुर ,राष्ट्रीय राजपूत करणी सेवा अध्यक्ष शिव प्रताप सिंह एवं अन्य अतिथि समारोह में शामिल होंगे।

## विधायक ने महाराणा प्रताप जयंती पर क्षेत्रवासियों को एक करोड़ की सौगात दी

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर




वीर शिरोमणि श्री महाराणा प्रताप जन्मोत्सव समिति जैनाबाद-ब्रह्मपुर के तत्वाधान में मां ताप्ती के पावन तट बलवार टेकरी पर महाराणा प्रताप की 486वीं जन्म जयंती धूमधाम से मनाई गई। तिथि अनुसार आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में शौर्य और विकास का अनूठा संगम देखने को मिला, जहाँ क्षेत्रीय विधायक ने क्षेत्र के सौंदर्यीकरण के लिए 1 करोड़ की बड़ी सौगात दी।

उत्सव समिति के संयोजक महेशसिंह चौहान ने बताया कि ग्राम बलवार टेकरी जैनाबाद में महाराणा प्रताप की जन्म जयंती का यह गरिमामयी आयोजन विगत 10 वर्षों (वर्ष 2016) से लगातार किया जा रहा है। कार्यक्रम में उपस्थित क्षेत्र के वरिष्ठों एवं युवाओं ने महाराणा प्रताप की स्मृति में उनके साहसिक युद्ध के किस्से साझा किए। वक्ताओं ने कहा कि महाराणा प्रताप जैसा अद्भुत, अद्वितीय और अदम्य साहस वाला शूरवीर संपूर्ण विश्व में और कोई नहीं हो सकता।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित क्षेत्रीय नेपानगर विधायक सुश्री मंजू राजेंद्र दादू ने क्षेत्रवासियों को एक बड़ी सौगात दी। उन्होंने ताप्ती नदी के तट पर घाट निर्माण "मां ताप्ती रिवरव्यू कॉरिडोर" और वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जी की एक भव्य आदमकद प्रतिमा की स्थापना के लिए लगभग ?१ करोड़ की राशि स्वीकृत करने की घोषणा की।

इस बड़ी सौगात और शुभ कार्य के लिए जैनाबाद और जयसिंहपुरा दोनों ग्राम पंचायतों के वरिष्ठ नागरिकों व जनप्रतिनिधियों ने स्थानीय सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल और क्षेत्रीय विधायक सुश्री मंजू राजेंद्र दादू का सहृदय आभार व्यक्त किया।

## न.पा. में जनकल्याण शिविर आयोजित, हितग्राहियों को मिला लाभ

**बड़वानी।** राज्य शासन के निदेर्शानुसार नगर पालिका परिषद बड़वानी परिसर में गुरूवार को जनकल्याण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनहितकारी योजनाओं के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों के आवेदन प्राप्त किए गए तथा लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। शिविर के दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती सोनाली शर्मा द्वारा प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के हितग्राहियों को ऋण स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर हितग्राहियों को योजनाओं की जानकारी देते हुए अधिक से अधिक पात्र व्यक्तियों को शासन की योजनाओं से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया। जनकल्याण शिविर में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना अंतर्गत 16 नए आवेदन प्राप्त हुए, जबकि 20 हितग्राहियों के ऋण स्वीकृत किए गए। वहीं श्रम योगी मानधन योजना के अंतर्गत 6 श्रमिकों का पंजीयन, पेंशन योजना के 2, संबल योजना के 3 स्वीकृति पत्र वितरित किये गए। शिविर में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने नागरिकों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करते हुए पात्र हितग्राहियों के आवेदन एवं समस्याओं का निराकरण किया। नागरिकों ने शिविर का लाभ उठाते हुए योजनाओं से संबंधित आवश्यक जानकारी एवं सेवाएं प्राप्त कीं। जनकल्याण शिविर का उद्देश्य शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है।

## ऑल इज वेल हॉस्पिटल द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर संपन्न, 60 से अधिक ग्रामीणों ने उठाया लाभ

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर



ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ पहुँचाने के उद्देश्य से ऑल इज वेल हॉस्पिटल, बुरहानपुर द्वारा बुधवार, 17 जून को ग्राम पंचायत बोरसल में एक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में गाँव और आसपास के 60 से अधिक मरीजों ने पहुँचकर अपनी जाँच कराई और मुफ़्त चिकित्सा परामर्श का लाभ उठाया।

शिविर में मुख्य रूप से ऑल इज वेल हॉस्पिटल के अनुभवी चिकित्सक डॉ. अपूर्वा यादव (नेत्र रोग विशेषज्ञ) एवं डॉ. अकरम खान (जनरल मेडिसिन) ने अपनी सेवाएँ दीं। डॉक्टरों की टीम ने मरीजों की आँखों और अन्य सामान्य बीमारियों से संबंधित समस्याओं की गहन जाँच की और उन्हें उचित परामर्श दिया। इसके साथ ही मौसमी विकारों को देखते हुए सभी ग्रामीणों को बीमारियों से बचने व सुरक्षित रहने के उपाय भी बताए गए।

**निःशुल्क जाँचें की गई**

शिविर के दौरान अस्पताल प्रबंधन की ओर से सभी आए हुए मरीजों का निःशुल्क जनरल चेकअप किया गया। साथ ही ब्लड प्रेशर (बीपी) और ब्लड शुगर की मुफ़्त जाँचें भी की गईं, जिससे ग्रामीणों को अपने स्वास्थ्य की स्थिति जानने में मदद मिली।

**इनका रहा सराहनीय सहयोग**

यह स्वास्थ्य शिविर ऑल इज वेल हॉस्पिटल के संचालक कबीर चौकसे के दिशा-निर्देशन में आयोजित किया गया था। शिविर को सफल बनाने में स्थानीय समाजसेवी डॉ. युवराज पाटिल, अभिनेता, अश्विन पाटिल एवं समस्त ग्राम पंचायत मंडली का विशेष और सराहनीय योगदान रहा। ग्रामीणों ने ऑल इज वेल हॉस्पिटल और सहयोगी टीम के इस मानवीय प्रयास के लिए आभार व्यक्त किया है।

## गायत्री परिवार एवं सामाजिक न्याय विभाग चलाएंगे जन-जागरण अभियान

**बड़वानी।** युवाओं और समाज को नशे की बुराइयों से दूर रखने तथा स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अखिल विश्व गायत्री परिवार एवं सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के संयुक्त प्रयासों से 17 जून से 26 जून तक जिलेभर में व्यापक जन-जागरण अभियान चलाया जाएगा। अभियान का मुख्य संदेश "नशा मुक्त भारत विकसित भारत की पहचान" रहेगा। अभियान के दौरान समाज के विभिन्न वर्गों, युवाओं, महिलाओं, विद्यार्थियों, सामाजिक संगठनों एवं जागरूक नागरिकों की सहभागिता से अनेक रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में निबंध, पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी।

## 21 जून को कृषि उपज मंडी में होगा जिला स्तरीय योग

**खरगोन।** 21 जून को आयोजित होने वाले 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को गरिमामय बनाने के उद्देश्य से जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। जिला शिक्षा अधिकारी शैलेंद्र कुमार कानूडे की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में सहायक संचालक शिक्षा विभाग सुश्री सोनालिका आचले एवं सहायक संचालक जनजाति कार्य विभाग अनुराधा तोमर विशेष रूप से उपस्थित रहीं। बैठक में नगर के शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के प्राचार्य, प्राचार्य प्रतिनिधि, खेल शिक्षक तथा छात्रावास अधीक्षक सम्मिलित हुए। डीईओ ने निर्देशित किया कि इस वर्ष 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को एक साथ, एक समय एवं एक संकेत पर रेडियो व टीवी प्रसारण के माध्यम से कॉमन योग प्रोटोकॉल के अनुसार मनाया जाएगा। जिला मुख्यालय पर कृषि उपज मंडी बिष्टान रोड़ के टीन शेड में एक वृहद सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस मुख्य कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों, कर्मचारियों और गणमान्य नागरिकों के साथ-साथ स्कूली एवं महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं की सहभागिता अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाएगी।

## जिला पुलिस जन सुनवाई शिकायत निवारण शिविर संपन्न

**नीमच** - अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक उज्जैन जोन उज्जैन द्वारा जोन के सभी जिलों में मंगलवार को जिला स्तरीय जन सुनवाई एवं शिकायत निवारण शिविर का आयोजन कर अधिक से अधिक लंबित सी.एम. हेल्पलाईन एवं जनता शिकायतों का निराकरण करने संबंधी निर्देश दिये।

# जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 अंतर्गत किए जा रहे कार्यों में जिला प्रदेश में दूसरे स्थान पर रहा

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ उज्जैन,

कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह ने सोमवार सुबह कलेक्टर कार्यालय सभागृह में समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक ली।बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए कि जिला अधिकारी ब्लॉक स्तर पर आयोजित जन कल्याण शिविरों के मुख्य शिविर में अनिवार्यत रूप से उपस्थित रहे। जन कल्याण शिविर में प्राप्त आवेदनों को ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज कर समस्याओं का त्वरित निराकरण करे। लोक सेवा गारंटी अधिनियम अंतर्गत सभी सेवाओं की प्रदायगी समय सीमा में अनिवार्यत करे। बैठक में जानकारी दी गई कि जन कल्याण शिविर अंतर्गत तराना,घट्टीया,उज्जैन ग्रामीण में शिविर आयोजित किए गए है। बड़नगर, खाचरोद में शिविर 15 जून से आयोजित किए जा रहे है। शहरी क्षेत्र में नगर निगम द्वारा 16, 17 और 18 जून को जन कल्याण शिविर आयोजित किए जाएंगे। जन कल्याण शिविरों में हितग्राहियों को एमपी ई सेवा की जानकारी भी प्रदान की जाए। कलेक्टर श्री सिंह ने बैठक में आगामी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस, 21 जून के कार्यक्रम के आयोजन को सफल एवं सुव्यवस्थित बनाने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देशित किया कि योग दिवस कार्यक्रम के आयोजन स्थल पर सभी मूलभूत व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित की जाएं।

उन्होंने कहा कि प्रतिभागियों के लिए पेयजल, बैठकव्यवस्था, स्वच्छता, चिकित्सा सुविधा तथा यातायात एवं पार्किंग की समुचित व्यवस्था की जाए। कार्यक्रम में अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित करने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार करने के भी निर्देश दिए गए। जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत महिदपुर ब्लॉक प्रदेश के 313 ब्लॉक्स में प्रथम स्थान परकलेक्टर श्री सिंह ने बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 अंतर्गत जिले में किए जा रहे कार्यों की समीक्षा कर सभी कार्य अभियान की समय सीमा अंतर्गत पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में जानकारी दी गई कि जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत शनिवार तक की स्थिति में जिले का महिदपुर ब्लॉक प्रदेश के सभी ब्लॉक्स में प्रथम स्थान पर है। कलेक्टर श्री सिंह ने इस उपलब्धि पर जनपद सीईओ महिदपुर की प्रशंसा की।

## रेशम समृद्धि योजना के अंतर्गत ऑनलाइन पंजीयन प्रारंभ

**उज्जैन।** सहायक संचालक जिला रेशम कार्यालय द्वारा जानकारी दी गई कि मध्य प्रदेश सरकार द्वारा संचालित रेशम समृद्धि योजना के अंतर्गत वर्ष 2026-27 के लिए ऑनलाइन पंजीयन विगत 29 मई से प्रारंभ कर दिया गया है। योजना के तहत इच्छुक कृषक अपनी एक एकड़ निजी भूमि पर शहतूती पौधारोपण कर मलबरी रेशम कृमिपालन अपनाकर अतिरिक्त आय अर्जित कर सकते हैं। योजना के अंतर्गत 23 गतिविधियों पर 75 से 90 प्रतिशत तक सब्सिडी दी जा रही है, जिसमें सामान्य वर्ग को 75 प्रतिशत तथा अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग को 90 प्रतिशत तक आर्थिक सहायता प्राप्त होगी। प्रोजेक्ट यूनिट कॉस्ट को 5 लाख तक बढ़ाया गया है, जिससे किसानों को अधिक लाभ मिल सकेगा।रेशम संचालनालय मध्य प्रदेश भोपाल द्वारा जारी निदेर्शों के अनुसार कृषकों के ऑनलाइन पंजीयन एवं रेशम कृमिपालन को अपनाने हेतु व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। पंजीयन विभागीय वेबसाइट पर ऑनलाइन किया जा सकता है।योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु चयनित हितग्राहियों को तकनीकी मार्गदर्शन एवं सहायता भी प्रदान की जाएगी।

## न्यूज -कॉलम

### रिक्शा चालक ने 9 साल की बालिका को मारी टक्कर

**उज्जैन।** लोहे का पुल क्षेत्र में रहने वाली 9 साल की बालिका बेनजीर पिता सलमान परिवार के साथ बाजार से घर लौट रही थी। उसी दौरान घर से कुछ दूरी पर तेजगति से आये ई-रिक्शा चालक ने टक्कर मार दी और मौके से भाग निकला। बालिका घायल हो गई, जिसे परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे। मामले की सूचना मिलने पर महाकाल थाना पुलिस ने अज्ञात रिक्शा चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का प्रकरण दर्ज किया गया है। क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों से उसकी तलाश की जा रही है। विदित हो कि शहर में ई-रिक्शा की संख्या 35 से 40 हजार पहुंच चुकी है। जिसका संचालन कई नाबालिग भी कर रहे है। इनकी बड़ती संख्या के चलते आये दिन दुर्घटना के मामले सामने आ रहे है। यही नहीं रिक्शा पलटने की घटनाएं भी हो रही है। यातायात पुलिस रिक्शा की बड़ती संख्या पर अंकुश नहीं लगा पा रही है।

### लोडर वाहन के नीचे दबने से मजदूर की मौत

**उज्जैन।** भैरवगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम धूलमहू में बुधवार-गुरूवार रात एमकेसी इंफ्रा लिमिटेड प्लांट पर काम करने वाले बिहार के मजदूर अवधेश कुमार पिता स्व. रमायन मुखिया 23 साल निवासी ग्राम पडरोन जिला पश्चिमी चंपारण बिहार की दर्दनाक मौत हो गई। थाना एसआई दौलतसिंह रावत ने बताया कि मजदूर प्लांट पर काम कर रहा था। उसी दौरान प्लांट के लोडर वाहन क्रमांक यूके 07 एफवी 6906 के चालक विक्रम ने तेजगति से रिवर्स लिया। जिसके चलते पिछले पहिये के नीचे दबने से अवधेश की मौत हो गई। मामले में मर्ग कायम कर चालक को हिरासत में लिया गया है। वाहन जप्त कर मर्ग कायम कर मृतक का शव पोस्टमार्टम कक्ष में रखा गया है। बिहार से परिजनों के आने पर पोस्टमार्टम कराया जायेगा।

### पानी गिरने पर बीयर की बॉटल से किया हमला

**उज्जैन।** ग्राम पानबिहार में शराब दुकान पर शंकरलाल पिता बद्रीलाल बागरी शराब पीने पहुंचा था। जहां रोशन पिता दिनेश जोशी भी शराब पी रहा था। इस दौरान शंकरलाल ने शराब पीने के लिये पानी की बोतल खोली। जिसका पानी रोशन पर गिर गया। इसी बात पर दोनों में विवाद शुरू हो गया। रोशन ने बीयर की बॉटल से हमला कर दिया। सिर में चोंट लगने से शंकरलाल घायल हो गया। मामला घट्टिया थाने पहुंचने पर रोशन ने आरोप लगाया कि उस पर पानी फेंका गया और गाली-गलौच कर जान से मारने की धमकी दी गई। वहीं शंकरलाल का कहना था कि गलती से पानी गिरा था। उस पर बीयर की बॉटल से हमला किया गया है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ क्रॉस प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

### पवन चक्की लगाने की बात पर विवाद में फोड़ी कार

**उज्जैन।** बड़नगर थाना क्षेत्र के खोप दरवाजा पर गोपाल पिता राजेन्द्रसिंह सोलंकी निवासी ग्राम जाफला और केशव पिता धीरज यादव निवासी बदनावर नरोड के बीच पवन चक्की लगाने की बात पर विवाद हो गया। गोपाल ने अपने साथियों के साथ केशव के साथ मारपीट की और कार में तोड़फोड़ कर नुकसान करते हुए जान से मारने की धमकी दी। केशव ने भी अपने साथियों के साथ गोपाल और उसके साथी नेपालसिंह को पीट दिया। दोनों ने एक-दूसरे के खिलाफ थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है।

### करंट लगते ही कृषक की गिरने से मौत

**उज्जैन।** ग्राम दोंता जागीर में रहने वाला कृषक धन्नालाल पिता दत्ताजी 50 साल गुरूवार शाम अपने खेत पर गया था। जहां पानी की मोटर चालू करते समय खुले तारों से करंट का जोरदार झटका लगा और गिर गया। जमीन पर फर्शी रखी थी, जिसका एक सिरा सिर में लगा और खून बहने लगा। परिवार उन्हे उपचार के लिये चरक अस्पताल लाया, लेकिन चोंट गहरी और करंट का झटका जोरदार लगने से उनकी मौत हो चुकी थी। डॉक्टरों ने शव को पोस्टमार्टम कक्ष में रखा है। कोतवाली थाना पुलिस को सूचना दी गई है। शुक्रवार सुबह पोस्टमार्टम कराया जायेगा।

### उमस ने बढाई बैचेनी, तापमान में आई कमी

**उज्जैन।** मानसून की दस्तक से पहले हवा की गति 10 से 12 किलोमीटर प्रतिघंटा हो गई है। जिसके चलते तापमान में गिरावट आ रही है। गुरूवार को अधिकतम 38 डिर्ग्री दर्ज किया गया। इससे पहले बुधवार-गुरूवार न्यूनतम तापमान 25.5 डिग्री रहा था। हवा की गति बडने और तापमान में गिरावट आने पर गर्मी से राहत मिली है, लेकिन उमस बड़ गई है। गुरूवार को आसमान में बादल भी छाये लेकिन कुछ देर बाद धूप निकल आई। माना जा रहा है कि मानूसन के सक्रिय होने से पहले प्री मानसून की बारिश हो सकती है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 380-1 | 157-3 |
| मेन बाजार | 478-9 | 790-6 |
| कल्याण नाइट | 156-2 | 144-9 |
| मिलन डे | 380-1 | 268-6 |
| मिलन नाइट | 346-3 | 247-3 |
| मधुर डे | 156-2 | 589-2 |
| मधुर नाइट | 467-7 | 400-4 |
| शुभांक | 1 4 | 6 |

## अंतर्राज्यीय गिरोह के 3 सदस्य गिरफ्त में, रिमांड पर पूछताछ....

# सायबर ठगी की राशि से खरीदते थे गोल्ड क्वाइन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सायबर ठगी की राशि का उपयोग फर्जी नाम से गोल्ड क्वाइन खरीदने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के 3 सदस्यों को माधवनगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। तीनों के तार दिल्ली से जुडे होना सामने आये है। गुरूवार दोपहर को कोर्ट में पेश कर 21 जून तक पुलिस रिमांड पर लिया गया। एक टीम दिल्ली रवाना की जा रही है।

एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि माधवनगर थाना क्षेत्र के घासमंडी चौराहा पर डीपीके गोल्ड शोरूम से कथित अनुराग कहार ने 6 ग्राम गोल्ड क्वाइन की खरीदी की गई थी। जिसका भुगतान 95 हजार क्यूआर कोड के माध्यम से किया गया था। कुछ दिनों बाद गोल्ड शोरूम का बैंक खाता होल्ड हो गया। पता चला कि सायबर ठगी की राशि का ट्रांजेक्शन हुआ है। शोरूम के प्रबंधक ने मामले की शिकायत 6 जून को माधवनगर थाना पुलिस को दर्ज कराई गई। थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया ने टीम बनाई और सायबर सेल की मदद से पड़ताल शुरू की। शोरूम के सीसीटीवी कैमरों को देखा गया, तकनीकी साक्ष्यों के माध्यम से तथ्यों को खंगाला। यहीं नहीं अलग-अलग क्षेत्रों के कैमरों को खंगाला गया। जिसके आधार पर पता चला कि गोल्ड क्वाइन की खरीदी करने वाले सखीपुरा स्थित हीरा पैलेस में ठहरे है। पुलिस टीम ने दबिश देकर तीनों को हिरासत में लिया। जिनके नाम पूछताछ में कशिश पिता सुनील बढानी 29 साल, राहुल पिता अरूण गुप्ता 26 साल और अनिमेश उर्फ अनुराग पिता अभय वर्मा 21 साल निवासी नर्मदापुरम सामने आये। तीनों बताया कि सायबर ठगी की राशि से गोल्ड क्वाइन की खरीदी की गई थी। एसपी के अनुसार तीनों से खरीदे गये गोल्ड क्वाइन, खरीदी के बिल, मोबाइल, आईडी कार्डस बरामद किये गये है। प्रारंभिक पूछताछ में तीनों के एमबीए तक की पढ़ाई करना करना सामने आया है। उनका दिल्ली के कुछ लोगों से संपर्क हुआ था। जिसके बाद ज्वेलर्स की दुकानों जाकर सायबर ठगी की राशि से गोल्ड क्वाइन की खरीदी शुरू कर दी। दिल्ली के लोगों की गिरफ्तारी के लिये एक टीम रवाना की जा रही है।




### उज्जैन 4 ज्वेलर्स से खरीदा गोल्ड

बताया जा रहा है कि तीनों आरोपी 9 दिनों से उज्जैन में ठहरे हुये थे। इस दौरान 5 जून को राजस्थान के नागौर स्थित मोहम्मद नासिर के साथ 2.88 लाख से अधिक की ठगी कर महावीर ज्वेलर्स से 91 हजार से अधिक का गोल्ड खरीदा। 6 जून को पंजाब के सासनगर स्थित सुरिन्दरसिंह के साथ 95 हजार की ठगी कर डीपीके ज्वेलर्स से गोल्ड क्वाइन और 9 जून को उत्तरप्रदेश स्थित गाजियाबाद के मनोज कुमार से 99 हजार की ठगी कर महेश्वरी ज्वेलर्स से 92 हजार के गोल्ड की खरीदी की।

### बायनेंस एप से देते थे ट्रेडिंग का झांसा

माधवनगर थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया ने बताया कि तीनों आरोपियों से पता चला कि बायनेन्स एप के माध्यम से यूएसडीटी ट्रेडिंग कर बाजार मूल्य से ज्यादा राशि में डालर सेल किया जाता था। इनके साथी अन्य राज्यों लोगों को मोबाइल अपडेट करने के नाम पर फर्जी लिंक भेजते थे। लिंक पर क्लिक करने के बाद मोबाइल री-स्टार्ट होता था और इसी दौरान पी?ितों के बैंक खातों से राशि निकाल ली जाती थी। ठगी की गई राशि सीधे ज्वेलर्स के क्यूआर कोड पर ट्रांसफर कर गोल्ड क्वाइन खरीदी जाती थी। बाद में उक्त गोल्ड को बाजार में बेचकर नकद राशि प्राप्त कर साइबर ठगी की रकम को वैध बनाने का काम किया जाता था। तीनों को 21 तक रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है।

## खेत किनारे मिली खून से सनी महिला-पुरूष की लाश

### प्रारंभिक जांच में मामला हत्या का, परिजनों से पूछताछ जारी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

राघवी थाना क्षेत्र के ग्राम खुरचनिया प्रताप महुडीपुरा रोड पर गुरूवार दोपहर 2 खेत की मेढ़ के बीच महिला-पुरूष की खून से सनी लाश मिलने पर हडकंप मच गया। पुलिस की प्रारंभिक जांच में मामला हत्या का सामने आया। फिलहाल दोनों के परिवार से पूछताछ की जा रही है। संभावना है कि जल्द मामले का खुलासा हो सकता है।

राघवी थाना पुलिस को दोपहर 12.40 बजे के लगभग कुछ लोगों ने सूचना देकर बताया कि ग्राम खरचुलिया प्रताप महुडीपुरा रोड पर अम्बाराम और अमर के खेत के बीच बनी मेढ़ महिला और पुरूष की लाश पडी है, पुरूष के शव से लगी बाइक भी गिरी हुई है। थाना प्रभारी विरेन्द्र बंदेवार टीम के साथ मौके पर पहुंच गये। मामला प्रारंभिक तौर पर काफी संगीन सामने आया। अनुविभागीय अधिकारी जेडेन लिंगजेरपा भी घटनास्थल आ गये। जांच के फारेंसिक टीम को बुलाया गया। इस दौरान पता चला कि दोनों के सिर पर वजनी वस्तु से वार किया गया है। सिर में गंभीर चोंट लगने से दोनों की मौत हुई है। पुलिस ने पहचान के प्रयास शुरू किये। कुछ देर में सामने आया कि पुरूष कालूराम पिता पर्वतलाल वर्मा और महिला मंजू पति राधेश्याम शर्मा है। दोनों ग्राम बेलाखे?ा के रहने वाले है। कालूराम अविवाहित था, महिला शासकीय विद्यालय में मध्यान्ह भोजन बनाने का काम करती है। पुलिस ने दोनों के परिजनों को घटनास्थल बुलाया और शवों को पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल पहुंचाया। फिलहाल दोनों के परिजनों से पूछताछ की जा रही है। जानकारी यह भी सामने आये है कि मृतक महिला-पुरूष के बीच प्रेम प्रसंग था। जिसकी पुष्टि के प्रयास पुलिस द्वारा परिवार से किये जा रहे है।





### हत्या में 4 से 5 लोगों के होने का शक

राघवी थाना पुलिस के अनुसार जिस तरह से घटनास्थल और घटनाक्रम सामने आया है, उससे आशंका है कि दोनों पर बाइक से गुजरते समय हमला किया गया है। हमले में लोहे का सब्बल या फिर टॉमी का उपयोग किया गया है। दोनों के सिर पर कई वार किये गये और हमला करने वालों का मकसद जान से मारने का था। हमलावरों की संख्या 4 से 5 हो सकती है। घटनास्थल पर विवेचना के दौरान बारिश शुरू हो गई थी, बावजूद पुलिस सभी बिंदूओं पर जांच कर साक्ष्य एकत्रित करने का प्रयास करती रही।

### इनका कहना

प्रारंभिक जांच में मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है। मृतकों के शव पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल भेजे गये है। रिपोर्ट आने पर आगे की विवेचना शुरू की जायेगी। दोनों मृतकों के परिजनों से पूछताछ की जा रही है। जल्द घटनाक्रम स्पष्ट किया जायेगा।

**विरेन्द्र बंदेवार,**
**थाना प्रभारी राघवी**

## तलवार की नोंक पर दुष्कर्म करने वाले को उम्रकैद

**उज्जैन।** तलवार की नोंक पर महिला के साथ दुष्कर्म करने वाले ढाबा संचालक को 21 माह बाद न्यायालय ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। महिला- पुरूष मित्र के साथ ढाबे पर खाना खाने पहुंची थी।

माकडोन थाना क्षेत्र की रहने वाली महिला 15 सितंबर को महिदपुर के पास घडी वाले बाबा के दर्शन करने गई थी। जहां से वापस पुरूष मित्र के साथ लौटते समय रात 10 बजे के लगभग दोनों माकडोन थाना क्षेत्र से 500 मीटर दूर लाखन पिता गंगाराम गुर्जर के ढाबे पर खाना खाने पहुंचे। कुछ देर बाद दोनों खाना खाकर काउंटर पर रूपये देने से पहुंचे तो ढाबा संचालक लाखन ने रूपये लेने से इंकार कर दिया और रात रूकने की बात कहकर संबंध बनाने का दबाव डालने लगा। दोनों ने मना किया तो महिला के पुरूष मित्र के साथ थप्पड़-मुक्कों से मारपीट की और तलवार निकल ली। पुरूष मित्र डरकर भाग निकला। लाखन ने तलवार की नोंक पर महिला के साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया। अपने साथ हुई घटना की शिकायत रात में महिला द्वारा माकडोन थाना पुलिस को दर्ज कराई। पुलिस ने मामले में एससीएसटी एक्ट के साथ दुष्कर्म का मामला दर्ज कर ढाबे पर दबिश दी। आरोपी भाग निकला था। जिसकी तलाश में टीम गठित की गई और आरोपी को ग्राम झिरन्या उसके निवास स्थान से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। मीडिया सेल प्रभारी कुलदीप सिंह भदौरिया ने बताया कि 21 माह चली सुनवाई पूरी होने के बाद एसटीएसटी एक्ट विशेष न्यायाधीश ने फैसला सुनाते हुए आरोपी को दोषी करार दिया और उम्रकैद की सजा से दंडित किया। प्रकरण में शासन की ओर से प्रभारी उपनिदेशक अभियोजन अधिकारी राजेन्द्र कुमार खाण्डेगर के मागदर्शन में ईश्वर सिंह केलकर विशेष लोक अभियोजक द्वारा पैरवी की गई।

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि मेरे पक्षकार ने भूखंड स्वामी से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य का भूखंड क्रमांक 01 जो भूमि सर्वे नंबर 764/1/1/1/1/1/1/1/1 रकबा 0.3635 जो की में से 1000/3635 रकबा 0.10 का भाग स्थित ग्राम मुंजाखेड़ी तहसील व जिला, उज्जैन (म.प्र.) में स्थित है। जिसे मेरे पक्षकार ने क्रय कर लिया है। इसमें मय खुली जमीन तल एवं हवाई हक सहित में सभी प्रकार के विवाद एवं ऋण भार से मुक्त अवस्था में कय करने का अनुबंध किया होकर बयाना राशी दे दी गई है। मेरें पक्षकार द्वारा नियत अवधि में शेष धनराशि अदा कर अपने हित में विकय पत्र का निष्पादन कराया जावेगा। इस सूचना प्रकाशन के द्वारा सूचित किया जाता हैं कि उपरोक्त भूखंड के विक्रय बाबत किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक या किसी विभाग की कोई आपत्ति हो या उक्त प्रकार का कोई ऋण भार टैक्स मेंटेनेंन्स बकाया हो या उक्त संपत्ति पर कोई स्वत्व हित या अधिकार रखते हो ऐसे संबंधित व्यक्ति, संस्था, विभाग आदि इस सूचना प्रकाशन से 7 दिवस कि अवधि में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सकें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्च्यात मेरे पक्षकार द्वारा विधीवत उपरोक्त वर्णित भूखंड के विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा व किसी कि कोई आपत्ति मान्य नही होगी। दिनांक 18/06/26

**प्रतीक उपाध्याय एडव्होकेट उज्जैन**
**कार्यलय 21, दशहरा मैदान उज्जैन ( म.प्र. )**
**मो. 91111-44811**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी 1. रोहित पिता श्री देवीलाल 2. राहुल पिता श्री देवीलाल निवासीगण ग्राम खडोतिया तहसील बडनगर जिला उज्जैन से उनके संयुक्त स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर-167/1 रकबा 0.940 हेक्टयर में से रकबा 0.800 हेक्टयर अर्थात 4 बीघा भूमि जो कि ग्राम पलसोडा तहसील बडनगर जिला उज्जैन के पटवारी हल्का नम्बर-137 में स्थित होकर फ्रीहोल्ड राईट्स की भूमि है, जिसे मेरे पक्षकार ने क्रय करने का सौदा किया होकर आंशिक बयाना राशि अदा कर दी है और अनुबंध पत्र का निष्पादन करवा लिया है तथा शेष राशि अदा कर केवल विक्रय-पत्र का पंजीयन करवाया जाना शेष है। उक्त कृषि भूमि में कोई व्यक्ति अथवा संस्था अपना हित व हिस्सा रखता हो या उक्त कृषि भूमि पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक, अथवा सरकारी, साहूकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण, भार, प्रभार या साहूकारी ऋण, भार हो तो ऐसे संबंधित विभाग / व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधी व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नही होगी। इति दिनांक-18.06.2026

**राजेन्द्र जैन पोरवाड़ एडवोकेट**
**कार्या. बी-9, भरतपुरी काम्पलेक्स, आरटीओ के पीछे, उज्जैन मो. 9993079516-94250 94349**

## परिवार तलाशता रहा, गड्ढे में मिली पुत्र की लाश

**उज्जैन।** रेलवे स्टेशन परिसर से बुधवार शाम मजदूर परिवार का 4 वर्षीय पुत्र लापता हो गया। परिवार तलाशता करता रहा। कुछ देर बाद शंका होने पर समीप पानी से भरे गड्ढे में देखा। मासूम की लाश उसमें होना सामने आई।

मांडव का रहने वाला सिंघाडे परिवार मजदूरी के लिये अहमदाबाद गया था। जहां से बुधवार को ट्रेन से शाम को उज्जैन लौटा। परिवार के 6 सदस्य स्टेशन परिसर माल गोदाम के पास रूक गये और भोजना बनाने की तैयारी करने लगे। इस दौरान परिवार का 4 वर्षीय पुत्र अल्लू पिता नाना सिंघाडे खेलते समय लापता हो गया। परिवार ने उसकी तलाश शुरू की। काफी देर तक तलाश करने पर नहीं मिला तो परिसर में रोपवे के लिये खोद गये पानी से भरे गड्ढे में गिरने की आशंका जताई गई। मासूम के पिता गड्ढे में उतरा और खोजबीन करने लगा। उसी दौरान मासूम पुत्र का शव मिला। उसे चरक अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। गुरूवार सुबह जीआरपी ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया। जीआरपी घटनाक्रम का पता लगाने के लिये परिसर में लगे कैमरों के फुटेज देख जांच शुरू करेगी।

## परिवार को कॉल कर कहा धोखा हुआ, मर रहा हूं

### उज्जैन के युवक की बीना में मिली लाश

**उज्जैन।** प्रेमिका का जन्मदिन होने पर रीवा गये उज्जैन के युवक ने परिवार को कॉल कर कहा कि धोखा हुआ है, मर रहा हूं। परिवार शिकायत लेकर पुलिस के पास पहुंचे। वहीं गुरूवार को खबर मिली कि बीना रेलवे ट्रेक पर उसकी लाश मिली है। परिवार बीना रवाना हो गया।

चिमनगंज थाना प्रभारी विवेक कनोडिया ने बताया कि कैलाश एम्पायर में रहने वाला परिवार बुधवार देर शाम थाने आया था और बताया कि अरमान पिता स्व. राकेश पंवार 15 जून को रीवा में गर्लफ्रेंड का जन्मदिन होने पर गया था। दूसरे दिन कॉल कर कहा कि मेरे साथ धोखा हुआ है, और मर रहा हूं। परिवार ने उससे बात की और समझाने का प्रयास किया। लेकिन वह 17 जून तक वापस नहीं लौटा। परिवार ने लिखित में शिकायत बताई और मोबाइल नम्बर दिया। अरमान के मोबाइल पर पुलिस ने संपर्क करने का प्रयास किया लेकिन नम्बर बंद होना सामने आया। इस बीच गुरूवार सुबह खबर मिली कि अरमान बीना में ट्रेन से गिर गया और उसकी मौत हो गई है। परिवार बीना के लिये रवाना हो गया। थाना प्रभारी के अनुसार अरमान की पोस्टमार्टम रिपोर्ट और बीना पुलिस की कार्रवाई के बाद आगे की जांच शुरू की जायेगी। इस बात का पता लगाया जायेगा कि अरमान की गर्लफ्रेंड कही ब्लैकमेल तो नहीं कर रही थी। उसकी किसी ओर से दोस्ती तो नहीं है।

**उज्जैन हॉस्टल में थी गर्लफ्रेंड**-बताया जा रहा है कि रीवा की रहने वाली गर्लफ्रेंड भी उज्जैन में पढ़ाई कर रही है और हॉस्टल में रहती है। गुरूवार को परिवार हॉस्टल पहुंचा। गर्लफ्रेंड हॉस्टल में होना सामने आई। परिवार उसे लेकर माधवनगर थाने आ गया और आरोप लगाने लगा। पुलिस ने मामला शांत किया और जांच का आश्वासन दिया।

## ट्रेक्टर ने छिनी बाइक सवार 2 भाईयों की जिंदगी

**उज्जैन।** बाइक सवार 2 भाईयों की गुरूवार दोपहर ट्रेक्टर ने जिंदगी छिन ली। दुर्घटना में दोनों भाईयों को भतीजा गंभीर घायल हुआ है। शुक्रवार सुबह एक को कोतवाली चौकी और दूसरे का माधवनगर थाना पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम कराया जायेगा।

तराना तहसील के ग्राम बरंडवा में रहने वाले 2 भाई पीरूलाल पिता अमराजी मथौलिया 80 साल और भागीरथ मथौलिया 72 साल गुरूवार को उज्जैन में रहने वाले रिश्तेदार के यहां आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के लिये भतीजे अभिषेक पिता रामस्वरूप के साथ बाइक से आ रहे थे। विजयागंज मंडी क्षेत्र के ग्राम मुंडला से गुजरते समय अचानक ट्रेक्टर चालक ने रफ्तार से स्टेरिंग घूमा कर मोडने का प्रयास किया। तीनों बाइक सवार ट्रेक्टर की चपेट में आ गये। उन्होने चरक अस्पताल लाया गया, लेकिन एक भाई पीरूलाल की मौत हो चुकी थी। दूसरे भाई भागीरथ और भतीजे अभिषेक की हालत गंभीर होने पर चरक अस्पताल पहुंचे परिजन उन्हे उपचार के लिये निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां कुछ घंटे बाद भागीरथ ने भी दम तोड दिया। अभिषेक का उपचार चल रहा है। 2 भाईयों की मौत से पूरे परिवार के साथ गांव में गम का माहौल फैल गया। शुक्रवार को पीरूलाल का कोतवाली पुलिस चौकी और भागीरथ का माधवनगर थाना पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम कराया जायेगा।

**हमेशा साथ रहते थे दोनों भाई**

दुर्घटना की सूचना मिलने पर परिवार अस्पताल पहुंच गया था। दोनों की मौत के बाद मृतक पीरूलाल के पुत्र रामस्वरूप ने बताया कि पिता और चाचा हमेशा साथ रहते थे। उनमें भाईचारे के साथ दोस्ताना रिश्ता था। रिश्तेदारी में साथ आते जाते थे। पिता पीरूलाल किसानी करते थे। चाचा बिजली विभाग में लाइनमेन के पद से रिटायर्ड थे। दोनों का एक साथ निधन हो गया। परिवार से बुजुर्गो का साया उठ गया। रामस्वरूप ने बताया कि पुत्र अभिषेक की हालत डॉक्टरों ने खतरे से बाहर बताई है। बाइक वहीं चला रहा था। ट्रेक्टर चालक शराब के नशे में होना सामने आया है।

# समय से मुक्त विचार



हमारा विचार हमारे परिवेश, सामाजिक और धार्मिक प्रभावों का परिणाम है। कुछ लोग पूछते हैं कि क्या विचार समय से मुक्त हो सकता है? विचार को नियंत्रित किया जा सकता है, उसे आकार प्रदान किया जा सकता है, परंतु उसका नियंत्रण समय के क्षेत्र में ही होता है। हमारी कठिनाई यह है कि जो मन समय का, हजारों दिनों का परिणाम है, वह इस जटिल पृष्ठभूमि से तत्काल कैसे मुक्त हो? आप अभी, इसी वक्त मुक्त हो सकते हैं, कल नहीं। ऐसा तभी हो सकता है, जब आप जो मिथ्या है, उसे देख-जान लें। मिथ्या विश्लेषणात्मक प्रक्रिया ही है और ले-देकर यही हमारे पास है। जब इस विश्लेषणात्मक प्रक्रिया का पूर्णतया अंत हो जाता है, किसी दबाव से नहीं, बल्कि उस प्रक्रिया के अपरिहार्य मिथ्यात्व-बोध से, तब आप देखेंगे कि आपका मन अतीत से पूरी तरह विच्छिन्न हो गया है। इसका अर्थ यह नहीं है कि आप अतीत को पहचानते ही नहीं, इसका अर्थ केवल यह है कि आपके मन की अतीत से प्रत्यक्ष सहभागिता नहीं है। अतः वह अपने को अतीत से अभी, तत्क्षण मुक्त कर सकता है; अतीत से यह विलगाव, बीते हुए कल से यह संपूर्ण मुक्ति, ऐतिहासिक कल से नहीं, बल्कि मनोवैज्ञानिक कल से मुक्ति संभव है और यथार्थ को समझने का बस एक यही तरीका है। जब आप किसी चीज को, किसी व्यक्ति को समझना चाहते हैं, तब आपके मन की क्या स्थिति होती है? उस समय वह व्यक्ति जो कह रहा होता है, आप उसका विश्लेषण नहीं कर रहे होते, उसकी आलोचना या मूल्यांकन नहीं कर रहे होते; आप उसे बस सुन भर रहे होते हैं। आपका मन तब एक ऐसी स्थिति में होता है, जिसमें विचार-प्रक्रिया सक्रिय तो नहीं है, पर बहुत सतर्क है। यह सतर्कता समय के दायरे में नहीं होती। जब मन उद्वेलित है, प्रश्न कर रहा है, चिंतारत है, विच्छेदन और विश्लेषण में लगा है, तब समझना नहीं हो पाता। जब समझने की तड़प होती है, चाह होती है, स्पष्टतः तब मन शांत होता है। निस्संदेह, इसके लिए आपको प्रयोग करना होगा। मेरे शब्दों को स्वीकार कर लेने से बात नहीं बनेगी। यह तो आपको अब तक समझ आ ही गया होगा कि जितना अधिक आप विश्लेषण करते हैं, आपकी समझ उतनी ही कम होती चली जाती है। आप कुछ घटनाओं, कुछ अनुभवों को भले समझ लें, परंतु चेतना की समस्त अंतर्वस्तु को विश्लेषणात्मक प्रक्रिया द्वारा निरस्त नहीं किया जा सकता। चेतना को रिक्त तभी किया जा सकता है, जब आप विश्लेषण की दृष्टि के मिथ्यात्व को समझ लेते हैं। जब आप मिथ्या को मिथ्या के रूप में देख लेते हैं, तब आप सत्य को देखना आरंभ करते हैं; और मात्र सत्य ही आपको उस पृष्ठभूमि से मुक्त करता है।

**सम्पादकीय**

## दलबदल का नया दौर

दलबदल या दलों में टूट की सियासत इन दिनों बहुत तेज हो गई है। तृणमूल कांग्रेस की टूट अभी ताजा ही है, तो उद्धव ठाकरे की शिव सेना की टूट सामने आने लगी है। दोनों टूट में फर्क यही है कि तृणमूल का आलाकमान अपनी टूट को बचाने के लिए ऊपरी तौर पर बहुत सक्रिय नहीं दिख रहा था, लेकिन उद्धव ठाकरे अपनी बाकी बची पार्टी को बचाने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा रहे हैं। शिव सेना (यूबीटी) के शायद छह सांसद अलग दल के रूप में मान्यता प्राप्त करने के प्रयास में लगे हैं और अंततः एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिव सेना में शामिल हो जाएंगे। हालांकि, उद्धव ठाकरे और उनके वरिष्ठ नेता-प्रवक्ता संजय राउत पार्टी सांसदों को अपनी चिर-परिचित आक्रामकता के साथ एकजुट करने के प्रयास में लगे हैं। दिल्ली में जिस तरह की कवायद चल रही है, उससे ऐसा लगता है कि उद्धव की सेना में टूट की स्थिति गुरुवार को स्पष्ट हो जाएगी। यह उनके नेतृत्व वाली सेना में दूसरी टूट होगी। अगर यह टूट हुई, तो न सिर्फ महाराष्ट्र की सियासत बदलेगी, बल्कि उद्धव ठाकरे को फिर से जमीनी तौर पर जूझना पड़ेगा। दलबदल की आंधी तेज है और टूटने से बचना बहुत बड़ी चुनौती है।

टूट के बादल राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण उत्तर प्रदेश में भी उमड़ते लग रहे हैं, पर बरसेंगे या नहीं, कहना कठिन है। वैसे, आज की राजनीति में कुछ भी संभव है। यहां अनहोनी को होनी बनने में ज्यादा वक्त नहीं लगता है। राजनेताओं में न पहले जैसी राजनीतिक शुचिता है और न राजनीतिक दलों में पहले जैसा अनुशासन। समय के साथ लगातार महंगी होती राजनीति अपनी अलग ही राह पर आगे बढ़ रही है। दलबदल में धन की भूमिका पर चर्चा तृणमूल कांग्रेस की टूट के समय में नहीं हुई थी, पर उद्धव सेना में पचास करोड़ और पंद्रह करोड़ रुपये के आंकड़े उछाले जा रहे हैं। राजनीति में धन का इस्तेमाल चौंकाता नहीं है, पर यहां जो पीड़ित होता है, वही धन का रोना रोता है। दलबदल के जो मामले सामने आ रहे हैं, उनसे साफ पता चलता है, राजनीतिक दल अब आत्म-समीक्षा नहीं करते हैं। उनके संगठन की अब बड़ी बैठकें नहीं होती हैं। दलों में अब वैसा लोकतंत्र नहीं है, जैसी उम्मीद की जाती है। ये दल किसी एक नेता या उसके छोटे समूह द्वारा संचालित हो रहे हैं। मनमुटाव तो हर पार्टी में होता है, लेकिन परस्पर संवाद या सत्ता की शक्ति से पार्टियां फिर भी मजबूत बनी रहती हैं, पर टूट जब सबके सामने आती है, तब पार्टी की असली कमी-कमजोरी का पता चलता है।

**क्रमबद्ध परिवर्तन**

## जल की अवस्थाओं में निहित है मनुष्य चेतना का रहस्य

मनुष्य तन दुर्लभ है। कहते हैं कि देवता भी मनुष्य तन पाने को तरसते हैं। हिंदू धर्म की मान्यता अनुसार 84 लाख योनियों में भटकने के उपरांत जीवात्मा को मनुष्य जीवन प्राप्त होता है। सत्य ही है इस संपूर्ण सृष्टि में मनुष्य के अतिरिक्त मनुष्य जैसा और कौन है। सृष्टि के असंख्य जीव जंतु पशु पक्षियों के मध्य मनुष्य का उद्भव नियति के विशेष प्रयोजन को इंगित करता है। इस सृष्टि की बुद्धिमान रचना होने से सृष्टि के संचालन का समस्त उत्तरदायित्व मनुष्य पर ही है।

इस नैतिक दायित्व के अतिरिक्त मनुष्य का एक उत्तरदायित्व यह भी है कि वह स्वयं के आध्यात्मिक विकास का प्रयोजन भी इसी जन्म में सिद्ध कर ले। शास्त्रों में जिसे मोक्ष कहा गया है, उसकी उपलब्धि इसी जीवन में कर ले, तभी वह जन्म और मरण के चक्र से मुक्त हो सकेगा। किंतु इस मृत्यु लोक में जन्मते ही मनुष्य कर्म के बंधनों में बंध जाता है। अपने कर्मों के अनुरूप ही उसे फल प्राप्त होते हैं, जो उसके सुख-दुख का कारण बनते हैं। सुख दुख के इसी ऊहापोह में मनुष्य स्वयं के कल्याण के विषय में सोच ही नहीं पाता है। फिर मनुष्य देह है भी तो नश्वर और ऊपर से यह चंचल मन जो सदैव इंद्रीय भोग और विलास में ही संलिप्त रहता है। यह मन कभी मनुष्य को स्वयं के हित साधन करने का अवसर ही कहां प्रदान करता है ?

जो साधक सत्यान्वेषण हेतु अग्रसर होते हैं, उनके मार्ग में भी सहस्त्रों बाधायें मार्ग अवरुद्ध करने को तत्पर रहती है। वासना, तृष्णा, मोह, ईर्ष्या, अहंकार आदि मनुष्य की साधना पथ में बाधा बनते रहते हैं। इन्हीं अवगुणों से प्रेरित इंद्रिय भोग की लालसा वासना के वशीभूत मनुष्य अपनी उच्चतम बौद्धिक और मानसिक स्थिति से गिरकर पतन को प्राप्त होता है। इस परिस्थिति को इस प्रकार समझा जा सकता है, जिस प्रकार सांप सीढ़ी के खेल में गंतव्य अंक के समीप पहुंचने वाला खिलाड़ी सर्पदंश से खेल में नीचे गिर जाता है। फिर वहीं क्रम पुनः चालु होता है और नीचे से ऊपर जाने की यात्रा अनवरत चलती रहती है। उसी प्रकार मनुष्य भी गिरता है, उठता है, चलता है और यह प्रक्रिया अनवरत चलती रहती है। इस प्रक्रिया में उसकी आध्यात्मिक गति और प्रगति अवरूद्ध हो जाती है।

यह सारी परिस्थितियों मनुष्य को अत्यंत दुखी कर देती है। अज्ञानतावश वह क्षोभसे पीड़ित एवं हीन भावना से ग्रस्त हो जाता है। उसके भीतर स्वयं की प्रगति के स्थान पर मानसिक जड़ता घर करती है और उसके अंतर में स्थित विशुद्ध चेतना सुप्त अवस्था में ही पड़ी रहती है। जड़ता मनुष्य में अहंकार की द्योतक, उन्नति में बाधक और उसके अविवेकी होने की सूचक है। मनुष्य की चेतना उर्ध्वगामी प्रकृति की होकर मनुष्य के लिए विकास के समस्त द्वार खोलने वाली एवं समस्त अज्ञानताओं से मुक्त करने वाली है। मनुष्य की चेतना को जड़ता से ऊर्ध्व उन्मुखता की ओर प्रेरित कर विकास की यात्रा प्रारम्भ की जा सकती है।

प्रकृति मनुष्य की महान गुरु है, उसके प्रत्येक तत्व में जीवन के गहन रहस्य निहित हैं। जल भी ऐसा ही एक अद्भुत तत्व है, जो जीवन संचालन के लिए अत्यंत आवश्यक है। जल केवल जीवन का आधार ही नहीं, अपितु मनुष्य की चेतना के विकास का प्रतीक भी है। प्रकृति के इस मूलभूत तत्व की तीन अवस्थाएँ होती है, ठोस तरल और वाष्प। वातावरण की परिस्थितियों अनुसार जल की अवस्थाएँ परिवर्तित होती है।

जल की ठोस अवस्था ₹बर्फ₹ जल की जड़ता का सूचक है। जल अपनी ठोस अवस्था में सामान्यतया जन जीवन के उपयोग का नहीं रह जाता। ठोस अवस्था में जल स्वयं की उन्मुक्तता, स्वयं का प्रवाह, स्वयं का नाद खोता है और स्वयं को एक पाश में बांध लेता है, वह स्वयं को एक स्थान पर सीमित कर लेता है, जो उसकी प्रगति को अवरूद्ध करती है। उसकी ठोस अवस्था ही उसके उपयोगी होने के मार्ग में बाधक है। इसी प्रकार वासना, द्वेष, तृष्णा, मोह, ईर्ष्या एवं अहंकार आदि अवगुण मनुष्य को जड़ता प्रदान करते हैं और मनुष्य अपनी प्रगति स्वयं अवरुद्ध कर लेता है। जड़ता मानसिक कट्टरता को जन्म देती है। मनुष्य जीवन को उसकी समग्रता में देख नहीं पाता है। ऐसा मनुष्य रूग्ण होता है। मनुष्य का व्यक्तित्व विशाल सागर की भांति है किंतु रूग्णता उसके व्यक्तित्व को टुकड़ों में बांटती है। अस्तु मनुष्य को चाहिए कि वह जल की ठोस अवस्था की भांति स्वयं को जड़ न बनाए। जड़ता को त्यागकर सरलता को धारण करें। सरलता में ही प्रबुद्धता निहित है। प्रबुद्धता, मनुष्य के लिए ज्ञान के द्वार खोलती है। मनुष्य को उसकी मानसिक जड़ता त्याग कर सदैव सुख-दुख में समरस रहते हुए आगे बढ़ते रहना चाहिए। यह आगे बढ़ना, यह गति ही उसकी विकास की सूचक है।

इसके विपरीत जल का तरल रूप लोकोपायेगी है। जल की तरलता ही प्राणीमात्र की क्षुधा को तृप्त करती है। जल का तरल होना ही सर्वथा योग्य है और निरंतर बहते रहना जल की कुशलता है। जल की तरल अवस्था उसके स्वतंत्र होने की घोषणा है। जल की तरलता में एक प्रकार का ओज निहित है। उसकी स्वतंत्रता में एक प्रवाह, एक मधुरम नाद निहित है, जो उसकी मौज, उसके आनंद को दर्शाता है। बहता हुआ जल स्वच्छ रहता है, किंतु जल का किसी एक स्थान पर रुकना उसमें दोष उत्पन्न करता है और दूषित जल, भांति-भांति के रोग उत्पन्न करता है। जल का निरंतर बहते रहना ही उसकी स्वच्छता का कारण बनता है। निरंतर बहाव जल में अशुद्धियाँ निर्मित नहीं होने देता। उसी प्रकार मनुष्य को समत्व बुद्धि योग का आश्रय लेकर अपने जीवनपथ पर निरंतर चलते रहना चाहिए। सुख-दुख में समभाव रखते हुए निरंतर चलते रहना ही मनुष्य की जीवंतता का, उसके विकास की द्योतक है। इसी से उसकी चेतना को ग्रहण नहीं लगता है। वह जीवन को उसकी समग्रता में देखता है। वह सुख-दुख का आना जीवन में ऋतु परिवर्तन की भांति देखता है। वह अपने कर्मों को देखता है, उनकी शुद्धता को, पवित्रता को देखता है। यह पवित्रता ही उसमें निष्काम कर्म भाव उत्पन्न करती है। उसके व्यक्तित्व में उदारता प्रकट होने लगती है। वह स्वार्थपरवशता के स्थान पर परोपकार को श्रेय देता है। उसके जीवन में संतोष एवं आनंद सहज जी फलीभूत होने लगते है और उसकी चेतना एक निर्विघ्न प्रवाह पाती है।

जल की अवस्था का तृतीय चरण है वाष्प। एक निश्चित ताप पर जल की प्रकृति में अद्भूत परिवर्तन होने लगता है और वह अपनी तरल अवस्था से वाष्प में परिवर्तित होने लगता है। प्रकृति के नैसर्गिक सिद्धांत के अनुसार वाष्प ऊपर आकाश की ओर उठती है। यह प्रक्रिया केवल वैज्ञानिक घटना नहीं, अपितु मनुष्य की चेतना के उर्ध्वाकरण का सुंदर प्रतीक है।

**- वरूण अग्निहोत्री**

## दौड़ते हुए जूते, ठहरती हुई सांसें

कमरे का तापमान ठीक सोलह डिग्री पर लॉक था। इस कमरे में न धूप आती थी, न हवा, बस एक सफेद सी रोशनी थी जो चौबीसों घंटे जागती रहती थी ताकि मौत को आने में कोई गलतफहमी न हो। बेड नंबर चार पर लेटे सत्तर साल के दीनानाथ जी के मुंह पर लगे ऑक्सीजन मास्क पर हर तीन सेकेंड बाद भाप जमती और पिघल जाती। यही उनके जिंदा होने का इकलौता सबूत था, जिसे देखकर बगल की कुर्सी पर बैठी नर्स सिस्टर मैरी अपनी डायरी में कुछ नोट कर रही थीं।

रात के ठीक दो बज रहे थे। यह वह वक्त होता है जब अस्पताल के गलियारों में सन्नाटा इतना गहरा हो जाता है कि ग्लूकोज की टपकती बूंदों की आवाज भी किसी टाइम बम के टिक-टिक जैसी सुनाई देती है। सिस्टर मैरी ने अपनी घड़ी देखी। वह जानती थीं कि दीनानाथ जी के पास अब कुछ ही घंटे बचे हैं। डॉक्टर आनंद ने शाम को ही राउंड पर कह दिया था कि मल्टीपल ऑर्गन फेलियर है, बस सुबह का सूरज देखना मुश्किल है। अचानक दीनानाथ जी की उंगलियों में थोड़ी हरकत हुई। उन्होंने बड़ी मुश्किल से अपना मास्क एक तरफ सरकाया। उनकी आवाज में एक अजीब सी घबराहट थी, मैरी... वो... वो आ गया क्या? मैरी ने उनके ठंडे पड़ रहे हाथ को अपने हाथों में लिया और मुस्कुराते हुए कहा, कौन दीनानाथ जी? यमराज? अरे, अभी उनका सर्वर डाउन है, इतनी जल्दी नहीं आते वो। मैरी का यह व्यंग्य दीनानाथ के चेहरे पर एक सूखी सी हंसी छोड़ गया। इस हॉस्पिस केयर यानी मरणासन्न मरीजों के आखिरी घर का यही नियम था यहाँ दर्द को दवाओं से ज्यादा चुटकुलों से सुखाया जाता था। दीनानाथ जी पिछले दो महीने से यहाँ थे। उनके फेफड़े जवाब दे चुके थे, पर उनकी आँखें हर रोज दरवाजे पर टिकी रहती थीं। वह किसी का इंतजार कर रहे थे। एक ऐसा इंतजार जो इस कमरे की सफेद दीवारों से भी ज्यादा पथरीला था।

## पञ्चांग राशिफल



दिनांक - 19 जून 2026 शुक्रवार
सूर्योदय - 05:45 सूर्यास्त 19:10
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 10:30 से 12:00 तक
तिथि - पंचमी 17:00 उपरांत षष्ठी
नक्षत्र - अश्लेषा 10:06 उपरांत मघा
योग - हर्षण 14:53 वज्र
करण - बालव
चन्द्रमा - कर्क में है। 10:06 पर सिंह में प्रवेश करेगा।
मुस्लिम मास - मोहर्रम मास 03 तारिख

**मेष-** आय में वृद्धि होगी। शेयर मार्केट से लाभ होगा। नौकरी में प्रभाव वृद्धि होगी। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा।

**वृषभ-** घर-परिवार में सुख-शांति रहेगी। जल्दबाजी न करें। पुराना रोग उभर सकता है। योजना फलीभूत होगी।

**मिथुन-** कार्यस्थल पर परिवर्तन संभव है। विरोधी सक्रिय रहेंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। मित्रों की सहायता कर पाएंगे।

**कर्क-** प्रेम-प्रसंग में जोखिम न लें। व्यापार में लाभ होगा। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। निवेश में सोच-समझकर हाथ डालें।

**सिंह-** शत्रु पस्त होंगे। विवाद में न पड़ें। अपेक्षाकृत कार्य समय पर होंगे। प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ मिलेगा। व्यस्तता रहेगी।

**कन्या-** प्रमाद न करें। कानूनी अड़चन दूर होकर लाभ की स्थिति निर्मित होगी। मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा।

**तुला-** समय की अनुकूलता का लाभ मिलेगा। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे।

**वृश्चिक-** व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य कमजोर रह सकता है। दूसरों के झगड़ों में न पड़ें। अपने काम पर ध्यान दें। लाभ होगा।

**धनु-** व्यापार मनोनुकूल लाभ देगा। जोखिम बिलकुल न लें। भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। विरोधी सक्रिय रहेंगे।

**मकर-** जल्दबाजी में कोई निर्णय न लें। झंझटों से दूर रहें। कानूनी अड़चन का सामना करना पड़ सकता है। फालतू खर्च होगा।

**कुंभ-** उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। शेयर मार्केट से बड़ा लाभ हो सकता है। संचित कोष में वृद्धि होगी। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा।

**मीन-** यात्रा लाभदायक रहेगी। डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है, प्रयास करें। कारोबारी सौदे बड़े हो सकते हैं। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य प्रभावित होगा, सावधानी रखें।

**समसामयिक**

## लापता हुए मौसम की तलाश

मानसून के अचानक लापता होने से मौसम विभाग की पूर्व में की गई भविष्यवाणी गड़बड़ा गई है। अब उपग्रह से ली गई तस्वीरों से दक्षिण-पश्चिम मानसून के बादल दिखाई नहीं दे रहे हैं। वहीं, दक्षिण और मध्य भारत के कई भूभागों तक मानसून की दस्तक के बावजूद देश के बड़े भू-भाग पर बारिश में भारी गिरावट दर्ज की गई है। दरअसल प्रशांत महासागर में तेजी से बन रही अलनीनो की परिस्थितियां आने वाले 8-10 दिनों में वैश्विक जलवायु और मौसम चक्र को प्रभावित कर सकती हैं। मौसम विज्ञानियों ने चेतावनी दी है कि यह इतिहास के 140 वर्ष में अब तक के सबसे खतरनाक और बड़े अलनीनो में से एक हो सकता है। स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ न्यूयॉर्क में मौसम और पर्यावरण विज्ञान के प्राध्यापक पाल राउंडी कहते है कि यह सबसे खतरनाक और सबसे ताकतवर अलनीनो हो सकता है। अलनीनो का यह मिजाज पहले से दुनिया में तप रही धरती की आग में घी डालने का काम करेगा। अनुमान लगाए जा रहे है कि सर्दियों तक अलनीनो का मिजाज बिगड़ा रहेगा। इस कारण आशंका है कि दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में सूखा पड़ेगा। और बाढ़ आएगी या भीशण गर्मी झेलनी पड़ेगी। यहां तक की इससे कई देशों में खाने-पीने के सामान और पानी का संकट पैदा होगा। इस अलनीनो के असर का अनुमान भारतीय मौसम विभाग पहले ही लगा चुका है। इसलिए मौसम विज्ञानी एम रविचंद्रन का कहना है कि प्रशांत महासागर की परिस्थितियों को देखते हुए इसका सीधा असर मानसूनी बारिश पर पड़ेगा। इसके चलते कुछ इलाकों में सूखे की स्थिति पैदा हो सकती है। क्योंकि अभी तक 64 प्रतिशत कम बारिश दर्ज की गई है। अतएव मौसम विभाग पहले ही घोषित कर चुका है कि इस बार 11 वर्षों में सबसे कम बारिश हो सकती है। इसका सीधा असर देश की कृशि पर पड़ेगा।



प्रमोद भार्गव
(दैनिक अवन्तिका)

1988 से भारतीय मौसम विभाग मानसून के पूवार्नुमान लगा रहा है। 1988 से 2025 तक 38 वर्श के अनुमानों में विभाग की भविश्यवाणी 50 प्रतिशत के करीब सटीक रही हैं। इस बार विभाग के विज्ञानियों ने 26 मई को केरल में मानसून आ जाने का अनुमान लगाया था, जो नहीं आया। बाद में 4 जून से मानसून की आहट आने की बात कही गई। लेकिन मानसून लापता है। एक रिपोर्ट के अनुसार, मौसम में जो बादल पानी बरसाते हैं, उनकी सघनता धीरे-धीरे घट रही है। इससे आशय यह निकलता है कि देश में मानसून में बारिश का प्रतिशत लगातार घट रहा है। दरअसल जो बादल पानी बरसाते हैं, वे आसमान में छह से साढ़े छह हजार फीट की ऊंचाई पर होते हैं। 50 साल पहले ये बादल घने भी होते थे और मोटे भी होते थे। परंतु अब साल दर साल इनकी मोटाई और सघनता कम होती जा रही है। यह अध्ययन सही है। दरअसल महाकवि कालिदास द्वारा रचित महाकाव्य ह्यमेघदूतह्य दो खंडों में विभाजित प्रणय काव्य है। पूर्वमेघ और उत्तरमेघ, जो संस्कृत में लिखे गए हैं। इनमें सांसारिक प्रेम का अद्भुत वर्णन है। किंतु इनमें महाकवि ने अपनी भावनाओं को अभिव्यक्ति जिन प्रतीकों से दी है, वे मेघ यानी बादल और बारिश से जुड़े हैं। इनका आशय है कि धरती पर जितने घने वन होगें, आसमान में उतने ही घने और काले बादल छाकर बरसेंगे। कालिदास वैज्ञानिक नहीं, बल्कि संत कवि थे, लेकिन इस तथ्य का खंडन कोई वैज्ञानिक नहीं करता।

इस अध्ययन से देश के नीति-नियंताओं को चेतने की जरूरत है, क्योंकि हमारी खेती-किसानी और 70 फीसदी आबादी मानसून की बरसात से ही रोजी-रोटी चलती है और देश की समूची आबादी को अनाज, दालें और तिलहन उपलब्ध कराती है। देश के ज्यादातर व्यवसाय भी कृषि आधारित हैं। देश की 2025-26 की जीडीपी में कृशि का योगदान 16.2 प्रतिशत रहा है, जबकि 2023-24 में यह 18.2 फीसदी था। फिर भी किसान आर्थिक असुरक्षा की चपेट में है।

## औषधीय गुणों का खजाना है तुलसी के बीज

तुलसी औषधीय गुणों का खजाना माना गया है। इस पौधे के धार्मिक महत्व के अलावा कई आयुर्वेदिक महत्व भी होते हैं। प्राचीन काल से ही ये भारतीय घरों का अहम हिस्सा है क्योंकि इसे औषधीय गुणों का खजाना माना गया है, सर्दी-जुकाम को दूर करने के लिए तुलसी का उपयोग किया जाता है। इसी तरह तुलसी के बीज भी हमारी सेहत के लिए काफी फायदेमंद रहते हैं क्योंकि इन बीजों में प्रोटीन, फाइबर और आयरन भरपूर मात्रा में होता है, तो चलिए जानते हैं कि ये बीज आपके लिए किस तरह काम आ सकते हैं।

### तुलसी के बीजों के फायदे

**इम्यूनिटी रहेगी बूस्ट**

इम्यूनिटी मजबूत बनाकर रखना बहुत जरूरी होता है, सर्दी की शुरूआत हो चुकी है। ऐसे में सर्दी-जुकाम होना आम है। इसलिए रोग प्रतिरोधक क्षमता को बेहतर बनाने के लिए आप तुलसी के बीजों का काढ़ा बना लें और उसका सेवन करें।

**डाइजेशन रहेगा दुरुस्त**



अगर आपको कब्ज, एसिडिटी या गैस की समस्या रहती है तो तुलसी के बीजों का इस्तेमाल कर सकते हैं। आप तुलसी के बीजों को पानी में डाल दें और थोड़ी देर में ये बीज फूल जाएंगे। इस तरह से इस्तेमाल करने पर बीज के ऊपर एसिडिटी बन जाती है। अगर इस पानी को बीज के साथ पीते हैं तो हाजमा में आराम मिलता है।

**वजन में आएगी कमी**

जो लोग ज्यादा वजन से परेशान रहते हैं उनके लिए तुलसी के बीज बहुत फायदेमंद है, क्योंकि इसमें कैलोरी की मात्रा काफी कम रहती है और फाइबर भी भरपूर पाया जाता है। इन बीजों को खाने से काफी देर तक भूख भी नहीं लगती जिस वजह से वजन धीरे-धीरे कम होने लगता है।

**टेंशन दूर**

बहुत कम लोग इस बारे में जानते हैं कि तुलसी के बीजों से मानसिक तनाव को कम करने में मदद मिलती है। अगर आप स्ट्रेस या डिप्रेशन का सामना कर रहे हैं तो आपको तुलसी के बीज जरूर खाने चाहिए, इसका सेवन करने से टेंशन दूर हो जाएगी

**धर्म-आस्था**


## राम मंदिर के चढ़ावे की चोरी पर राजनीति

अयोध्या में करोड़ों हिंदुओं की आस्था के केंद्र प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा अर्पित दान राशि में कथित चोरी की खबर ने देशभर के श्रद्धालुओं को स्तब्ध कर दिया है। चौबीसों घंटे अत्याधुनिक सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी और बहुस्तरीय सुरक्षा घेरों से संरक्षित श्रीराम मंदिर में इस प्रकार की घटना का सामने आना न केवल मंदिर प्रबंधन, बल्कि सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी संभाल रही एजेंसियों के लिए भी गंभीर चिंता का विषय है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लिए भी यह घटना विशेष रूप से चिंताजनक है। अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन से लेकर भव्य मंदिर निर्माण तक की ऐतिहासिक यात्रा में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा भगवान श्रीराम के पक्ष में ऐतिहासिक निर्णय दिए जाने के समय वे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री थे और उनके नेतृत्व में ही अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण साकार हुआ। लगभग पाँच शताब्दियों के संघर्ष और करोड़ों रामभक्तों की प्रतीक्षा के बाद 22 जनवरी 2024 को प्रभु श्रीराम अपने दिव्य एवं भव्य मंदिर में विराजमान हुए।



अरविन्द रावल
(दैनिक अवन्तिका)

अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण के बाद से अब तक अनुमानतः 12 करोड़ से अधिक श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं तथा मंदिर को लगभग 3,000 करोड़ रुपये का चढ़ावा प्राप्त हो चुका है। प्रतिदिन देश-विदेश से सवा लाख से अधिक श्रद्धालु अयोध्या पहुंचकर रामलला के दर्शन करते हैं। आज श्रीराम मंदिर देश के सबसे प्रतिष्ठित और समृद्ध धार्मिक स्थलों में अपना स्थान बना चुका है। श्रीराम मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था देश के अन्य प्रमुख मंदिरों की तुलना में कहीं अधिक सुदृढ़ और हाईटेक मानी जाती है। इसका प्रमुख कारण यह है कि मंदिर को समय-समय पर आतंकवादी संगठनों से संभावित खतरे की चेतावनियां भी मिलती रही हैं। ऐसे में मंदिर परिसर के चप्पे-चप्पे पर कड़ी निगरानी रखी जाती है। इसके बावजूद यदि दान राशि में चोरी अथवा गड़बड़ी की पुष्टि होती है, तो इसे सुरक्षा और प्रबंधन व्यवस्था में गंभीर चूक माना जाएगा। स्वाभाविक रूप से इस घटना ने विपक्षी दलों को योगी सरकार पर हमला बोलने का अवसर प्रदान कर दिया है। आगामी विधानसभा चुनावों को देखते हुए विपक्ष इस मुद्दे को राजनीतिक हथियार बनाने का प्रयास करेगा, इसमें कोई आश्चर्य नहीं है। किंतु आस्था और राजनीति के बीच संतुलन बनाए रखना भी आवश्यक है। किसी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले तथ्यों की निष्पक्ष जांच होना सबसे महत्वपूर्ण है।





अयोध्या में श्रीराम मंदिर में दान की राशी की चोरी घटना से आहत होकर मंदिर प्रबंधन ने भी मामले की गंभीरता को देखते हुए राज्य सरकार से निष्पक्ष जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित करने का अनुरोध किया है। यह भी संभव है कि यह मामला वित्तीय अनियमितता, आंतरिक मिलीभगत अथवा किसी सुनियोजित राजनीतिक साजिश से जुड़ा हो। जब तक जांच पूरी नहीं होती, तब तक किसी भी संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। राज्य सरकार द्वारा तीन सदस्यी गठित एसआईटी को जल्द ही अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। अब पूरे देश की निगाहें इस जांच पर टिकी हैं। उम्मीद की जानी चाहिए कि एसआईटी की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच इस मामले में सत्य को सामने लाएगी तथा यह स्पष्ट करेगी कि आखिर दान राशि में कथित गड़बड़ी के पीछे वास्तविक कारण क्या थे। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही इस प्रकरण में दूध का दूध और पानी का पानी हो सकेगा।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 5800 से 5900 विशाल 5800 से 5850 मसूर 6050 से 6100 महाराष्ट्र सफेद 7400 से 7600 महाराष्ट्र लाल 7700 से 7900 कर्नाटक 8000 से 8200 निमाड़ी नई यह तुअर 6000 से 7500 मूंग बेस्ट गर्मी 7600 से 7700 मूंग नी बेस्ट बोल्ड 8200 से 8500 मीडियम बोल्ड 7600 से 7800 में एवरेज गर्मी 7000 से 7200 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 8500 से 8700 उड़द गर्मी 7700 से 8300 हल्का - उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7400 से 8500 काबुली रशियन 5800 से 6000 बिटकी 5000 से 5300 सरसों (मीडियम) 7300 से 7500 निमाड़ी 7500 से 7600 रायडा 6400 से 6600 करंज 5000 से 5200 सोयाबीन 7200 से 7400 अलसी 8500 से 9000 तिल्ली 8000 से 9000 गेहूं मिल क्वालिटी 2500 से 2550 लोकवन 2750 से 2800 पूर्णा 2550 से 2600 मालवराज 2600 से 2650 मक्का 1975 से 2000 चना दाल 7100 से 7200 मीडियम 7300 से 7400 बेस्ट 7600 से 7800 तुअर दाल 7600 से 7800 मीडियम 8800 से 9000 बेस्ट 10200 से 10400 रुपए।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 12500 से 13000 देशी 10000 से 11000 एवरेज 8000 बारिक 4000 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1450-2850, चना देशी- 4999-5760, डालर चना- 4400-7990, उड़द- 7621, मूंग- 7576, सोयाबीन- 1215-8900, मैथीदाना- 1340, सरसो- 6500, धनिया- 10930-13306, बटला- 2860, मसूर- 6201, मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना-स्टेण्डर्ड- 1,50,000 रवा- 1,49,700 चांदी-टंच- 2,48,500 पाट- 2,47,500।

## उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130, तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120, उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com

स्कूल के नवीन भवन का लोकार्पण

## एरोबिक्स और जिम्नास्टिक्स कक्ष की सुविधा उपलब्ध कराई



**शुजालपुर।** शहर के दीप्ति कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल में मंगलवार को नवीन एवं अत्याधुनिक भवन का भव्य लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया। उज्जैन डायोसिस के बिशप सबास्टीन वड़कल ओर एवं एसडीओपी निमेष देशमुख ने फीता काटकर भवन का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार, विद्यार्थी और अभिभावक बड़ी संख्या में मौजूद रहे। समारोह का शुभारंभ प्रार्थना एवं स्वागत कार्यक्रम से हुआ। विद्यालय प्रबंधक फादर कुरियन ने बताया कि नए भवन का निर्माण विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखकर किया गया है। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ आधुनिक सुविधाओं का समावेश समय की आवश्यकता है। नवीन भवन में आधुनिक कार्यालय, सिक रूम, एआई एवं रोबोटिक्स लैब, कंप्यूटर लैब, समृद्ध पुस्तकालय, नृत्य एवं संगीत कक्ष के साथ एरोबिक्स और जिम्नास्टिक्स कक्ष की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इन संसाधनों से विद्यार्थियों को शैक्षणिक, तकनीकी, सांस्कृतिक और शारीरिक विकास के बेहतर अवसर मिलेंगे। विद्यालय की छात्रा क्रिस्टा ने अतिथियों, शिक्षकों एवं उपस्थितजनों के प्रति आभार व्यक्त किया। विद्यालय प्रबंधन ने विश्वास जताया कि नया भवन विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य, रचनात्मक सोच और समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस अवसर पर प्राचार्य सिस्टर जैस, सिस्टर कवल जिस, शिक्षक-शिक्षिकाएं, कर्मचारीगण तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। समारोह उत्साह और गौरवपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

## महाजनसंपर्क अभियान: विधायक ने किया कार्यकर्ताओं का सम्मान



**आगर मालव।** भाजपा द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे महाजनसंपर्क अभियान के तहत बुधवार को चिप्या गणेश गौशाला में कार्यकर्ता एवं बूथ अध्यक्ष सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान आगर विधानसभा क्षेत्र की विधायक मधु गेहलोत ने बड़ोद, बिजानगरी एवं मदकोटा मंडलों के कार्यकर्ताओं का सम्मान कर उन्हें स्मृति उपहार प्रदान किए। समारोह को संबोधित करते हुए विधायक मधु गेहलोत ने केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों और उपलब्धियों की जानकारी आमजन तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता घर-घर जाकर सरकार की योजनाओं का प्रचार-प्रसार करें, जिससे पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ मिल सके। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष ओम मालवीय ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में विकास, सुशासन और जनकल्याण के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित हुए हैं तथा योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा है। इस अवसर पर पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष रंजीत सिंह, गोविंद सिंह बरखेड़ी, बाबूलाल बिजापारी, मुकेश केलकर, चंद्रेश शर्मा, लालसिंह, सचिन लववंशी, मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह परिहार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव : भगवान का भव्य नगर भ्रमण, इंद्रदेव ने बरसाया अमृत



**बड़ौद।** क्षत्रिय भावसार समाज श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अंतर्गत भगवान श्रीराम दरबार राधा कृष्ण, माँ हिंगलाज, मखोली माता की भव्य शोभायात्रा एवं नगर भ्रमण का आयोजन किया गया। शोभायात्रा में परंपरागत वस्त्रों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान नगर में भक्तिमय माहौल देखने को मिला और जय श्रीराम के उद्घोष से पूरा वातावरण गूंज उठा। नगर भ्रमण के दौरान हुई अचानक बारिश को श्रद्धालुओं ने बताया कि इंद्रदेव ने अमृत वर्षा से भगवान का जलाभिषेक किया। बारिश के बीच भी श्रद्धालुओं का उत्साह कम नहीं हुआ। महिलाएं, पुरुष एवं युवा भक्त भगवान के भजनों पर झूमते-नाचते हुए शोभायात्रा के साथ चलते रहे। सजाए गए रथ में विराजित भगवान श्रीराम के दर्शन के लिए मार्गभर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। विभिन्न स्थानों पर पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया गया। नगर भ्रमण के पश्चात भगवान की शोभायात्रा पुनः मंदिर परिसर पहुंची, जहां विधि-विधान से पूजा-अर्चना एवं आरती का आयोजन किया गया। प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के इस आयोजन ने पूरे नगर को भक्तिरस में सराबोर कर दिया और श्रद्धालुओं ने इसे अविस्मरणीय एवं ऐतिहासिक क्षण बताया।

**दैनिक अवन्तिका**

**अखबार की निम्न स्थानों पर एजेंसी बदलना है**

बेरछा, चौमा डाक बंगला, हाटपिपलिया, कालापीपल, खेड़ा खजूरिया, माचलपुर, खिलचीपुर, मड़ावदा, मेघनगर, माकड़ोन, नरसिंहगढ़, बुरहानपुर, पेटलावद, झाबुआ रानापुर, मनावर, सुवासरा, सोयतकलां में एजेंसी देना है।

सम्पर्क करें

दैनिक अवन्तिका कार्यालय
2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन
0734-4041777, मोबा. 9977755777

अतीत के शौर्य से वर्तमान के 'अदृश्य संकट' से टकराने की अनूठी कसम

# पितृ स्मृति वन में महाराणा प्रताप जयंती पर गूंजा पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

दैनिक अवन्तिका ▸▸ गुना



वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती पर आज सुबह 'श्री सेन महाराज तिराहे' पर पर्यावरण प्रेमियों और राजपूत समाज द्वारा गरिमापूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया। चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उपस्थित जनों ने पर्यावरण संरक्षण को आज के दौर की सबसे बड़ी देशभक्ति बताया।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए सरदार अनूप सिंह सोडी ने कहा कि महाराणा प्रताप साक्षात प्रकृति प्रेमी थे, जिन्होंने वनों को अपना आश्रय बनाया था। आज वास्तविक देशभक्ति यही है कि हम पौधों को वृक्ष बनने तक संभालें। वर्तमान में 'पितृ स्मृति वन' का विशाल सपना इसी जन-आँदोलन का प्रमाण है।

इस अवसर पर जानकारी दी गई कि 'वृक्ष महोत्सव 2026' के 'मिशन सतरंगी अभियान' के तहत श्री सेन महाराज तिराहे (मारुति शोरूम) से लेकर चिंताहरण मंदिर तक के पूरे डिवाइडर पर विभिन्न सात आकर्षक रंगों के पौधे लगाने का भव्य लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अंत में आभार 'संस्था दृष्टि' के संस्थापक अनिरुद्ध सिंह सेंगर द्वारा व्यक्त किया गया।

कार्यक्रम में इस पुनीत अवसर पर वरिष्ठ नागरिक संघ के जिला अध्यक्ष मुरारी शर्मा (दादा), नरेंद्र श्रीवास्तव, मुखौटा कला मंच के एडवोकेट विष्णु झा जो पर्यावरण से भी गहरे जुड़े हैं और करणी सेना के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष हवलदार सिंह जादौन विशेष रूप से उपस्थित रहे। साथ ही संगठन के मुख्य स्तंभों सहित सरदार अनूप सिंह सोडी, राजेंद्र सिंह सिसोदिया, मनोज सिंह, मानसिंह भदौरिया, नरेंद्र सिसोदिया, संजू सिसोदिया, रोहित तोमर, सत्येंद्र राजावत, भूपेंद्र सिंह पवार, योगेंद्र सिंह खींची, शिवराज सिंह भदोरिया, अजय वर्मा, नरेंद्र सोनवार, राज सिंह, कमल कुशवाहा, हरिराम अहरवार, महेश जाटव बाबूजी, मनीष राठौर, सुनील बघेरिया और भूरा उर्फ शौकत खान सहित फिट इंडिया क्लब एवं 'पितृ स्मृति वन समिति' के अनेक गणमान्य साथियों ने सक्रियता से अपनी आहुति दी। इस अवसर पर फिट इंडिया क्लब एवं पितृ स्मृति वन समिति, गुना मप्र के सक्रिय सदस्य उपस्थित रहे।



## पंचायत भवन की बाउंड्री में लगे रोडियों का अतिक्रमण हटाया, निर्माण कार्य में आएगी तेजी

**सुसनेर।** जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत नांदना में पंचायत भवन के सामने शासकीय भूमि पर किए गए अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की गई। पंचायत भवन की बाउंड्री से लगी रोडियां (निर्माण सामग्री) लंबे समय से शासकीय भूमि पर रखी हुई थीं, जिससे पंचायत भवन के निर्माण कार्य में बाधा उत्पन्न हो रही थी। स्थानीय नवागत पंचायत सचिव कालूराम यादव एवं सरपंच पीरूलाल के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई संपन्न हुई। इस दौरान कुछ ग्रामीणों और पंचायत प्रशासन के बीच मामूली विवाद की स्थिति भी बनी, जिसके चलते दोनों पक्ष पुलिस थाने पहुंचे। वहां पुलिस की मौजूदगी में चर्चा के बाद दोनों पक्षों के बीच आपसी सहमति बन गई और मामला शांतिपूर्ण ढंग से सुलझा लिया गया। ग्रामीणों ने भी पंचायत भवन के निर्माण कार्य को जल्द पूरा करने के लिए सहयोग का आश्वासन दिया। पंचायत प्रशासन ने बताया कि अतिक्रमण हटने के बाद अब पंचायत भवन के निर्माण कार्य में किसी प्रकार की बाधा नहीं रहेगी और कार्य को शीघ्र गति से पूरा किया जाएगा। ग्रामवासियों का कहना है कि पंचायत भवन के पूर्ण होने से ग्रामीणों को शासकीय योजनाओं एवं पंचायत संबंधी कार्यों के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। प्रशासन ने ग्रामवासियों से शासकीय भूमि पर अतिक्रमण नहीं करने तथा विकास कार्यों में सहयोग करने की अपील की है।

## बड़ौद में बिना बताए निकली नाबालिग उज्जैन से बरामद

**बड़ौद।** बड़ौद पुलिस ने घर से बिना बताए निकली एक नाबालिग बालिका को पांच घंटे में उज्जैन से सकुशल बरामद कर लिया। पूछताछ और कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद बालिका को उसके माता-पिता के सुपुर्द कर दिया गया है। यह पूरा मामला बुधवार का है, जब बड़ौद थाना क्षेत्र की रहने वाली एक नाबालिग लड़की अचानक अपने घर से बिना बताए कहीं चली गई थी। काफी तलाश के बाद भी जब उसका कुछ पता नहीं चला, तो परिजनों ने तुरंत इसकी सूचना बड़ौद थाने में दी। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल केस दर्ज कर खोजबीन शुरू की। नाबालिग की तलाश के लिए एसपी दिलीप कुमार सोनी के निर्देशन में थाना प्रभारी निरीक्षक रूप सिंह बैस ने एक विशेष टीम बनाई गई। पुलिस टीम ने साइबर सेल की मदद से तकनीकी और अन्य साक्ष्यों के आधार पर पता लगाया कि बालिका उज्जैन शहर की विनायक कॉलोनी में अपने किसी रिश्तेदार के घर पर है। सटीक लोकेशन मिलते ही बड़ौद पुलिस की टीम तुरंत उज्जैन पहुंची और बालिका को अपनी अभिरक्षा में लिया। इस सराहनीय कार्य में उप निरीक्षक विजय कुमार शुक्ला, प्रधान आरक्षक सतीश मोदी, दिलीप भाटी, हेमंत सिसोदिया, अर्जुन बागड़ी और महिला आरक्षक वंदना सेन की मुख्य भूमिका रही।

बारिश से एमजी रोड पर जलभराव, मिनी ट्रक धंसा

# निर्माणाधीन नाले के कारण बिगड़ी स्थिति, लोगों ने ट्रक को पलटने से बचाया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास



देवास में बुधवार शाम एक घंटे से अधिक हुई बारिश के बाद एमजी रोड पर भारी जलभराव हो गया। निर्माणाधीन नाले में पानी भर जाने से एक मिनी ट्रक के पहिए सड़क में धंस गए, जिससे वाहन पलटने की स्थिति में पहुंच गया। हालांकि स्थानीय लोगों की तत्परता से एक बड़ा हादसा टल गया।

जानकारी के अनुसार, मिनी ट्रक के एक तरफ के दोनों पहिए सड़क में गहरे धंस गए, जिससे वह एक ओर झुक गया। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत बल्लियों का सहारा देकर वाहन को संभाला और उसे पलटने से बचाया।

बारिश के कारण सड़क और निमार्णाधीन नाले में पानी भर गया, जिससे गड्ढे दिखाई नहीं दे रहे थे। इसके चलते वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई दोपहिया वाहन भी जलभराव में फंस गए, जबकि चारपहिया वाहनों की आवाजाही प्रभावित रही।

**जलभराव से आवागमन प्रभावित**

स्थानीय लोगों का कहना है कि एमजी रोड पर चल रहे नाला निर्माण कार्य के चलते बारिश के दौरान स्थिति और खराब हो जाती है। पानी भरने से आमजन और व्यापारियों को आवागमन में लगातार दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मिनी ट्रक के सड़क में धंसने की इस घटना ने निर्माणाधीन मार्गों पर सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## पानी के तपेले में डूबी दो साल की मासूम की मौत

**बदनावर।** बदनावर के ग्राम काछीबड़ोदा में बुधवार सुबह घर के आंगन में खेल रही दो वर्षीय एक बच्ची की पानी से भरे बड़े तपेले (बर्तन) में डूबने से मौत हो गई। अस्पताल प्रबंधन की सूचना पर पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के मुताबिक, बच्ची सिदर पिता सलमान मंसूरी अपनी मां सेजानाबी के साथ अपने नाना जाकिर मंसूरी के घर आई हुई थी। आज सुबह करीब 11 बजे जब वह आंगन में खेल रही थी, तभी अचानक परिजनों की नजरों से ओझल हो गई। खेलते समय बच्ची पानी से भरे एक बड़े तपेले के पास पहुंची और संतुलन बिगड़ने से उसमें गिर गई। काफी देर तक जब वह नहीं दिखी, तो परिजनों ने तलाश शुरू की। बच्ची तपेले के अंदर पानी में अचेत मिली, जिसे तुरंत बदनावर सिविल अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। क्षेत्र में मासूम बच्चों के पानी में डूबने की यह इस महीने की दूसरी घटना है। इससे पहले बीते 2 जून को ग्राम करणपुरा में भी ऐसा ही एक हादसा सामने आया था, जहां दो साल की बच्ची वंशिका मुनिया की पानी की टंकी में गिर जाने की वजह से मौत हो गई थी।



## रास्ते को लेकर विवाद में बुजुर्ग महिला को घसीटा वीडियो सामने आया

**सीहोर।** गणेश मंदिर के पास रास्ते के विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। इस दौरान लाठी-डंडे और लात-घूंसे चले, जिसमें एक बुजुर्ग महिला को घसीटा गया और कई लोग घायल हो गए। यह घटना आज दोपहर की बताई जा रही है। विवाद जमीन के एक छोटे से टुकड़े और रास्ते के अधिकार को लेकर शुरू हुआ था। मारपीट में बुजुर्ग महिलाओं और युवाओं को निशाना बनाया गया। घटना का वीडियो कैमरे में कैद हो गया है, जिसमें पूरी वारदात साफ दिख रही है। वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि दोनों पक्ष एक-दूसरे पर लाठी-डंडों और लात-घूंसों से हमला कर रहे हैं। कुछ लोगों के कपड़े खींचे गए और उन्हें जमीन पर घसीटा गया। इस दौरान महिलाएं चीखती-चिल्लाती रहीं, लेकिन विवाद शांत नहीं हुआ। वीडियो में एक बुजुर्ग महिला अपनों को बचाने की कोशिश करती दिख रही है, जबकि एक युवक जमीन पर बेसुध पड़ा हुआ है। घटना के समय कई लोग मौके पर मौजूद थे, जो मारपीट रोकने के बजाय अपने मोबाइल फोन में इसका वीडियो बनाते रहे।

खिलचीपुर में कुआं धंसा, 6 घंटे चला रेस्क्यू

# कुएं के मलबे में दबने से जनपद सदस्य की मां और पत्नी की मौत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ खिलचीपुर



खिलचीपुर थाना क्षेत्र के बामनगांव में बुधवार दोपहर एक दर्दनाक हादसे में जनपद सदस्य मुकेश दांगी की मां रूपाबाई दांगी (52) और पत्नी प्रियंका उर्फ पिंकी दांगी (30) की नए कुएं के धंसने से मौत हो गई। दोपहर करीब 1 बजे दोनों महिलाएं 45 फीट गहरे कुएं के पास सफाई और तराई का काम कर रही थीं, तभी किनारा धंसने से दोनों मलबे में समा गईं। कुछ दूरी पर बैठे मुकेश दांगी को संभलने का मौका तक नहीं मिला।

सूचना पर एसडीएम अंकिता जैन, एसडीओपी धर्मवीर नागर, तहसीलदार अनिल शर्मा और थाना प्रभारी कमल सिंह सोलंकी ने एसडीआरएफ टीम के साथ मोर्चा संभाला। चार जेसीबी और तीन पोकलेन मशीनों की मदद से करीब 6 घंटे तक रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया।

शाम 4:30 बजे रूपाबाई और 6:45 बजे प्रियंका का शव निकाला जा सका। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए हैं। प्रियंका अपने पीछे तीन छोटे बच्चे छोड़ गई हैं। एसडीएम के अनुसार पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता देने के लिए प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है।

**वीडियो बनाती भीड़ बनी रेस्क्यू में बाधा**

हादसे की खबर फैलते ही मौके पर सैकड़ों लोगों की भीड़ जमा हो गई। कुएं के आसपास लगातार मिट्टी सरक रही थी और दूसरे हादसे का खतरा बना हुआ था। इसके बावजूद लोग मोबाइल से वीडियो बनाने में लगे रहे, जिससे रेस्क्यू टीम को परेशानी हुई। भीड़ हटाने के लिए पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी।

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने कदीर पटेलं पिता मुंशी पटेल मुसलमान निवासी ग्राम गंवला तहसील सांवेर जिला इन्दौर के स्वामित्व एवं आधिपत्य का एक कृषि भूमि खाता भूमि सर्वे न. 99/2/1 रकबा 0.18 हे. सर्वे नं. 100/1/1/2 रकबा 0.22 हे. कुल किता-02 कुल रकबा 0.40 हे. कृषि भूमि ग्राम लिखौदा तहसील बड़नगर में स्थित है उक्त भूमि की चतुर्सीमा पूर्व दिशा में शासकीय रास्ता, पश्चिम दिशा में-रामुबाई की भूमिः उत्तर दिशा में-रामुबाई की भूमि व दक्षिण दिशा में रणजीत व असलम खान की भूमि स्थित है को क्रय करने का सौदा तय किया जाकर उक्त भूमि के सौदे की बयाना राशि विक्रेता को समक्ष गवांहान के अदा कर दी है एवं सौदा चिट्ठी सम्पादित की गई है एवं विक्रय अनुबंध पत्र सम्पादित किया जाना शेष है तथा अनुबंध के पश्चात शेष निर्धारित विक्रय मूल्य की राशि अदा की जाकर उपरोक्त वर्णित कृषि भूमि का विक्रय पत्र सम्पादित कराया जाना शेष है। यदि उपरोक्त वर्णित कृषि भूमि से संबंधित किसी भी व्यक्ति, शासकीय, अर्द्धशासकीय संस्था, विभाग, बैंक, वित्तीय संस्था, कार्यालय आदि का कोई भी ऋण, भार, हित, स्वत्व, अधिकार आधिपत्य हो या उक्त संव्ययहार के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह मेरे समक्ष मेरे कार्यालय में इस जाहिर सूचना 'प्रकाशन के 07 (सात) दिवस के अन्दर उपरोक्त कृषि भूमि से संबंधित समस्त असलं दस्तावेज लेकर अपनी आपत्ति दर्ज करावे अन्यथा बाद मियाद गुजरने के पश्चात मेरे पक्षकार उपरोक्त क्रय की गई कृषि भूमि का पंजीयन करा लेवेगे बाद अवधि किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। एवं मेरे, पक्षकार पर बंधनकारक नहीं होगी। सूचित हो पाबन्दी करे।

दिनाक-18/06/2026

**इस्तियाक अली एडवोकेट बडनगर**
**मोबाईल नम्बर-9039286874, 7869688982**

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण आमजन, खासकर संजीवकुमार वर्मा पिता परमानंद वर्मा जाति नाई आयु 52 साल निवासी वार्ड क्रमांक 15 मकान नं. 32 सरस्वतीनगर कालोनी तराना जिला उज्जैन को हमारे पक्षकार परमानंद वर्मा पिता नंदराम वर्मा जाति नाई आयु 83 साल धंधा पेंशनर निवासी वार्ड क्रमांक 15 मकान नं. 32 नगर तराना सरस्वतीनगर कालोनी तराना जिला उज्जैन के द्वारा इस जाहिर सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि- मेरे पक्षकार परमानंदवर्मा पिता नंदराम वर्मा जाति नाई आयु 83 साल धंधा पेंशनर निवासी वार्ड क्रमांक 15 मकान नं. 32 नगर तराना सरस्वती नगर कालोनी तराना जिला उज्जैन के है जिनके नाम से न.पं. तराना रिकार्ड में एक भवन पक्का आर.सी.सी.छत्त का जिसकी लम्बाई पूर्व पश्चिम 50 फिट तथा चौड़ाई उत्तर दक्षिण 30 फिट की होकर कुल क्षेत्रफल 1500 वर्गफीट का होकर इस प्लाट को मेरे पक्षकार परमानंदवर्मा द्वारा क्रय कर स्वअर्जित आय कास्ट से क्रय कर भवन निर्मित किया गया है तथा न.प. परिषद तराना में मेरे पक्षकार का नाम दर्ज है। मकान के पूर्व दिशा में मेरे पक्षकार का भूखण्ड का शेष भाग, पश्चिम दिशा में कालोनी का रास्ता तथा उत्तर दिशा में कालोनी का आम रास्ता तथा दक्षिण दिशा में देवीसिह चौहान का मकान है उपरोक्त वर्णित चर्तुःसीमा व पैमाईश का मकान पर न.पं.परिषद तराना मे मेरे पक्षकार परमानंद पिता नंदरामवर्मा का नाम दर्ज चला आ रहा है।

यह कि उपरोक्त वर्णित मकान के संबंध में मेरे पक्षकार परमानंदवर्मा द्वारा उनके पुत्र संजीवकुमार वर्मा (आप) के पक्ष में एक वसीयतनामा दिनांक 18-8-2023 का लिखा हुआ संपादित किया गया है। संजीवकुमार व उसकी पत्नी के द्वारा मेरे पक्षकार की सेवा नही की जा रही है तथा खाने पीने को भी नहीं दे रहे है। तथा मेरे पक्षकार की साल संभाल नहीं करते है तथा देखभाल नहीं करते है। मेरे पक्षकार को टिफिन सेंटर से भोजन मंगवाना पड़ता है जिससे मेरा पक्षकार असंतुष्ट तथा दुःखी व परेशान होने के कारण व संजीवकुमार द्वारा वसीयतनामा की शर्तों का पालन नहीं करने के कारण मेरे मेरे पक्षकार द्वारा दिनाक 18-8-2023 को की गई वसीयत को मेरा पक्षकार निरस्त घोषित करता है तथा संजीवकुमार वर्मा पिता परमानंद वर्मा निवासी सरस्वती कालोनी तराना जिला उज्जैन जो मेरे पक्षकार के पुत्र है जिसके पक्ष में की गई वसीयत के आधार पर उल्लेखित मकान के संबंध में किसी भी प्रकार का सौदा, लेनदेन या भारग्रस्त विक्रय आदि का सौदा नहीं करे ना ही भारग्रस्त करे, ना ही बैंक, वित्तीय संस्थाओं में भारग्रस्त करें यदि किसी प्रकार का कोई विकय, देन किया जाता है तो वह शून्य माना जावेगा। दिनांकः 18-6-2026

**सरवरखॉन एडवोकेट**
**तराना जिला उज्जैन (म.प्र.) मो.नं. 7839335989**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि, मेरे पक्षकार ने गफ्फार खां पिता युसुफ खान निवासी ग्राम चिकली तहसील बड़नगर जिला उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वामित्व स्वत्व एवम आधिपत्य की कृषि आराजी भूमि सर्वे नम्बर-56/1/1 रकबा 0.20 हैक्टर में से रकबा 0.15 हैक्टर लगानी बरूऐट स्थित ग्राम चिकली तहसील बड़नगर जिला उज्जैन (म.प्र.) में हैं, को क्रय करने का मौखिक सौदा किया गया होकर टोकन राशि अदा कर दी हैं, अब शेष विक्रय धन अदाकर विक्रय-पत्र का पंजीयन करवाना शेष हैं, यदि उक्त सम्पत्ति को लेकर किसी प्रकार का कोई लेन देन अथवा किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था, या किसी वित्तीय संस्थान आदि का कोई बकाया हो या किसी का क्रय अनुबन्ध हो अथवा किसी का कोई स्वत्व, हित, अधिकार या सुखाधिकार हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन की दिनांक से अवधि सात (7) दिन में अपनी आपत्ति सप्रमाण लिखित में मेरे कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर पेश करें अन्यथा बाद गुजरने अवधि मेरा पक्षकार अपने हित में विक्रय-पत्र का पंजीयन करवा लेंगे तथा पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बन्धनकारक नहीं होगी, सूचित हो । दिनांक-18.06.2026

**कु. मनोहरसिंह राणावत सर्विस प्रोवाईडर**
**सी-10 भरतपुरी काम्पलेक्स उज्जैन मोबा. 98268.87494**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार ने भूमिस्वामी ललिता बेवा ईश्वरसिंह, राहुल पिता ईश्वरसिंह, आरती पिता ईश्वरसिंह, पूजा पिता ईश्वरसिंह, दीपिका पिता ईश्वरसिंह, निवासी- ग्राम बलेड़ी तहसील बड़नगर, उज्जैन के एकांकी/संयुक्त स्वामित्व, स्वत्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 1166 रकबा 1.63 हैक्टर, सर्वे क्रमांक 1162/1/1 रकबा 0.55 हैक्टर, सर्वे क्रमांक 1162/2/1 रकबा 0.80 हैक्टर, सर्वे क्रमांक 1164 रकबा 1.16 हैक्टर, सर्वे क्रमांक 1619/3 रकबा 0.06 हैक्टर, कुल किता 5 कुल संयुक्त रकबा 4.20 हैक्टर भूमि ग्राम बलेड़ी तहसील बड़नगर जिला उज्जैन में स्थित है, को मेरे पक्षकार ने कय करने का सौदा तय कर टोकन राशि अदा कर सौदा चिट्ठी का संपादन कर लिया है।

अतः उक्त वर्णित भूमि पर किसी भी बैंक, पेढी, निगम, वित्तीय संस्था, शासन, प्रायव्हेट व्यक्ति आदि का कोई ऋण, भार, मेन्टेनेन्स बकाया हो या उक्त वर्णित भूमि में किसी अन्य का कोई हक, हित, हिस्सा व सुखाधिकार किसी भी रूप में निहीत हो या इस विक्रय बाबत किसी को कोई आपत्ति आदि हो तो वह इस जाहिर सूचना से 07 दिवस के अंदर अपनी आपत्ति मय लेखी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके। अन्यथा बाद गुजरने मियाद मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त वर्णित भूमि का अनुबंध या विधिवत विक्रय पत्र निष्पादित व पंजीयन करवा लेवेंगे व किसी की कोई आपत्ति आदि मान्य नहीं होगी। सो सूचित हो।

इति दिनांक : 19-06-2026 स्थान उज्जैन

**श्याम गुप्ता, एडव्होकेट**
**दुकान नंबर - सीएफ-7, भरतपुरी शांपिंग काम्पलेक्स, देवास रोड़ उज्जैन**
**मोबाईल नंबर- 99264 66157**

## लोदिया में हरे-भरे विशाल आम के पेड़ पर चली कुल्हाड़ी

**शाजापुर।** पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बचाने के तमाम दावों के बीच शाजापुर जिले में लकड़ी माफिया बेखौफ होकर हरे-भरे पेड़ों का कत्ल कर रहे हैं। ताजा मामला लालघाटी थाना क्षेत्र के लोदिया इलाके का है, जहां एक विशाल और पुराने आम के पेड़ को काट दिया गया। हालांकि, समय रहते पुलिस और वन विभाग की संयुक्त कार्रवाई के चलते लकड़ी की तस्करी विफल हो गई, लेकिन इस घटना ने जिले में धड़ल्ले से चल रहे लकड़ी के अवैध कारोबार और जिम्मेदारों की कार्यप्रणाली पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं। जानकारी के अनुसार, गुरुवार दोपहर करीब 2 बजे मुखबिर से सूचना मिली थी कि लोदिया इलाके में एक बड़े आम के पेड़ की कटाई की जा रही है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए लालघाटी थाना पुलिस और वन विभाग की टीम ने मौके पर दबिश दी। टीम को 20 क्विंटल से अधिक आम की ताजी कटी हुई लकड़ी पड़ी मिली। घटनास्थल पर पांच लोग भी मौजूद पाए गए, जिनसे टीम ने प्रारंभिक पूछताछ कर आवश्यक जानकारी जुटाई है। वन विभाग ने मौके पर ही जब्ती का पंचनामा तैयार किया।

## अनियंत्रित डंपर दुकानों में घुसा, बड़ा हादसा टला

**शाजापुर।** डंपर अनियंत्रित होकर दुकानों में जा घुसा। जानकारी के अनुसार गुरूवार तड़के जामनेर की ओर जा रहे डंपर के चालक की अचानक नींद की झपक लग गई जिससे डंपर सड़क किनारे बनी दुकानों में जा घुसा। हादसे में तीन से चार दुकानों को भारी नुकसान पहुंचा। घटना सुबह करीब 4 से 4.30 बजे के बीच की है। गनीमत रही कि अल सुबह हुए इस हादसे में किसी तरह कि जनहानि नही हुई क्योंकि दुकानें बंद थीं। अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। फिलहाल पुलिस ने मामला जांच में लिया है।

## बाइक की टक्कर में दो लोग घायल, अस्पताल पहुंचाया

**शाजापुर।** बाइक ने पैदल जा रहे ट्रक चालक को टक्कर मारकर घायल कर दिया। वहीं इस घटना में बाइक चालक को भी चोंट आई है। जानकारी के अनुसार शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र में बुधवार रात करीब 10 बजे कौटिल्य स्कूल के पास अनियंत्रित बाइक ने पैदल जा रहे ट्रक चालक राजू को टक्कर मार दी। बताया जा रहा है कि राजू सड़क किनारे खड़े अपने ट्रक से उतरकर कुछ सामान लेने के लिए एक दुकान की ओर जा रहा था, तभी पीछे से आई बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। घटना में ट्रक चालक राजू और बाइक चालक गोपाल सोलंकी घायल हो गए जिन्हे उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## हरा-भरा कालापीपल अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन

**शाजापुर।** एक पौधा मां के नाम और हरा भरा कालापीपल अभियान के अंतर्गत गुरूवार को राजीव गांधी महाविद्यालय कालापीपल सभागृह में सरपंच, सचिव एवं रोजगार सहायक की कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में विधायक कालापीपल घनश्याम चंद्रवंशी ने बताया कि कालापीपल विकासखंड में 4 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होने जन-जन तक पर्यावरण संरक्षण संवर्धन के लिए पौधा रोपण करने एवं पौधा लगाने के साथ-साथ उसकी सुरक्षा और उसे बड़ा करने की जिम्मेदारी के बारे में नैतिक जिम्मेदारी के भाव से कार्य करने की बात कही। विधायक चंद्रवंशी ने सभी से अपील की कि अपने संस्था, परिवार मुख्य मार्ग पर फलदार और छायादार पौधे का रोपण करें और उनकी सुरक्षा भी करें।

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री रितिका गोहिल, आयु-19 वर्ष, निवासी मकान नंबर 290, गौतम मार्ग, नयापुरा, उज्जैन (म.प्र.) जो कि मेरे साथ ही निवास करती थी तथा वह दिनांक 14/06/2025 को बिना बताये अपनी स्वैच्छा से कहीं चली गई थी तथा कुछ दिन बाद वापस आ गई थी, जिसके संबंध में पुलिस थाना जीवाजीगंज उज्जैन में दिनांक 14/06/2025 को एफ.आई.आर. दर्ज करवाई गई थी। दिनांक 15/06/2026 को पुनः बिना बताये घर से जा चुकी है, जिस संबंध में मेरे द्वारा पुलिस थाना जीवाजीगंज, उज्जैन में दिनांक 15/06/2026 को एफ.आई.आर. दर्ज करवाई गई है। अपनी पुत्री के उक्त कृत्य से अत्यधिक दुःखी व मानसिक रूप से काफी प्रताड़ित हो गया हूँ तथा मेरी पुत्री के उक्त कृत्य से मेरी व परिवार की समाज व रिश्तेदारी में छबि धूमिल होकर मान-प्रतिष्ठा पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। ऐसी स्थिति में आज दिनांक से मेरा तथा मेरे परिवार के किसी सदस्य का मेरी पुत्री रितिका गोहिल से कोई संबंध सरोकार नहीं रहेगा तथा मेरी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से मेरी पुत्री रितिका गोहिल को बेदखल करता हूँ और उससे सारे संबंध भी समाप्त करता हूँ। इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के पश्चात् कोई भी व्यक्ति मेरी पुत्री से किसी भी प्रकार का कोई संव्यवहार करता हैं तो ऐसा किसी भी प्रकार का संव्यवहार मुझ पर या मेरे परिवार वालों पर बंधनकारी नहीं होगा, उसका समस्त उत्तरदायित्व स्वयं का होगा।

दिनांक-19-06-2026

**शैतानसिंह गोहिल पिता**
**श्री नारायणसिंह गोहिल**
**मकान नंबर 290 गौतम मार्ग,**
**नयापुरा, उज्जैन मो. 7697017119**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार के द्वारा भूमि स्वामी 1. रसीद खा पिता अब्दुल हकीम खा उर्फ चांद खान, निवासी- ग्राम चीकली उज्जैन, 2. रफीक खा पिता हकीम खा, निवासी-बडनगर मार्ग, ग्राम चीकली उज्जैन, 3. हकीम खा पिता इब्राहीम खा, निवासी-बडनगर मार्ग, ग्राम चीकली उज्जैन, 4. अनीसा मुलतानी पति उस्मान मुलतानी, पिता कासम, निवासी-बीर दुर्गादास मार्ग, जूना सोमवरिया उज्जैन, से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की सर्वे नं. 438 रकबा 0.400 हेक्टर, सर्वे नं. 437/1 रकबा 0.720 हेक्टर में से 0.400 हेक्टर, सर्वे नं. 437/3 रकबा 1.600 हेक्टर में से 1.200 हेक्टर, कुल किता 3 कुल रकबा 2.720 हेक्टर में से 2.00 हेक्टर भूमि ग्राम चिकली, तहसील बडनगर, जिला उज्जैन में स्थित है को क्रय करने का सौदा कर टोकन राशि अदा कर दी है, अब अनुबंध-पत्र व विक्रय-पत्र का संपादन करवाना शेष है। उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति के क्रय-विक्रय के संबंध में किसी भी संस्था, व्यक्ति को कोई आपत्ति हो या किसी शासकीय या अर्द्धशासकीय कार्यालय, बैंक, सोसायटी आदि का कोई ऋण भार आदि हो या कोई व्यक्ति, सोसायटी, संस्था आदि उक्त सम्पत्ति पर अपना हक, हित, स्वत्व, आदि रखती हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 दिन के अन्दर मय प्रमाण के लिखित रूप में आपत्ति मेरे कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें, ताकि उसका निराकरण किया जा सके। उक्त अवधि के पश्चात् मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि के विक्रय-पत्र का सम्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। उक्त अवधि के पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई उज्र व आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी तथा ऐसी कोई उज्ज व आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नहीं होगी तथा प्रभावशुन्य रहेगी। अपने पक्षकार के आदेश व निर्देशानुसार यह जाहिर सूचना सर्वसाधारण के ज्ञानार्थ व ध्यानार्थ की जा रही है। सो सूचित हो। इतिः दिनांक- 18/06/2026, उज्जैन

**तनूश्री पंडया, एडवोकेट**
**ऑफिस-सीएफ-10, प्रथम तल, भरतपुरी काम्पलेक्स, उज्जैन**
**मो. 98263 42244**

### कार्यालय उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन
### // जाहिर सूचना//

सर्व साधारण को एतद् सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की पंडित दीनदयाल उपाध्याय नानाखेड़ा बस स्टेण्ड योजना के अंतर्गत भवन / भूखण्ड/दुकान क्र. 1/10 (भूतल) श्री रितिक यादव पिता श्री महेन्द्र यादव निवासी 184, सेठी. नगर, बैंक ऑफ इंडिया के पास उज्जैन (म.प्र) के नाम पर दर्ज है। आवंटी के द्वारा उक्त सम्पति के विक्रय/अंतरण हेतु वांछित दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त सम्पति का अंतरण श्री सैय्यद सैफी अली पिता श्री सैय्यद फिरासत अली निवासी-19/3, कमला नेहरू मार्ग, फ्रीगंज उज्जैन (म.प्र.) के नाम पर किये जाने हेतु निवेदन किया है। अतः आवंटी द्वारा यदि अन्य किसी भी व्यक्ति / बैंक / वित्तीय संस्था आदि को उक्त सम्पत्ति का सोदा किया गया हो या रहन/मार्टगेज रखी गई हो अथवा उक्त सम्पत्ति विक्रय/अंतरण में किसी अन्य को कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन की तिथि से 7 दिवस में मय ठोस प्रमाण (प्रमाणित दस्तावेज) के लिखित रूप में सम्पदा शाखा में नियत अवधि के पूर्व प्रस्तुत कर आवेदन पत्र की पावती प्राप्त करें। अन्यथा निर्धारित समयावधि पश्चात प्राधिकरण के द्वारा विकय/अंतरण अनुमति दी जाने की कार्यवाही की जावेगी। नियत समयावधि के पश्चात कोई भी आपत्ति आदि स्वीकार नही की जावेगी।

**सहायक सम्पदा अधिकारी**
**उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन**

### जाहिर सूचना का खण्डन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, श्री राजेश बांठिया, एडवोकेट द्वारा उनके अनाम पक्षकार के द्वारा कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 189/3, रकबा 2.257 हेक्टेयर, स्थित ग्राम पंवासा, तहसील व जिला उज्जैन, जो कि 1. रमेश जाट पिता स्व. श्री राधाकिशन जाट एवं 2. श्रीमती देवूबाई उर्फ देउबाई पति स्व. श्री राधाकिशन जाट, निवासीगण शंकरपुर, मक्सी रोड, उज्जैन के नाम से विक्रय के संबंध में दैनिक अवंतिका समाचार पत्र में दिनांक 27.05. 2026 को जाहिर सूचना प्रकाशित कराई गई थी जिसका कि, मेरे पक्षकार द्वारा खण्डन किया जाता है। उक्त भूमि मेरे पक्षकार द्वारा बृजेश पंड्या पिता श्री बालकृष्णजी पंड्या, निवासी उज्जैन के द्वारा विधिवत विक्रय अनुबंध पत्र के द्वारा क्रय की गई है तथा मेरे पक्षकार ने उक्त सौदे पेटे एक बड़ी राशि का भुगतान भी विक्रेतापक्ष को कर दिया है तथा विक्रेता रमेश जाट पिता स्व. श्री राधाकिशन जाट एवं 2. श्रीमती देवूबाई उर्फ देउबाई पति स्व. श्री राधाकिशन जाट के द्वारा उक्त भूमि को अवैध एवं अनुचित तरिके से विक्रय करने का प्रयास किया जा रहा है। अतः इस जाहिर सूचना के माध्यम से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कोई भी व्यक्ति, संस्था एवं निकाय उपरोक्त वर्णित कृषि भूमि के संबंध में इन लोगों से किसी भी प्रकार का संव्यवहार न करें एवं यदि कोई इस प्रकार का संव्यवहार करता है तो वह मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नहीं रहेगा। तथा इस गैरकानूनी अंतरण या सौदे के प्रतिकूल परिणाम का उत्तरदायित्व उसी व्यक्ति पर होगा एवं मेरे पक्षकार द्वारा (धारा 420, 467, 468, 471 एवं 120 बी भारतीय दण्ड विधान) धारा 318, 338, 336 एवं 61 (2) भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के अन्तर्गत आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध करवाने संबंधी कार्यवाही की जा रही है।

सो सूचित हो। दिनांक 19.06.2026

**भावना रायकवार, एडवोकेट**
**आफिस- एलजीआई -2 ओपोसीट आईडीए अनएकेडमी के पास**
**रेडक्रास रोड इंदौर एमपी मो. 7970135643**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी श्री सुरे सिंह पिता श्री करण सिंह, जाति-सौंधिया (गैर आदिवासी), निवासी-ग्राम पाड़ीखेड़ा तहसील झारडा जिला उज्जैन के एकमेव स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 234/1/1 रकबा 0.56 हेक्टर व सर्वे क्रमांक 234/2/2 रकबा 0.56 हेक्टर, कुल सर्वे क्रमांक संख्या 2. कुल रकबा 1.12 हेक्टर, स्थित ग्राम पाड़ीखेड़ा तहसील झारड़ा जिला उज्जैन में होकर फ्रीहोल्ड् राईट्स की हैं। इसी प्रकार, भूमि स्वामीनी श्रीमती लीला बाई पति श्री लाल सिंह, जाति-राजपूत (गैर आदिवासी), निवासी-ग्राम रामवासा तहसील व जिला उज्जैन व कृषक ग्राम पाड़ीखेड़ा तहसील झारड़ा जिला उज्जैन के एकमेव स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 480/2 रकबा 0.52 हेक्टर व सर्वे क्रमांक 481/1/1 रकबा 0.61 हेक्टर, कुल सर्वे क्रमांक संख्या 2. कुल रकबा 1.13 हेक्टर, स्थित ग्राम पाड़ीखेड़ा तहसील झारड़ा जिला उज्जैन में होकर फ्रीहोल्ड राईट्स की है। इस प्रकार कुल मिलाकर संयुक्त रकबा 2.25 हेक्टर भूमि को मय तल, जमीन व हवाई हक सहित तथा निर्विवाद व रिक्त अवस्था में क्रय करने का सौदा किया होकर आंशिक धनराशि अदा कर दी हैं। उक्त सम्पत्ति पर किसी भी व्यक्ति, वित्तिय संस्था, बैंक, शासकीय/अर्द्धशासकीय विभाग, आदि का कोई स्वत्व, हित, अधिकार, सुखाधिकार, कब्जे आदि का अधिकार, अनुबंध, गिरवी आदि का भार अथवा इस विक्रय व्यवहार में किसी व्यक्ति को या अन्य किसी को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति आदि हो, तो वे सूचना प्रकाशन से 7 दिन में मय असल दस्तावेज व तथ्यात्मक प्रमाण के मुझसे आकर मिले, ताकी उसका निराकरण करवाया जा सकें। बाद मियांद किसी की कोई आपत्ति आदि मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नहीं रहेगी एवं मेरे पक्षकार द्वारा उक्त सम्पत्ति के अंतरण लेख का निष्पादन व पंजीयन करवा लिया जावेगा।

दिनांक 18.06.2026, उज्जैन,

**निखिल सोडानी एडवोकेट**
**कार्यालय-दुकान नं. डी-8, भरतपुरी शॉपिंग काम्पलेक्स,**
**आर.टी.ओ. आफिस के पीछे, देवास रोड़, उज्जैन**
**मोबाईल नम्बर-9301376778**

### कार्यालय नगर पालिक निगम, उज्जैन (म.प्र.)
### // नामांकन विज्ञप्ति जाहिर सूचना //

**क्रमांकः सम्पत्तिकर / 2026/662** — **उज्जैन, दिनांक : 15/06/2026**

सर्व सम्बन्धितों को सूचित किया जाता है कि, मध्यप्रदेश नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के प्रावधान अंतर्गत सम्पत्तिकर झोन कार्यालय, नगर पालिक निगम उज्जैन में नामांकन हेतु आवेदन पत्र प्राप्त हुए है, जिनका विवरण निम्नानुसार है :-

| झोन क्र. | वार्ड क्र. | प्र.क्र. | सम्बन्धित सम्पत्ति का पूर्ण पता (जिसका नामांकन होना है) | सम्पत्ति स्वामी का नाम | आवेदक का नाम जिसका नामांकन होना है | नामांकन का आधार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 06 | 54 | 1487 | भूमि / भूखण्ड 208 आर के पुरम | नाद बिल्डर्स | अभिलाषा कौर पति करणपाल सिंह | विक्रय पत्र |
| 06 | 54 | 1488 | भूमि / भूखण्ड 135 डिवाईन सिटी | सुनीता पति प्रहलाद जोशी | प्रीतिसिंह पति आदीश सिंह मोदी | विक्रय पत्र |
| 06 | 51 | 1489 | भूमि / भूखण्ड बी 14/1 महानंदा नगर | बृजकिशोर पिता स्व शिवदत्त शर्मा | प्रफुल्ल कुमार पिता रामनारायण चौबे | विक्रय पत्र |
| 06 | 54 | 1490 | भूमि / भूखण्ड 123 अमरीश नगर | पैराडाईज कन्स्ट्रक्शन | रागिनी पति विशाल जैन | विक्रय पत्र |
| 06 | 54 | 1491 | भूमि / भूखण्ड 18 ए आदिनाथ रेसी | कार्पोरेट डेवपलर्स | रितेश पिता स्व रमेशचन्द्र जी जैन | विक्रय पत्र |
| 06 | 48 | 1492 | भूमि / भूखण्ड 119 अर्पिता एनक्लेव | भारती पति अर्जुन तेजवानी | दीपेन्द्र पिता चंदनसिंह | विक्रय पत्र |
| 06 | 48 | 1493 | भूमि / भूखण्ड 38 मानसरोवर | कन्हैयालाल पिता हरिरामजी | शुक्ला पिता सुखदेवप्रसाद जी | विक्रय पत्र |
| 06 | 36 | 1494 | भूमि / भूखण्ड 08 विवेकानंद नगर | सुरजीतसिंह पिता केशरसिंह | जसविंदर पति स्व सुरजीतसिंह | शपथ पत्र/मृत्यु पत्र |
| 06 | 48 | 1495 | भूमि / भूखण्ड 66 का भाग सुदर्शन नगर | साधना पति महेश जी सक्सेना | ललीताबाई पति चिंतामन जी प्रजापत | विक्रय पत्र |
| 06 | 48 | 1496 | भूमि / भूखण्ड 1/1/2 भाग सुदर्शन नगर | पंकज पिता अमृतलाल जी राठौर | ललीताबाई पति चिंतामन जी प्रजापत | विक्रय पत्र |
| 06 | 54 | 1497 | भूमि / भूखण्ड 84 सनराईज सिटी | संगीता पति सतीश | पूनम पति योगेन्द्र यादव | विक्रय पत्र |
| 06 | 53 | 1498 | भूमि / भूखण्ड बी15/21त्रिवेणी विहार | तुलसा पति मनोज | रीता कुंवर पति दशरथ सिंह | विक्रय पत्र |
| 06 | 54 | 1499 | भूमि / भूखण्ड 223 डिवाईन सिटी | कन्हैयालाल पिता मांगीलाल | हरिसिंह पिता किशनसिंह | विक्रय पत्र |
| 06 | 54 | 1500 | भूमि / भूखण्ड 12 शिवविहार | फ्यूचर डेवपलर्स | पुष्पा पति प्रहलाद दास गुप्ता | विक्रय पत्र |
| 06 | 54 | 1501 | भूमि / भूखण्ड एल 02 तिरुपति टाउन | गीताबाई पति अमरलाल | सुनील पिता बाबूलाल | विक्रय पत्र |
| 06 | 51 | 1502 | भूमि / भूखण्ड ए 2/15 महानंदा नगर | सुधीर किशोर पिता मोहन किशोर भटनागर | शिखा पति ओमप्रकाश पिता स्व सुधीर किशोर, ऋचा, ऋतु | शपथ पत्र/मृत्यु पत्र |
| 06 | 54 | 1503 | भूमि / भूखण्ड 47 प्रेमरतन पार्ट 1 | रंजीता पति दिनेश, वंदना पति मयूर सिंह | प्रेमलता पति निलेश पाटील | विक्रय पत्र |
| 06 | 53 | 1504 | भूमि / भूखण्ड ए 27/10 त्रिवेणी विहार | सैलाबुर्रहमान पिता मुमताज खान | चेतन पिता सुभाषचंद्र, निकिता पति चेतन शर्मा | विक्रय पत्र |
| 06 | 49 | 1505 | भूमि / भूखण्ड ए 8/17 वेदनगर | नाथूलाल पिता गोपीलाल | कल्पना पति स्व नाथूलाल वर्मा | शपथ पत्र/मृत्यु पत्र |
| 06 | 35 | 1506 | भूमि / भूखण्ड 13 मंछामन कालोनी | विक्रमसिंह पिता गोपालसिंह | अजबसिंह पिता विक्रमसिंह | दान पत्र |
| 06 | 35 | 1507 | भूमि / भूखण्ड 87 अहिल्या नगर | जवाहर पिता नामदेव जयसिंघानी | रसीला पति सुरेन्द्र कुमार जैन | विक्रय पत्र |
| 06 | 36 | 1508 | भूमि / भूखण्ड 3733/2, 3729/2 का भाग कंचन विहार | राजेश कुमार पिता तेजकुमार | सुभाष पिता मथुरालाल यादव | विक्रय पत्र |
| 06 | 54 | 1509 | भूमि / भूखण्ड 31 का भाग शिवांश एवेन्यू | अथर्व पिता अरविन्द जी ताम्बे | मनीषा पति दिनेश यादव | विक्रय पत्र |
| 06 | 47 | 1510 | भूमि / भूखण्ड 27 परवाना नगर | रमेशचन्द्र पिता स्व हरस्वरुप जी | प्रमिला पति रमेशचन्द्र शर्मा | वसीयत पत्र |
| 06 | 34 | 1511 | भूमि / भूखण्ड 23 जयसिंह पुरा | कंचन बाई पति सीताराम जी बैरागी | शकुंतलाबाई पति स्व रघुनाथ, मुकेश पिता स्व रघुनाथ जी | शपथ पत्र/मृत्यु पत्र |
| 06 | 54 | 1513 | भूमि / भूखण्ड 115 का भाग सनराईज सिटी | नदीम खान पिता मोहम्मद सलीम खान | कृष्णा बाई पति रमेशलाल मालवीय | विक्रय पत्र |
| 06 | 54 | 1514 | भूमि / भूखण्ड 127 शिवधाम कालोनी | संतोष राव पिता माधव राव, गीता पति संतोष राव | दीपशिखा पिता सागरमल जी पाटीदार | विक्रय पत्र |
| 06 | 54 | 1515 | भूमि / भूखण्ड 02 नागझिरी जे एस आर | सिया राम डेवपलर्स | विष्णु कुंवर पति कृष्णपाल सिंह | विक्रय पत्र |
| 06 | 51 | 1516 | भूमि / भूखण्ड ए 18/20 महानंदा नगर | सिद्दुलाल पिता रामलाल जी सोनी | अर्चना पति अनिल विजयवर्गीय | विक्रय पत्र |
| 06 | 48 | 1517 | भूमि / भूखण्ड 66 इन्द्रालय हायलेण्ड्स | पुष्पलता पति प्रेमचंद गुप्ता | गौरव पिता प्रेमचंद गुप्ता | विक्रय पत्र |
| 06 | 54 | 1518 | भूमि / भूखण्ड 206 तिरुपति फारच्युन सिटी | तिरुपति इन्फा | प्रिया पति रोहित पिता सुरेन्द्र मोहन | विक्रय पत्र |
| 06 | 54 | 1519 | भूमि / भूखण्ड डी 9/16 क्षिप्रा विहार | उज्जैन विकास प्राधिकरण | छीपचंद्र पिता स्व नंदकिशोर सिरोंजा | विक्रय पत्र |
| 06 | 54 | 1520 | भूमि / भूखण्ड 85 प्रेमरतन पार्ट 1 | भगवानसिंह पिता देवजी चौधरी | सविता पति गोवर्धनलाल मावी | विक्रय पत्र |
| 06 | 54 | 1521 | भूमि / भूखण्ड 69 गौतम विहार | सिया राम डेवपलर्स | मुक्ति व्यास पति शुभम व्यास | विक्रय पत्र |
| 06 | 34 | 1522 | भूमि / भूखण्ड 03 भगतसिंह मार्ग | प्रेमाबाई पति स्व शिवचरण, राजेश,अल्पेश | अनिता पति स्व जगदीश जी, रवि पिता स्व जगदीश खिच्ची | बटवारा पत्र |
| 06 | 36 | 1523 | भूमि / भूखण्ड 1/1 विवेकानंद कालोनी | सत्यनारायण पिता मोतीलाल शर्मा | अनुराधा पति स्व रमेशचंद्र जी सोनी | विक्रय पत्र |
| 06 | 48 | 1524 | भूमि / भूखण्ड 06 दिप्ती विहार | मुन्नालाल पिता नेमीचंद जी | राजकुमारी पति स्व मुन्नालाल, रितेश, पंकज, संगीता ज्योति जैन | शपथ पत्र/मृत्यु पत्र |
| 06 | 48 | 1525 | भूमि / भूखण्ड 05 यंत्रमहल मार्ग | कोमल पति देवकरण प्रजापति, शुभम | माला पति देवेन्द्र प्रजापति | विक्रय पत्र |
| 06 | 48 | 1526 | भूमि / भूखण्ड 17 तिरुपति प्राईड | महेश पिता स्व नारायणदास जी | स्मिता पति गौरव मेहता | विक्रय पत्र |
| 06 | 48 | 1527 | भूमि / भूखण्ड 245 का भाग त्रिवेणी हिल्स | साधना पति सुनील रावत | सविता पति राजेश कुमावत | विक्रय पत्र |
| 06 | 54 | 1528 | भूमि / भूखण्ड 129 सनराईज सिटी | विशाल पिता अशोकराव | शशिपाल पिता कन्हैयालाल कुमावत | विक्रय पत्र |
| 06 | 35 | 1529 | भूमि / भूखण्ड 26/2/1 पश्चिमी भाग अंबर कालोनी | लक्ष्मी बाई पति स्व गणेश यादव,रोहित,गोपाल, रिंकु | रिंकू पिता स्व गणेश यादव | विभाजन पत्र |
| 06 | 35 | 1530 | भूमि / भूखण्ड 26/2/1 मध्य भाग अंबर कालोनी | लक्ष्मी बाई पति स्व गणेश यादव,रोहित,गोपाल, रिंकु | गोपाल पिता स्व गणेश यादव | विभाजन पत्र |
| 06 | 35 | 1531 | भूमि / भूखण्ड 26/2/1 अंबर कालोनी | लक्ष्मी बाई पति स्व गणेश यादव,रोहित,गोपाल, रिंकु | लक्ष्मी बाई पति स्व गणेश | विभाजन पत्र |
| 06 | 53 | 1534 | भूमि / भूखण्ड 16 उपवन रेसी. | उपवन लेण्ड डेवपलर्स | लीना पति सिद्धार्थ बोहरा | विक्रय पत्र |
| 06 | 54 | 1535 | भूमि / भूखण्ड इ 1/11 क्षिप्रा विहार | सुरेशचन्द्र पिता चुन्नीलाल, ममता पति सुरेशचन्द्र | तसनीमराज पति खुजेमा राज बुरहानपुर वाला,खुजेमा पिता फखरुद्दीन, मुर्तजा पिता हसन अली शाकिर | विक्रय पत्र |
| 06 | 54 | 1536 | भूमि / भूखण्ड 98 संत हिरदाराम सिटी | शबीहा पति स्व मोहम्मद इमरान, तैबा पिता स्व मोहम्मद इमरान | आरती पति संजीव कुमार घोष | विक्रय पत्र |
| 06 | 48 | 1537 | भूमि / भूखण्ड 40 अमरनाथ एवेन्यु | अंजुश्री कन्स्ट्रक्शन | महेन्द्र सिंह पिता महेशसिंह तोमर | विक्रय पत्र |
| 06 | 54 | 1538 | भूमि / भूखण्ड 120 तिरुपति फारच्युन सिटी | तिरुपति इन्फा | नीलू पिता करनसिंह तिलकर | विक्रय पत्र |
| 06 | 54 | 1539 | भूमि / भूखण्ड 152 तिरुपति फारच्युन सिटी | तिरुपति इन्फा | ललिता पति करनसिंह तिलकर | विक्रय पत्र |
| 06 | 54 | 1540 | भूमि / भूखण्ड 06 शिव विहार | मेसर्स फयुचर डेवलपर्स | मधु बाई पति रामगोपाल | विक्रय पत्र |
| 06 | 47 | 1541 | भूमि / भूखण्ड 15/2 सार्थक नगर | उत्तम कुमार पिता अखिल चन्द्र | प्रतिमा पति स्व उत्तम कुमार ढाली | शपथ पत्र/मृत्यु पत्र |
| 06 | 47 | 1542 | भूमि / भूखण्ड 15/2 सार्थक नगर | उत्तम कुमार पिता अखिल चन्द्र | प्रतिमा पति स्व उत्तम कुमार ढाली | शपथ पत्र/मृत्यु पत्र |
| 06 | 53 | 1543 | भूमि / भूखण्ड 162 उपवन रेसी. | उपवन लेण्ड डेवलपर्स | लीना पति सिद्धार्थ बोहरा | विक्रय पत्र |
| 06 | 34 | 1544 | भूमि / भूखण्ड 24/6 जयसिंह पुरा | रुकमणी पति शैलेन्द्र सिंह | पवन पिता कैलाशचंद्र अग्रवाल | विक्रय पत्र |
| 06 | 54 | 1545 | भूमि / भूखण्ड 266 बी आदर्श नगर | नजनीन पति इंसाफ अहमद | जफर पिता महमूद जकी | विक्रय पत्र |
| 06 | 48 | 1546 | भूमि / भूखण्ड 270 का भाग त्रिवेणी हिल्स | कीर्ति पति श्रीराम यादव | भाग्यश्री पति प्रवीण सिंह सिसौदिया | विक्रय पत्र |
| 06 | 48 | 1547 | भूमि / भूखण्ड 214 का भाग त्रिवेणी हिल्स | सुरेशचन्द्र पिता राधाकिशन | सुनील पिता कैलाशचंद बैवाल | विक्रय पत्र |
| 06 | 53 | 1548 | भूमि / भूखण्ड बी 18/11 बसंत विहार | अशोक पिता स्व कृष्णमोहन, सुनीलकुमार पिता स्व कृष्णमोहन, विवेक, निशा | कमल पति किशन सिंह, सुचित्रा पति शिवम | विक्रय पत्र |
| 06 | 47 | 1549 | भूमि / भूखण्ड 10 अलखधाम नगर | नीता पति सुरेन्द्र कुमार | कार्तिक पिता मुकेश टटवाल | विक्रय पत्र |

अतः उक्त नामांकन के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो नामांकन विज्ञप्ति जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के भीतर लिखित में मय अभिलेख / प्रमाण के साथ अपनी आपत्ति संबंधित झोन के प्रभारी सहायक सम्पत्तिकर अधिकारी को प्रस्तुत करें, नियत अवधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति मान्य नहीं होगी।

नोटः- उक्त नामांकन विज्ञप्ति जाहिर सूचना निगम की वेबसाईट http://nagarnigamujjain.org/ पर भी देखी जा सकती है।

**सहायक आयुक्त ( सम्पत्तिकर )**
**नगर पालिका निगम उज्जैन**

## न्यूज-कॉलम

### 90 किलो ग्राम अवैध डोडाचूरा जप्त

**मंदसौर।** शामगढ़ थाना पुलिस ने ढाबला गुर्जर अंडर ब्रिज के पास घेराबंदी कर एक सफेद रंग की पिकअप वाहन क्र. पीबी 65 बीएम 7353 को रोका। मुखबिर की सूचना पर की गई इस कार्रवाई के दौरान जब वाहन की तलाशी ली गई, तो प्याज के कट्टों के नीचे चालाकी से छिपाकर ले जाया जा रहा कुल 90 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा बरामद हुआ। पुलिस ने मौके से उत्तर प्रदेश के बदायूं जिले के निवासी दो तस्करों, विपिन (25 वर्ष) निवासी हथनीबुड और राहुल सिंह (34 वर्ष) निवासी सरोरी को गिरफ्तार किया है। जप्त किए गए डोडाचूरा की कीमत करीब 1 लाख 80 हजार रुपये आंकी गई है। पुलिस ने मादक पदार्थ के साथ पिकअप और प्याज के 25 कट्टे भी जब्त किए हैं। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### 8 लाख की एमडी ड्रग और डोडाचूरा के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**मंदसौर।** नशा मुक्ति अभियान के तहत पिपलियामंडी पुलिस टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए अवैध मादक पदार्थों की तस्करी कर रहे दो आरोपियों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर पटाखा मार्केट काचरिया से आने वाले रोड पर घेराबंदी कर एक मोटरसाइकिल क्र. एमपी 14 जेडके 0628 को रोका और उस पर सवार दो संदिग्ध युवकों को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम महफुज पिंजारा (19 वर्ष) निवासी खजुरी रुण्डा (गरोठ) और वसीम मंसूरी (20 वर्ष) निवासी सगोरिया (शामगढ़) बताया। तलाशी लेने पर उनके कब्जे से 8 लाख रुपये कीमत की 400 ग्राम अवैध एमडी ड्रग तथा 20 हजार रुपये कीमत का 10,500 किलोग्राम डोडाचूरा जब्त किया गया। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी जब्त कर आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

### जनकल्याण शिविरों में हितग्राहियों को मिला योजनाओं का लाभ

**रतलाम ।** कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह के मार्गदर्शन में जिले में जन कल्याणकारी योजनाओं/सेवाओं में पात्रता रखने वाले हितग्राहियों को लाभ प्रदान करने हेतु शासन के निर्देशानुसार नगरीय निकाय विकासखंड मुख्यालय पर 3 दिवसीय जनकल्याण शिविर आयोजित किये गये। बाजना में आयोजित जन कल्याण शिविर में पहुंच कर कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह ने शिविर स्थल का भ्रमण कर विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया तथा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। शिविर में बड़ी संख्या में हितग्राहियों ने अपनी समस्याओं का निराकरण कराया और शासकीय योजनाओं का लाभ लिया।

### जिला पुलिस जन सुनवाई शिकायत निवारण शिविर संपन्न

**नीमच।** अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक उज्जैन जोन उज्जैन द्वारा जोन के सभी जिलों में मंगलवार को जिला स्तरीय जन सुनवाई एवं शिकायत निवारण शिविर का आयोजन कर अधिक से अधिक लंबित सी.एम. हेल्पलाईन एवं जनता शिकायतों का निराकरण करने संबंधी निर्देश दिये गये है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक उज्जैन जोन उज्जैन द्वारा दिये गये निर्देशों के पालन में दिनांक 16 जून को पुलिस कन्ट्रोल रूम नीमच स्थित सभाकक्ष में पुलिस अधीक्षक श्री राजेश व्यास द्वारा जिला स्तरीय जन सुनवाई एवं शिकायत निवारण शिविर का आयोजन किया गया। जिला स्तरीय जन सुनवाई एवं शिकायत निवारण शिविर के साथ साथ सीएम हेल्पलाइन शिकायत निवारण शिविर का भी आयोजन किया गया।

### अतिथियों ने हितग्राहियों को वितरित किया हितलाभ

**रतलाम ।** कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह के मार्गदर्शन में जिले में जन कल्याणकारी योजनाओं/सेवाओं में पात्रता रखने वाले हितग्राहियों को लाभ प्रदान करने हेतु शासन के निर्देशानुसार नगरीय निकाय विकासखंड मुख्यालय पर 3 दिवसीय जनकल्याण शिविर का आयोजन किया गया।

# संत महात्माओं से सम्मानजनक व्यवहार पर आचार संहिता एवं मार्गदर्शिका पुस्तक का विमोचन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम



कल आयोजित पट्टाभिषेक कार्यक्रम में संत-महात्माओं की गरिमामयी उपस्थिति में च्संत आचार संहिता एवं मार्गदर्शिकाज पुस्तक का विमोचन संपन्न हुआ। श्री सनातन धर्म सभा एवं महारूद्र यज्ञ समिति की ओर से रचित इस पुस्तक का विमोचन अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष श्री 1008 महंत श्री रविन्द्र पुरी जी महाराज, द्वारा करते हुए कहा कि इसमें किसी भी धार्मिक आयोजन में आमंत्रित साधु-संतों के प्रति अपेक्षित सम्मान, व्यवहार एवं व्यवस्थाओं का विस्तृत एवं व्यावहारिक वर्णन किया गया है। यह आज की वर्तमान पीढ़ी को जानने के लिये आवश्यक है।

अपने आर्शिवचन मे चारधाम आश्रम उज्जैन एवं निरंजनी अखाड़ा के महामंडलेश्वर स्वामी श्री शांति स्वरूपानंद जी महाराज, पंचायती निरंजनी अखाड़ा द्वारा कहा गया की संत-महात्माओं के आमंत्रण, स्वागत-सम्मान, आगमन-प्रस्थान, आवास, भोजन एवं अन्य व्यवस्थाओं के सुव्यवस्थित संचालन हेतु इस आचार संहिता एवं मार्गदर्शिका की सराहनीय प्रस्तुती की गई है।

पुस्तिका का विमोचन सचिव महंत श्री राम रतन जी सराहनीय महाराज, 1008 निरंजनी अखाड़ा महामंडलेश्वर श्री वैराग्यानंद जी (मिर्ची बाबा) महाराज, बड़ा रामद्वारा, जोधपुर के रामस्नेही श्री हरीराम शास्त्री जी महाराज, दंडी स्वामीमठ के श्री आत्मानंद जी सरस्वती, अखंड आश्रम के मंडलेश्वर श्री देवस्वरूपानंद जी के द्वारा अन्य अनेक संतों एवं साध्वीजन की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर पुस्तिका के लेखक श्री सनातन धर्म सभा एवं महारूद्र यज्ञ समिति अध्यक्ष श्री अनिल झालानी संक्षेपिता प्रस्तुत करते हुए कहा कि यह पुस्तक भविष्य में प्रतिदिन होने वाले धार्मिक आयोजकों के सफल एवं अनुशासित संचालन के आयोजनों के लिये अत्यंत उपयोगी एवं मार्गदर्शक सिद्ध होगी। पुस्तक के संपादन कर्ता महर्षि श्री शिवशंकर जी दवे द्वारा पुस्तिका के प्रकाशन के उद्देश्य व आवश्यकता बताते हुए अपनी प्रस्तावना मे कहा कि यह पुस्तिका सनातन समाज मे संतो के प्रति आदर का भाव प्रकट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में धर्मप्रेमीजन, समाजजन एवं श्रद्धालु उपस्थित थे।

## वीरांगना लक्ष्मीबाई के बलिदान दिवस पर दशपुर जागृति संगठन ने किया नमन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मन्दसौर



दशपुर जागृति संगठन द्वारा लक्ष्मीबाई के बलिदान दिवस पर लक्ष्मीबाई का यह बलिदान याद रखेगा हिंदुस्तान के नारों के साथ नगरपालिका के सहयोग से लक्ष्मीबाई चौराहे पर पहुंचकर प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में मातृशक्ति एवं संगठन के कार्यकर्ता वहां पहुंचे और प्रतिमा के समक्ष शपथ ली।

संगठन के कार्यकारी अध्यक्ष हरिशंकर शर्मा ने कहा कि मंदसौर की धरा पर वीरांगना लक्ष्मीबाई की प्रतिमा स्थापना से पूरा क्षेत्र व्यापार-व्यवसाय के साथ अब लक्ष्मीबाई चौराहा के नाम से दूर-दूर तक पहचान बना चुका है। कोषाध्यक्ष आर. सी. पांडे ने कहा कि हमें गर्व है कि हम महान क्रांतिकारियों को याद कर रहे हैं, आज राष्ट्र की बच्चियों को वीरांगना जैसी शिक्षा देने की आवश्यकता है। गीतकार महेश शर्मा ने कहा कि राष्ट्र को क्रांतिकारियों की याद दिलाने में संगठन का बड़ा योगदान है। संरक्षक राजाराम तंवर व अजीजुल्ला खान शखालिदश ने कहा कि हम मरते दम तक क्रांतिकारियों का स्मरण करते रहेंगे । संरक्षक रवींद्र पांडे ने मोबाइल पर बच्चों के सामने आने वाले गलत वीडियो को बंद करने की मांग सरकार से की। इस अवसर पर कमलेश दुबे, सत्यनारायण सोमानी, सत्य नारायण अग्निहोत्री, चंद्रकुमार बिश्नोई, राजेंद्र चाष्टा, अरुण गौड़ और सत्येंद्र सिंह आदि उपस्थित थे।

बलिदान दिवस पर भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रियंका गोस्वामी के नेतृत्व में वीरांगना की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर, भाजपा जिला महामंत्री महेश जूनवाल, जिला मंत्री रानू भावसार, मंडल अध्यक्ष अरविंद सारस्वत, पूर्व महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष निर्मला गुप्ता आदि उपस्थित रहीं। इसके पश्चात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर ईंधन और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए महिला मोर्चा की पदाधिकारियों ने ई-रिक्शा एवं ई-बाइक के साथ एक विशाल रैली निकाली।



## प्रशासन आपके द्वार' अभियान में सभी जिला अधिकारी एक ही यात्री बस से ग्राम कंजार्डा हुए रवाना

**नीमच।** 'प्रशासन आपके द्वार' अभियान के तहत कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के नेतृत्व में जिले के समस्त विभाग प्रमुख 18 जून को ग्राम कंजार्डा में आयोजित जिला स्तरीय रात्रि चौपाल एवं जनसमस्या निवारण शिविर में शामिल होने के लिए कलेक्ट्रेट परिसर से निर्धारित एक ही यात्री बस से रवाना हुए। कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा सहित अपर कलेक्टर श्री बी एस कलेश, सीईओ जिला पंचायत श्री अमन वैष्णव, वन मंडलाधिकारी श्री एस के अटोदे एवं समस्त जिला अधिकारियों ने शासकीय अथवा निजी वाहन का उपयोग न कर एक साथ बस से यात्रा की। इससे शासन की मितव्ययता एवं टीम भावना का संदेश गया। ग्राम कंजार्डा एवं आसपास के ग्रामीणों की राजस्व, पेयजल, विद्युत, स्वास्थ्य, पेंशन, खाद्यान्न एवं अन्य शासकीय योजनाओं से संबंधित समस्याओं का शिविर में मौके पर ही निराकरण किया जाएगा। बल्कि शासन की प्रतिबद्धता है। सभी अधिकारी पूरी संवेदनशीलता के साथ ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर उनका तत्काल समाधान सुनिश्चित करेंगे। शिविर में विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए हैं, जहां पात्र हितग्राहियों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ भी प्रदान किया जा रहा है।

## जिला कांग्रेस कमेटी ने घोषित की चार ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों की नवीन कार्यकारिणी

**मन्दसौर।** जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेन्द्रसिंह गुर्जर ने जिले की चार प्रमुख ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों की नवीन कार्यकारिणियों की घोषणा कर दी है। घोषित सूची के अनुसार मंदसौर ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी में विकास दशोरा को अध्यक्ष और दीपक मण्डोवरा को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है, जबकि उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी चंदरसिंह सिसौदिया, डॉ. घनश्याम कुमावत व डॉ. चन्द्रशेखर अहिरवार को सौंपी गई है। दलौदा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का नेतृत्व अध्यक्ष विनोद शर्मा और कोषाध्यक्ष दीपक भंडारी को दिया गया है, साथ ही रामप्रसाद पाटीदार, रामचंद डांगी व प्रवीण भंडारी उपाध्यक्ष बनाए गए हैं। इसी तरह शामगढ़ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी में किशोर सिंह को अध्यक्ष और निर्मला पंकज को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है, जबकि प्रमोद सत्यनारायण, गोपाल मुकुंदलाल व मोहम्मद जहिर को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। मेलखेड़ा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की कमान अध्यक्ष सुरेश धाकड़ और कोषाध्यक्ष राजमल वेदनाथ महाजन को सौंपी गई है, वहीं ओमप्रकाश भाट, उदयसिंह गुर्जर, जानकीलाल पाटीदार व रविन्द्रसिंह चन्द्रावत इसके उपाध्यक्ष होंगे। इन सभी ब्लॉक कमेटियों में महासचिव, सचिव, मीडिया प्रभारी और सोशल मीडिया प्रभारी के पदों पर भी नियुक्तियां की गई है।

## नीट परीक्षाः सतर्कता और सुगमता के साथ व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंदसौर



राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) के सफल एवं व्यवस्थित आयोजन को लेकर कलेक्टर अदिति गर्ग ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से परीक्षा केंद्रों के एग्जाम कोऑर्डिनेटर एवं संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने सभी अधिकारियों को सतर्कता एवं सुगमता के साथ परीक्षा संपन्न कराने तथा विद्यार्थियों की प्रवेश प्रक्रिया समय पर पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

जिले में नीट परीक्षा चार केंद्रों लाल बहादुर शास्त्री उत्कृष्ट उ.मा.वि. मंदसौर, महारानी लक्ष्मीबाई शा.कन्या उ.मा.वि. मंदसौर, पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय मंदसौर तथा राजीव गांधी शासकीय महाविद्यालय मंदसौर में आयोजित होगी। इस परीक्षा में लगभग 1240 विद्यार्थी सम्मिलित होंगे। परीक्षा केंद्रों में विद्यार्थियों का प्रवेश प्रातः 11 बजे से प्रारंभ होगा तथा परीक्षा दोपहर 2 बजे से आयोजित की जाएगी। कलेक्टर ने परीक्षा केंद्रों पर अभिभावकों के बैठने हेतु समुचित वेटिंग एरिया एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर के दायरे में किसी भी प्रकार की वाहन पार्किंग एवं अनधिकृत व्यक्तियों के प्रवेश पर प्रतिबंध सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में चेकिंग व्यवस्था को सुव्यवस्थित एवं समयबद्ध रखने, सभी कक्षों में सीसीटीवी कैमरे संचालित रखने, कंट्रोल रूम की सतत निगरानी, बायोमेट्रिक ई-मशीनों के सुचारू संचालन तथा सभी केंद्रों पर जैमर स्थापित कर उनकी कार्यशीलता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। परीक्षा की निगरानी के लिए मोटरसाइकिल पेट्रोलिंग दल की व्यवस्था भी रहेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि दोपहर 1 बजे के बाद किसी भी बाहरी व्यक्ति को परीक्षा केंद्र परिसर में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी।

## कलेक्टर ने पिकनिक स्थलों का किया निरीक्षण

**रतलाम ।** कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह ने वषार्काल को दृष्टिगत रखते हुए माही नदी क्षेत्र, गड़खंगाई माताजी, श्रीराम प्वाइंट तथा जामडपाटड़ी पिकनिक प्वाइंट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आमजन एवं पर्यटकों की सुरक्षा के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने संवेदनशील स्थलों पर चेतावनी बोर्ड, पानी की गहराई संबंधी सूचना बोर्ड, "तालाब में जाना वर्जित है" तथा "बारिश के दौरान बहते हुए पानी में प्रवेश करना मना है" जैसे सूचना बोर्ड लगाने के निर्देश दिए।

# नगर पालिका में हुआ जिला स्तरीय पीएम आवास मेला

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नीमच

जिला प्रशासन द्वारा नगर पालिका कार्यालय परिसर नीमच में गुरुवार 18जून को केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को उपलब्ध कराने के लिए अंगीकार 26 अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय पीएम आवास मेला एवं स्वनिधि महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अतिथि के रूप में विधायक दिलीप सिंह परिहार, कलेक्टर हिमांशु चंद्रा,नपा अध्यक्ष श्रीमती स्वाति गौरव चोपड़ा, भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती वंदना खंडेलवाल, जिला पंचायत सीईओ अमन वैष्णव, जिला परियोजना अधिकारी चंद्रसिंह धारवे, एसडीएम पराग जैन, सांसद प्रतिनिधि आदित्य मालू, सीएमओ श्रीमती दुर्गा बामनिया, नपा उपाध्यक्ष रंजना करण सिंह परमाल, हेमंत हरित, मंडल अध्यक्ष मोहन सिंह राणावत, पार्षद किरण शर्मा,एल्डरमैन अरुणा तलरेजा, शंकर बंसल आदि मंचासीन थे। कार्यक्रम की शुरूआत मंचासिन अतिथिगणों ने मां सरस्वती की तस्वीर पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन से की। अतिथि स्वागत के पश्चात विधायक श्री परिहार, नपा अध्यक्ष श्रीमती चोपड़ा व भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती खंडेलवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र जी मोदी व मुख्यमंत्री मोहन

यादव के नेतृत्व में संचालित शासन की विभिन्न जनहितकारी एवं कल्याण कारी योजनाओं की जानकारी उपस्थित हितग्राहियों को प्रदान की एवं योजनाओं का लाभ उठाने का आव्हान किया। इसके पश्चात अतिथिगणों में नगर पालिका कार्यालय परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण की रक्षा का संदेश दिया। कार्यक्रम स्थल पर शासन की विभिन्न योजनाओं से संबंधित विभागों की 15 से अधिक स्टाल लगी हुई थी जिनका अवलोकन अतिथिगणों ने किया एवं हितग्राहियों ने स्टाल पर पहुंचकर योजनाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की. इस दौरान अतिथिगणों ने विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को लाभ वितरण पत्र भी प्रदान किये।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक परिहार ने कहा कि जनकल्याण महोत्सव शिविर आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य है कि शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को उपलब्ध करवा कर प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री जी की जन कल्याण की भावनाओं को साकार किया जा सके। इस अवसर पर नपाध्यक्ष स्वाति गौरव चोपड़ा ने अपने उदबोधन में कहा कि इस जन कल्याण शिविर के माध्यम से पात्र हितग्राहियों को शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्राप्त होकर योजनाओं का लाभ उठाने में आ रही समस्याओं का निदान होगा ओर वे योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकेंगे। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष वंदना खंडेलवाल ने भी शासन की विभिन्न योजनाओं से उपस्थित हितग्राहियों को अवगत कराया। कार्यक्रम का संचालन राजेश पप्पू मंगल ने किया व आभार एसडीएम श्री पराग जैन ने व्यक्त किया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में लीड बैंक मैनेजर शेखर जी ने बैंकों के माध्यम से शासन की योजनाओं का लाभ उठाने के बारे में जानकारी दी,वही फाइनेंसर लीगल काउंसलर विजय कुमार चतर ने ऑन लाइन धोखाधड़ी से बचाव के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इसी प्रकार नगर पालिका की एनयुएलएम शाखा के सिटी मिशन मैनेजर प्रवीण आर्य ने प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना सहित विभिन्न योजनाओं के लाभ के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की. इन योजनाओं की लगी थी स्टॉल - जनकल्याण महोत्सव शिविर में नगर पालिका द्वारा आयुष्मान कार्ड योजना, आदि शामिल है।

## न्यूज कालम



### असेंबली आफ एमपी जर्नलिस्ट इकाई ने मनाई महाराणा प्रताप की जयंती

**नीमच।** प्रदेश के सक्रिय राष्ट्रवादी पत्रकार संगठन असेंबली आफ एमपी जर्नलिस्ट जिला नीमच इकाई ने मेवाड़ के महाराणा प्रताप की जयंती अवसर पर पुष्प अर्पित कर नमन किया । जिलाध्यक्ष डॉ जीवन कौशिक , दैनिक अवंतिका ब्यूरो कार्यकारिणी सदस्य सत्येंद्र सक्सेना सामाजिक कार्यकर्ता शरद पाटीदार महिपाल सिंह चौहान, आदि ने पुष्प अर्पित कर नमन किया। और उनके मुगलों से संघर्ष को याद किया गया। कुश,बप्पा रावल, राणा सांगा, कुम्भा ,उदय सिंह के वंशज महाराणा को नमन कर उनके वीरता, बलिदान और देशभक्ति के के गुणगान कर प्रेरणा लेने का आव्हान किया। ओर वक्ताओं ने कहा उनका जीवन हमें साहस, सम्मान और देश प्रेम का महत्व सिखाता है, जो महाराणा प्रताप को एक सच्चा राष्ट्रीय नायक और नेतृत्व एवं दृढ़ता का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। मेवाड़ वंश विश्व की सबसे दीर्घकालिक विरासत है। महान योद्धा वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप अदम्य साहस, अद्भुत शौर्य और पराक्रम के प्रतीक थे।

### मनासा में एक व्यक्ति ने खाया जहरीला पदार्थ , उपचार दौरान हुई मौत

**नीमच।** जिले के मनासा क्षेत्र स्थित भाटखेड़ी नाका निवासी 48 वर्षीय नानूराम पिता पन्नालाल भोई की जहरीला पदार्थ सेवन करने के बाद उपचार के दौरान मौत हो गई। गुरुवार सुबह जिला चिकित्सालय नीमच में शव का पोस्टमार्टम कर पुलिस ने मर्ग कायम करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नानूराम की तबीयत बिगड़ने पर 16 जून को उन्हें मनासा से जिला चिकित्सालय नीमच रेफर किया गया था। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उन्हें बेहतर उपचार के लिए शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। प्राथमिक रूप से मामला जहरीले पदार्थ के सेवन से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। हालांकि मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट प्राप्त होने और जांच पूरी होने के बाद ही हो सकेगा। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच प्रारंभ कर दी है तथा सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर विशेष कैंप आयोजित

**स्वस्थ वृद्धावस्था थीम पर केंद्रित रहेगा जिलास्तरीय आयोजन**



**मंदसौर।** दशपुर योग शिक्षा संस्थान एवं आयुष विभाग के संयुक्त तत्वावधान में नूतन स्टेडियम स्थित योग भवन में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर एक विशेष योग कैंप आयोजित किया गया। वर्ष 2026 के अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की मुख्य थीम स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योगज निर्धारित की गई है। कैंप में योग गुरु सुरेन्द्र जैन ने आगामी 21 जून को प्रोटोकॉल के तहत की जाने वाली सभी योग क्रियाओं का अभ्यास कराया और उनके शारीरिक लाभों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2015 से ही दशपुर योग शिक्षा संस्थान इस दिवस को गरिमापूर्ण तरीके से मनाने में अपनी सक्रिय सहभागिता दर्ज कराता आया है। जिला आयुष अधिकारी बिन्दू ध्रुव ने 21 जून को नूतन स्टेडियम में जिला प्रशासन, ऊँ अर्हं सोशल वेलफेयर फाउंडेशन, दशपुर योग शिक्षा संस्थान व सकल जैन समाज के सहयोग से आयोजित मुख्य कार्यक्रम में सहभागिता की अपील की। इस विशेष तैयारी कैंप में डॉ. कमलेश धनोतिया, लोकेन्द्र जैन, जिनेन्द्र उकावत, विजय पलोड़, जितेश फरक्या, जापानी भावनानी सहित बड़ी संख्या में योग साधक उपस्थित रहे।

### पेंशनरों की धारा 49 (6) की अड़चन होगी समाप्त, म.प्र. वित्त विभाग ने छत्तीसगढ़ शासन से मांगी सहमति

**मंदसौर।** मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ राज्य पुनर्गठन विधेयक की धारा 49 (6) की अड़चन के कारण राज्य के पेंशनरों को केंद्र के समान महंगाई राहत मिलने में होने वाले विलंब का अब स्थाई समाधान होने जा रहा है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता यशपाल सिंह सिसौदिया ने सेवानिवृत्त एवं पेंशनर नागरिक महासंघ मंदसौर के प्रतिनिधि मंडल को जानकारी दी कि मध्य प्रदेश के वित्त विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ शासन को पत्र लिखकर धारा 49 के स्थाई समाधान के लिए सहमति मांगी है। इस अड़चन को दूर करने के लिए श्री सिसौदिया ने पूर्व में विधानसभा में अशासकीय संकल्प प्रस्तुत किया था जो ध्वनि मत से पारित हुआ था। इस संबंध में छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह ने वर्ष 2023 में केंद्रीय गृहमंत्री को पत्र लिखा था, वहीं म.प्र. विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने भी दिसंबर 2024 में मुख्यमंत्री को अर्धशासकीय पत्र लिखा था। वर्तमान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी इस व्यवस्था में सुधार के पक्ष में हैं। इस दौरान प्रतिनिधि मंडल में जिलाध्यक्ष अशोक रामावत, सचिव चन्द्रकान्त शर्मा, कोषाध्यक्ष कोमल वाणावर, अजीजुल्ला खान, प्रभुदयाल शर्मा और अशोक नागदा उपस्थित थे।

### इंदौर-बुधनी नयी रेल लाइन से मिलेगी सुविधा होगा क्षेत्र का विकास

**नीमच।** इंदौर-बुदनी नई ब्रॉड गेज रेलवे लाइन परियोजना रेल विकास निगम लिमिटेड द्वारा क्रियान्वित की जा रही एक रणनीतिक महत्व की अधोसंरचनात्मक परियोजना है। इस परियोजना के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर मिट्टी कार्य, पुल, स्टेशन भवन तथा अन्य रेलवे अधोसंरचना निर्माण के कार्य प्रगति पर है। परियोजना पूर्ण होने पर इंदौर-जबलपुर रेल दूरी लगभग 74.22 किलोमीटर कम हो जाएगी, जिससे यात्री और माल यातायात के लिए अधिक छोटा, कुशल औरनयामार्ग उपलब्ध होगा।




पूरे बदनावर शहर पर रहेगी तीसरी आंख की नजर

## 110 अत्याधुनिक सीसीटीवी कैमरों से लैस होगा शहर, पहले चरण में 50 कैमरे लगेंगे

**बदनावर।** नगर की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने के लिए पूरे शहर को सीसीटीवी नेटवर्क से जोड़ने की तैयारी शुरू हो गई है। नगर परिषद द्वारा केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री एवं धार-महू संसदीय क्षेत्र की सांसद सावित्री ठाकुर की सांसद निधि से शहर में 110 अत्याधुनिक सीसीटीवी कैमरे लगाने की योजना बनाई गई है। इसके लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है तथा संबंधित ठेकेदार को तकनीकी प्रस्ताव एवं स्पेसिफिकेशन प्रस्तुत करने के लिए पत्र जारी कर दिया गया है। नगर परिषद अध्यक्ष मीना शेखर यादव ने बताया कि प्रथम चरण में 50 सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे, जिसकी शुरूआत इसी सप्ताह होने की संभावना है। आगामी चरणों में शेष कैमरे स्थापित कर पूरे शहर को निगरानी तंत्र से जोड़ा जाएगा। नगर परिषद द्वारा बड़ी चौपाटी, बस स्टैंड, जेल रोड, इंदिरा गार्डन, निचलावास, मंडी रोड, जवाहर मार्ग, मालीपुरा सहित नगर के सभी 15 वार्डों के प्रमुख स्थानों पर कैमरे लगाए जाएंगे। इसके अलावा सिविल अस्पताल परिसर, नागेश्वर महादेव उद्यान, शासकीय कन्या शाला, बैजनाथ महादेव मंदिर, एकवीरा मंदिर तथा चिंतामणि गणेश मंदिर जैसे महत्वपूर्ण धार्मिक एवं सार्वजनिक स्थलों को भी सीसीटीवी निगरानी के दायरे में लाया जाएगा। सीसीटीवी नेटवर्क के संचालन के लिए तीन कंट्रोल रूम स्थापित किए जाएंगे। मुख्य कंट्रोल रूम नगर परिषद कार्यालय में बनाया जाएगा, जबकि अन्य दो कंट्रोल रूम पुलिस थाना एवं एसडीएम कार्यालय में स्थापित होंगे। कैमरों को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से भी जोड़ा जाएगा, जिससे अधिकृत अधिकारी मोबाइल फोन के माध्यम से कहीं से भी शहर की गतिविधियों पर नजर रख सकेंगे।

## बद्रीलाल वर्मा बने जिला सचिव, बापूलाल जिला उपाध्यक्ष नियुक्त





**सारंगपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह की अनुशंसा एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियव्रत सिंह खींची की सहमति से अनुसूचित जाति विभाग प्रदेशाध्यक्ष प्रदीप अहिरवार ने वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। अहिरवार ने सारंगपुर क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेस नेता बद्रीलाल वर्मा मगराना को अनुसूचित जाति विभाग जिला सचिव नियुक्त किया है तथा लाटाहेड़ी के बापूलाल वर्मा को जिला उपाध्यक्ष के रूप में जिम्मेदारी सौंपी गई है। नियुक्ति के बाद दोनो नेताओं ने जिला स्तर पर कांग्रेस पार्टी की रीति नीति और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने तथा संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत व गतिशील बनाने में अपनी अहम भूमिका निभाने का संकल्प लिया। इनकी नियुक्ति पर वरिष्ठ नेता नंदलाल नागर, मोहम्मद अली, दुर्गेश सोमानी, प्रदीप सादानी सहित अन्य नेताओं ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

## बिजासन माता मंदिर की दान पेटी खुली 11 लाख 88 हजार से अधिक की राशि प्राप्त



**सारंगपुर।** प्रसिद्ध धार्मिक स्थल माँ बिजासन माताजी मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं द्वारा अर्पित की गई दान राशि की गणना मंगलवार को प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में संपन्ना हुई। इससे पूर्व 6 अप्रैल 2026 को मंदिर की दान पेटी खोली गई थी। तहसीलदार एवं पदेन सचिव आकाश शर्मा के निर्देशों पर आयोजित इस गणना प्रक्रिया की पूरी निगरानी नायब तहसीलदार सोनू गुप्ता द्वारा की गई। पारदर्शी तरीके से कराई गई। जिसमें दान पेटी से निकली राशि को नोटों और सिक्कों के रूप में अलग-अलग गिना गया। कुल मिलाकर मंदिर की दान पेटी से ग्यारह लाख अठासी हजार पांच सौ रुपये की सम्मानजनक राशि प्राप्त हुई है। जिसमें 500, 200, 100, 50, 20 और 10 रुपये के नोट शामिल थे। वही 72 हजार 900 रुपये के सिक्के निकले जिनमें 20, 10, 5, 2 और 1 रुपये के सिक्के शामिल थे। इस पूरी शासकीय व पारदर्शी प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्ना कराने के लिए मंदिर परिसर में बडी संख्या में राजस्व विभाग के कर्मचारी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। मौके पर हल्का पटवारी कन्हैया लाल फुलेरिया, रामबाबू देशवाली, सुरेंद्र मेडा, अतुल सक्सेना, विपुल सक्सेना, ऋतू सक्सेना, गणेश अग्रवाल, धर्मेंद्र दुबे, आत्माराम वर्मा, राधेश्याम भिलाला, मनीष सक्सेना, मनीष पाटीदार और स्थानीय चौकीदार मुख्य रूप से उपस्थित थे। गणना के उपरांत नियमानुसार राशि को बीओआई शाखा लीमाचौहान सुरक्षित जमा कर दिया गया है, जिसका उपयोग मंदिर के विकास कार्यों में किया जाएगा।

## ब्लॉक युवा कांग्रेस ने चुनाव आयोग का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया



**तनोड़िया।** कांग्रेस की राज्यसभा प्रत्याशी सुश्री मीनाक्षी नटराजन का नामांकन रद्द कर लोकतंत्र ओर संविधान की हत्या की गई इसके विरोध में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष यश घनघोरिया के आवहान पर ब्लॉक यूवा कांग्रेस आगर द्वारा तनोडिया में चुनाव आयोग का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया जिसमें कांग्रेस के वरिष्ठ जन व युवा कांग्रेस के सदस्य व पदाधिकारी मौजूद रहे।

### सारंगपुर में बारिश की कमी से खरीफ बोवनी अटकी:

# इंतजार कर रहे किसान चिंतित, 20 जून के बाद मानसून आने का अनुमान

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सारंगपुर

सारंगपुर विकासखंड में आधा जून बीतने के बावजूद पर्याप्त बारिश नहीं होने से खरीफ सीजन की बोवनी प्रभावित हो गई है। सभी खेत अब भी खाली पडे हैं और किसान मानसून का इंतजार कर रहे हैं। कृषि विभाग ने पर्याप्त वर्षा होने तक बोवनी नहीं करने और बीज इलाज के बाद ही खेतों में बुवाई करने की सलाह दी है।

**बारिश की कमी से खेत सूने**

क्षेत्र में जलस्त्रोत सूखने लगे हैं और किसान आसमान की ओर टकटकी लगाए बैठे हैं। दिनभर गर्मी और उमस बनी रहती है। आसमान में बादल तो छाते हैं, लेकिन अब तक बारिश नहीं होने से खेतों में नमी नहीं बन सकी है। सामान्य तौर पर इस समय तक खरीफ फसलों की बोवनी शुरू हो जाती है, लेकिन इस बार अधिकांश खेत खाली हैं। इस वर्ष विकासखंड में करीब 70 हजार हेक्टेयर क्षेत्र से



अधिक कृषि रकबे में खरीफ फसलों की बोवनी का लक्ष्य रखा गया है। हालांकि, अभी तक किसानों ने किसी भी क्षेत्र में बोवनी नहीं की है, किसान पर्याप्त बारिश का इंतजार कर रहे हैं। कम बारिश में बोवनी करने पर बीजों के अंकुरण का खतरा रहता है और महंगे बीज खराब होने की आशंका बनी रहती है।

**100 मिमी बारिश के बाद ही करें बोवनी**

कृषि विभाग के एसएडीओ राजेश राजपूत ने बताया कि सोयाबीन, मक्का जैसी खरीफ फसलों की बोवनी के लिए कम से कम 100 मिमी (करीब 4 इंच) बारिश जरूरी है, ताकि मिट्टी में पर्याप्त नमी बन सके। उन्होंने किसानों को झमाझम बारिश और खेत में बराप (उचित नमी) बनने के बाद ही बोवनी करने तथा बीज उपचार अनिवार्य रूप से करने की सलाह दी है।

**बोले जिम्मेदार**

सारंगपुर क्षेत्र में प्रमुख फसल सोयाबीन है। खरीफ फसलों की बोवनी के लिए कम से कम करीब 4 इंच बारिश जरूरी है, ताकि मिट्टी में पर्याप्त नमी बन सके। किसान झमाझम बारिश और खेत में बराप (उचित नमी) बनने के बाद ही बोवनी करे तथा बीज उपचार अनिवार्य रूप से करेंगे। सारंगपुर क्षेत्र में अभी तक मात्र 53 एमएम के आसपास हुई है।

**राजेश राजपूत, एसएडीओ, कृषि विभाग, सारंगपुर।**

**20 के बाद मानसून आने का अनुमान**

मौसम विभाग के अनुसार मानसून की एंट्री 20 जून के बाद होने की संभावना है। मानसून की दस्तक देर से होने का अनुमान है।

### प्री-मानसून की झमाझम बारिश से मौसम हुआ सुहाना

## साफ-सफाई नहीं होने से सड़कों पर बहा नालियों का पानी, गर्मी से मिली राहत

दैनिक अवन्तिका ▶▶ शुजालपुर

शहर में चार दिन बाद एक बार फिर प्री-मानसून की गतिविधियां तेज होने से मौसम का मिजाज अचानक बदल गया। शाम को लगभग एक घंटे तक रुक-रुक कर कभी तेज तो कभी धीमी गति से बारिश होती रही। इस दौरान तेज हवाएं के साथ अच्छी बारिश हुई, जिसने मौसम में ठंडक घोल दी। लम्बे समय से गर्मी से परेशान नागरिकों को प्री-मानसून की इस बारिश से राहत मिली और नगर में अधिकतम तापमान 36 डिग्री के आसपास रहा।




बारिश शुरू होने से पहले आसमान में घने काले बादल छा गए थे। तेज हवा के साथ हुई वर्षा से सड़कों पर पानी बहने लगा और वातावरण में ठंडक घुल गई। पिछले कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी और उमस से परेशान लोगों को बड़ी राहत मिली। बारिश के बाद तापमान में गिरावट दर्ज की गई, जिससे लोगों ने सुकून महसूस किया। मौसम के खराब होने के दौरान सुरक्षा की दृष्टि से कई स्थानों पर लोग घरों और दुकानों में शरण लेते दिखाई दिए। तेज हवा और मौसम बिगडने के कारण लगभग एक घंटे से अधिक समय तक विद्युत आपूर्ति भी प्रभावित रही। हालांकि मौसम सामान्य होने के बाद बिजली आपूर्ति बहाल कर दी गई। किसानों ने भी इस बारिश का स्वागत किया है। उनका कहना है कि प्री-मानसून की यह वर्षा आगामी खरीफ फ सलों की तैयारी के लिए लाभदायक साबित होगी तथा खेतों में नमी बढ़ने से बुवाई कार्य में सुविधा मिलेगी। बारिश के बाद पेड़.पौधे धुले-धुले नजर आए और पूरे क्षेत्र में ताजगी का एहसास हुआ। शाम तक मौसम सुहाना बना रहा तथा लोगों ने गर्मी से मिली राहत का आनंद लिया। प्री-मानसून की इस तेज बारिश से नगर पालिका की तैयारियों की पोल भी खोल दी। प्रेमनगर कॉलोनी के एक हिस्से में सड़क निर्माण नहीं होने से जल भराव हो गया तो महात्मा गांधी मार्ग पर नालियों में भरी गंदगी मुख्य सड़क पर बहने लगी। बारिश थम जाने के बाद नालियों में भरा कीचड़ मुख्य मार्ग पर जमा हो गया और गंदगी हो गई। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में भी प्री-मानसून गतिविधियां जारी रहने की संभावना है।

## आज से गूंजेंगी शहनाइयां, एक माह बाद फिर शुरू होंगे मांगलिक कार्य

**सुसनेर।** पुरुषोत्तम (अधिक) मास की समाप्ति के साथ ही क्षेत्र में एक माह से विवाह सहित सभी मांगलिक कार्यों पर लगा विराम समाप्त हो गया है। अब 19 जून से एक बार फिर शहनाइयों की गूंज सुनाई देगी और विवाह समारोहों का शुभारंभ होगा। इसके साथ ही विवाह सीजन की रौनक लौटने से बाजारों में भी चहल-पहल बढ़ने की उम्मीद है। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार 19 जून से 4 जुलाई तक विवाह के शुभ मुहूर्त उपलब्ध रहेंगे। इस दौरान जून माह में 10 तथा जुलाई में 7 शुभ मुहूर्त हैं। पहला शुभ विवाह मुहूर्त 19 जून को रहेगा, जिसके साथ ही सहालग का दौर शुरू हो जाएगा। लंबे समय से विवाह की प्रतीक्षा कर रहे परिवारों ने तैयारियां तेज कर दी हैं। टेंट, कैटरिंग, बैंड-बाजा, डीजे, मैरिज गार्डन, फूल सजावट और अन्य संबंधित व्यवसायों में भी बुकिंग का सिलसिला शुरू हो गया है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार पुरुषोत्तम मास में विवाह जैसे मांगलिक कार्य नहीं किए जाते हैं। यही कारण है कि पिछले एक माह से शुभ कार्यों पर विराम लगा हुआ था। अब शुभ मुहूर्त शुरू होने के साथ ही विवाह समारोहों की रौनक लौटेगी। हालांकि यह सहालग अधिक दिनों तक नहीं चलेगी। 25 जुलाई से चतुर्मास प्रारंभ हो जाएगा। धार्मिक मान्यता है कि इस अवधि में भगवान विष्णु योगनिद्रा में रहते हैं, इसलिए चतुर्मास के चार माह तक विवाह, गृह प्रवेश, मुंडन एवं अन्य मांगलिक कार्य नहीं किए जाते। ऐसे में जिन परिवारों के यहां विवाह तय हैं, वे चतुर्मास शुरू होने से पहले उपलब्ध शुभ मुहूर्तों में अपने मांगलिक कार्यक्रम संपन्न कराने की तैयारी में जुट गए हैं। विवाह सीजन की शुरूआत से स्थानीय व्यापारियों को भी कारोबार बढ़ने की उम्मीद है।

## कैंसर पर व्याख्यान व जांच शिविर हुआ

**आगर मालवा।** आगर मालवोभारत विकास परिषद, शाखा आगर मालवा एवं निजी हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में कैंसर जागरूकता व्याख्यान एवं निशुल्क कैंसर जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा भारत माता एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर भारत विकास परिषद के अध्यक्ष डॉ. विवेक मालानी ने स्वागत भाषण दिया। मुख्य वक्ता कैंसर रोग विशेषज्ञ एवं सर्जन डॉ. नयन गुप्ता ने कैंसर के प्रारंभिक लक्षणों, समय पर जांच, आधुनिक उपचार पद्धतियों एवं बचाव के उपायों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

## सुसनेर में 10 पुलिसकर्मी हुए स्थानांतरित, 7 की नई पदस्थापना

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सुसनेर

जिला पुलिस अधीक्षक दिलीप कुमार सोनी द्वारा जिले के विभिन्न थानों में पदस्थ पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के तबादले संबंधी आदेश जारी किए गए हैं।प्रशासनिक दृष्टि से किए गए इस फेरबदल में थाना सुसनेर से 10 पुलिसकर्मियों का अन्य थानों में स्थानांतरण किया गया है। जबकि 7 पुलिसकर्मियों की नवीन पदस्थापना थाना सुसनेर में की गई है। आदेश के बाद संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को तत्काल नवीन पदस्थापना स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं। जारी आदेश के अनुसार थाना सुसनेर से उप निरीक्षक आलोक परेटिया को थाना कानड़, कार्यवाहक सउनि सुमेर सिंह मीणा को थाना कानड़, सउनि सुरेन्द्र सिंह यादव को थाना कानड़, प्रधान आरक्षक धर्मेन्द्र पाटीदार को थाना बड़ौद, प्रधान आरक्षक बालकृष्ण त्रिकार को थाना यातायात, प्रधान आरक्षक हरीश यादव को थाना कानड़, आरक्षक देवेन्द्र सिंह गुर्जर को थाना नलखेड़ा, आरक्षक रामेश्वर यादव को थाना नलखेड़ा, आरक्षक पलाश नागर को थाना नलखेड़ा तथा आरक्षक मेहरबान सिंह को थाना सोयतकलां स्थानांतरित किया गया है। वहीं थाना सुसनेर में उनि सचिन धाकड़ को थाना कोतवाली से, प्रधान आरक्षक अजय पाल को थाना कोतवाली से, प्रधान आरक्षक दुलीचंद गवली को थाना कानड़ से, प्रधान आरक्षक प्रकाश मालवीय को थाना कोतवाली से, आरक्षक राहुल दांगी को थाना सोयतकलां से, आरक्षक रोड़ीलाल दांगी को थाना नलखेड़ा से तथा आरक्षक संदीप दांगी को थाना सोयतकलां से सुसनेर पदस्थ किया गया है। पुलिस विभाग में हुए इस प्रशासनिक फेरबदल को कानून व्यवस्था को और अधिक मजबूत एवं प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। नए अधिकारियों एवं कर्मचारियों के कार्यभार संभालने के बाद थाना सुसनेर की कार्यप्रणाली में भी बदलाव देखने को मिलेगा। पुलिस अधीक्षक ने सभी स्थानांतरित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शीघ्र नवीन पदस्थापना स्थल पर उपस्थित होकर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए है।

### वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जयंती पर सारंगपुर नगर में भव्य आयोजन

## दीप प्रज्वलित कर दी श्रद्धांजलि, प्रतिमा पर हुआ माल्यार्पण

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सारंगपुर।

क्षत्रिय राजपूत विकाश संगठन एवं हिंदू उत्सव समिति के तत्वावधान में स्वाभिमान, शौर्य और राष्ट्रभक्ति के प्रतीक, वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती के पावन अवसर पर बुधवार को सारंगपुर नगर में विभिन्ना सामाजिक संगठनों और प्रबुद्ध नागरिकों द्वारा अत्यंत गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण माहौल में कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान नगर के मुख्य चौराहे पर स्थित महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर भव्य माल्यार्पण किया गया और दीप प्रज्वलित कर उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया गया।

**राजपूताना के नारों से गुंजा नगर**

सुबह से ही नगर के युवाओं और प्रबुद्ध जनों में भारी उत्साह देखा गया। भगवा ध्वज और देशभक्ति के गीतों के साथ लोग महाराणा प्रताप चौक पर




एकत्रित होना शुरू हुए। कार्यक्रम की शुरूआत वैदिक मंत्रोच्चार और भारत माता की जय तथा महाराणा प्रताप अमर रहें के गगनभेदी नारों के साथ हुई। नगर के प्रमुख अतिथियों और समाजसेवियों द्वारा महाराणा प्रताप की भव्य प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित किए गए। इसके पश्चात दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत की गई।

**राष्ट्रभक्ति की जीती-जागती मिसाल**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ताओं के रूप में तहसील अध्यक्ष भगवान सिंह राजपूत इकलेरा ने महाराणा प्रताप के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा महाराणा प्रताप केवल एक राजा नहीं, बल्कि त्याग, तपस्या और स्वतंत्रता के सबसे बडे पुरोधा थे। उन्होंने महलों के सुख को त्याग कर घास की रोटी खाना स्वीकार किया, लेकिन कभी विदेशी आक्रांताओं के सामने अपना शीश नहीं झुकाया। उनका जीवन आज के युवाओं के लिए राष्ट्र प्रथम की भावना का सबसे बडा उदाहरण है। इस अवसर हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष ध्रूव भल्ला, नगर पालिका उपाध्यक्ष निलेश वर्मा, क्षत्रिय राजपूत विकास संगठन प्रदेश कोषाध्यक्ष कमल सिंह परमार, प्रदेश अध्यक्ष गौसेवा प्रकोष्ठ श्याम राजपूत, तहसील अध्यक्ष भगवान सिंह राजपूत, मोहन उमट, महेश पाटीदार, कुलदीप राठौड, मोहन पुष्पद, संजय पाटीदार, विक्रम सिंह, नरेंद्र राजपूत हेमराज राजपूत आदि मौजूद रहे।

## सिलोदिया पंचायत में पानी सप्लाई करने में खड़ा टैंकर बदमाशों ने चुराया

**पुलिस ने चोरी में लिप्त बदमाश को धरदबोचे**

**खरसौदकलां।** सपीम ग्राम सिलोदिया पंचायत में पानी सप्लाई में उपयुक्त टैंकर चोरी का मामला सामने आया है। पुलिस ने तत्परता दिखाकर बदमाशों को गिरफ्तार कर ट्रेक्टर सहित टैंकर को बरामद किया है। भाटपचलाना थाना प्रभारी सत्येंद्रसिंह चौधरी ने बताया कि ग्राम पंचायत सिलोदिया सचिव चित्रागद सुरेश शर्मा ने फरियाद के रूप में थाने पर रिपोर्ट दर्ज की है। शिकायत में सचिव ने बताया की ग्राम पंचायत सिलोदिया के अधीनस्थ ग्राम मुंगावदी में राज्य शासन ने पानी का टैंकर प्रदान किया था। वर्तमान में टैंकर सामूहिक समुदाय भवन के पास में खड़ा था । जिसे अज्ञात बदमाश विगत रात में चुरा ले गए। सचिव की शिकायत के आधार पर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मंगलवार को आरोपी सहित चोरी गया टैंकर के साथ बदमाशों को भी गिरफ्तार किए।जिसमें मुख्य रूप से बबलू पिता जीवन गुर्जर निवासी सरवन थाना उन्हेल एवं साथी सुरेश सिंह पिता थावर गुर्जर , ईश्वर पिता सुरेश गुर्जर निवासी गांव देवडुगरी थाना नागदा के कब्जे से बरामद किया है । टैंकर की किमत 2लाख सहित घटना में उपयोग किए ट्रैक्टर कीमत 6 लाख रुपए का जप्त किया है। बदमाशो का रिकॉर्ड खंगालने पर पता चला कि सुरेश सिंह पिता थावर 46 साल के खिलाफ वर्तमान में अपराधि प्रवृत्ति का व्यक्ति है। आरोपी के खिलाफ थाना नागदा एवं भाटपचलाना में भी प्रकरण दर्ज पाए गए।

## मुख्य खण्ड चिकित्सक अधिकारी बरसाना का उज्जैन स्थानांतरण

**सुसनेर।** स्वास्थ्य विभाग में हुए प्रशासनिक फेरबदल के तहत सुसनेर के सिविल अस्पताल के मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी राजीव कुमार बरसाना का स्थानांतरण उज्जैन कर दिया गया है। उन्हें प्रभारी उप संचालक, कार्यालय क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवाएं, उज्जैन संभाग, उज्जैन में नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। राजीव कुमार बरसाना के स्थानांतरण के बाद सुसनेर विकासखंड में नए मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी की नियुक्ति को लेकर फिलहाल स्थिति स्पष्ट नहीं है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा उनके स्थान पर किस अधिकारी को पदस्थ किया जाएगा। इसे लेकर अभी तक कोई आदेश जारी नहीं किया गया है। बीएमओ के स्थानांतरण के बाद स्थानीय स्वास्थ्य विभाग में नए अधिकारी की पदस्थापना का इंतजार किया जा रहा है। नए आदेश जारी होने तक विभागीय कार्यों के संचालन को लेकर भी चचाओं का दौर जारी है। स्वास्थ्य विभाग से जुड़े अधिकारी एवं कर्मचारी अब शासन के अगले आदेश की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

## रुक-रुककर हुई हल्की बारिश से उमस भरी गर्मी से मिली राहत



**सुसनेरः** नगर सहित आसपास के क्षेत्र में बुधवार को रुक-रुककर हुई हल्की बारिश से मौसम का मिजाज बदल गया। पिछले कई दिनों से उमस भरी गर्मी से परेशान लोगों को बारिश के बाद काफी राहत मिली। दिनभर आसमान में बादलों की आवाजाही बनी रही और बीच-बीच में हल्की फुहारें पड़ती रहीं। जिससे वातावरण में ठंडक घुल गई। बारिश के कारण तापमान में गिरावट दर्ज की गई और लोगों ने राहत की सांस ली। बाजारों में भी मौसम सुहाना होने से चहल-पहल बनी रही। हालांकि बारिश तेज नहीं होने से जनजीवन सामान्य रहा और किसी प्रकार की परेशानी की स्थिति नहीं बनी। हल्की बारिश से किसानों के चेहरे भी खिल उठे हैं। उनका कहना है कि यदि आने वाले दिनों में अच्छी बारिश होती है तो खरीफ फसलों की बुवाई का कार्य तेज गति से शुरू हो सकेगा। मौसम विभाग द्वारा भी आगामी दिनों में बारिश की संभावना जताई जा रही है। शाम तक ठंडी हवाएं चलने और रिमझिम फुहारों के चलते पूरे क्षेत्र का मौसम खुशनुमा बना रहा। लंबे समय बाद लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिलने पर चेहरे खिल उठे।

## महाराणा प्रताप की जयंती पर राजपूतों ने पुष्पांजलि अर्पित की



**खाचरौद।** नगर में वीर शिरोमणि मेवाड़ राजस्थान के महान सिसोदिया राजवंश के प्रतापी राजा महाराणा प्रताप की 486 वीं जन्म जयंती नगर में 28 जून रविवार को विशाल शौर्य यात्रा निकालकर मनाई जावेगी। यहां बता दें महाराणा प्रताप अपने अदम्य, साहस, शौर्य और स्वाभिमान के लिए इतिहास में अमर है, उन्होंने मुगल सम्राट अकबर की अधीनता कभी भी स्वीकार नहीं की और जीवन भर अपनी मातृभूमि की स्वतंत्रता के लिए संघर्ष किया। राजपूत गौरव प्रताप की शौर्य यात्रा के लिए नगर सहित ग्रामीण अंचल में बड़े पैमाने पर तैयारी का दौर शुरू हो चुका है। इसी कड़ी में बुधवार को हाउसिंग बोर्ड स्थित शीतला माता मंदिर में नगर के राजपूत समाज जनों ने महाराणा प्रताप की जन्म जयंती पर उन्हें पुष्पांजलि भेंट कर महाराणा प्रताप अमर रहे के गुंजायमान नारे लगाकर मनाई। यहां पर समाज जनों ने महाराणा प्रताप की शौर्य यात्रा 28 जून रविवार को मनाने का निर्णय लिया। इस दिन नगर में विशाल चल समारोह निकाला जावेगा। शौर्य यात्रा नगर के प्राचीन नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर से राजकीय ठाठ बांट के साथ परंपरागत राजपूताना वेशभूषा में समाज जन यात्रा में शामिल होंगे। महाराणा प्रताप की शौर्य यात्रा को सफल बनाने की अपील नगर एवं ग्रामीण अंचल के राजपूत समाज जनों ने कि है। यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में पधारकर राजपूत गौरव महाराणा प्रताप की शौर्य यात्रा को सफल बनाएं।

# लंदन में फैमिली के साथ टाइम बिता रहीं अनुष्का



### पति विराट बेटे अकाय को कंधे पर उठाए नजर आए; रिलेक्स्ड अंदाज में दिखीं एक्ट्रेस

अभिनेत्री अनुष्का शर्मा और उनके पति विराट कोहली इस समय लंदन में फैमिली टाइम बिता रहे हैं। हाल ही में अनुष्का, विराट और उनके बेटे अकाय की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर सामने आई हैं। इन तस्वीरों में विराट अपने बेटे अकाय को कंधे पर उठाए नजर आ रहे हैं। अनुष्का भी इस आउटिंग में अपने परिवार और दोस्तों के साथ काफी रिलेक्स्ड अंदाज में दिखीं। लंबे समय से लाइमलाइट से दूर रह रहीं अनुष्का और विराट इन दिनों अपने बच्चों के साथ क्वालिटी टाइम बिता रहे हैं।

## दोस्तों के साथ बिताया खास वक्त

तस्वीरों में अनुष्का और विराट यूके के किसी पार्क में धूप का आनंद लेते हुए दिख रहे हैं। एक अन्य फोटो में यह कपल अपने दोस्तों के साथ बातचीत करता हुआ नजर आ रहा है। यह पूरा परिवार फिलहाल क्रिकेट से दूर अपने पर्सनल समय का आनंद ले रहा है। पिछले कुछ समय से ऐसी खबरें भी आ रही हैं कि अकाय के जन्म के बाद से ही अनुष्का और विराट ने अपना घर लंदन शिफ्ट कर लिया है, हालांकि कपल की तरफ से इस बारे में अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।



## प्राइवेट लाइफ को लेकर सतर्क रहते हैं

अनुष्का-विराट अनुष्का और विराट अपने बच्चों की प्राइवेसी को लेकर काफी सख्त रहते हैं। इस आउटिंग की तस्वीरों में भी अकाय का चेहरा साफ नजर नहीं आ रहा है। कपल की पहले भी कई बार ऐसी तस्वीरें वायरल हुई हैं, लेकिन वे हमेशा इस बात का ध्यान रखते हैं कि उनके बच्चों की तस्वीरें बिना इजाजत सार्वजनिक न हों।

## 'चकदा एक्सप्रेस' में नजर आएंगी अनुष्का

वर्क फ्रंट की बात करें तो अनुष्का काफी समय से फिल्मों से दूर हैं। उनकी आखिरी फुल-लेंथ फिल्म साल 2018 में आई 'जीरो' थी। इसके बाद उन्होंने अपने प्रोडक्शन के तहत फिल्म 'कला' के एक गाने 'घोड़े पे सवार' में कैमियो किया था। अनुष्का की स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म 'चकदा एक्सप्रेस', जो भारतीय क्रिकेटर झूलन गोस्वामी की बायोपिक है, उसकी शूटिंग वह 2022 में ही पूरी कर चुकी हैं। हालांकि, यह फिल्म अब तक रिलीज नहीं हो पाई है और इसकी रिलीज डेट को लेकर कोई नई जानकारी सामने नहीं आई है

# आलिया ने बेटी को बताया फिल्मी

### बोलीं- उसे डांस और गाने बहुत पसंद हैं, वह स्टेज के लिए ही बनी है

एक्ट्रेस आलिया भट्ट ने हाल ही में अमृत रत्न समिट के दौरान अपने बचपन और बेटी राहा पर खुल कर बात की है। आलिया ने बताया कि बचपन से ही उन्हें एक्टिंग का शौक था और वह आईने के सामने घंटों परफॉर्मेंस दिया करती थीं। उन्होंने यह भी खुलासा किया कि उनकी बेटी राहा भी जन्मजात परफॉर्मर है।



आलिया के मुताबिक, राहा काफी 'फिल्मी' है, उसे डांस करना और गाने सुनना बहुत पसंद है। राहा काफी तेजी से डांस स्टेप्स सीख लेती है और वह एक लीडर की तरह चीजों को समझती है। राहा में दिखते हैं कलाकार के गुण आलिया ने बताया कि राहा अभी बहुत छोटी है, लेकिन वह अलग-अलग चीजों में अपनी रुचि दिखा रही है। वह न केवल डांस और म्यूजिक में दिलचस्पी रखती है, बल्कि स्पोर्ट्स गतिविधियों में भी काफी आगे है। आलिया ने कहा, 'राहा अभी अपनी चीजों को ऑब्जर्व कर रही है। वह आर्ट, डांस और स्पोर्ट्स जैसी कई गतिविधियों में हाथ आजमा रही है।

# 10-15 करोड़ में शेख के साथ सोने का सोचूंगी

## विवादित बयान पर फंसी अपूर्वा मखीजा

इंडिया गॉट लेटेंट से विवादों में रह चुकीं अपूर्वा मुखिजा फिर एक बार विवादों से घिर चुकी हैं। दरअसल, हाल ही में उनका एक पुराना वीडियो कुछ दिनों से सोशल मीडिया पर फिर सकुर्लेट हो रहा है, जिसमें उन्होंने कहा है, मैं 2 रुपए के रोल के लिए किसी के साथ नहीं सो रही, हां अगर दुबई का कोई शेख मुझ पर 10-15 करोड़ फेंककर मारे तो शायद में इस बारे में सोचूंगी।

उनका वीडियो वायरल होने के बाद कुछ ट्रोलर्स ने उन्हें अलग-अलग रेट ऑफर करना शुरू कर दिया, जिस पर इन्फ्लूएंसर भड़क गईं। अपूर्वा ने ऐसे ही 12 हजार ऑफर कर रहे एक शख्स की कंपनी में ही उसकी शिकायत कर दी है। जिसके बाद कथित तौर पर उस शख्स को उनसे माफी मांगनी पड़ी है।



अपूर्वा ने आपत्तिजनक कमेंट करने वाले शख्स प्रशांत के बारे में पता लगाया तो सामने आया कि शख्श प्रोडक्शन हाउस में बतौर ग्राफिक्स डिजाइनर काम करता है। अपूर्वा ने उस कंपनी को मेंशन करते हुए घटना की जानकारी दी, जिसके बाद प्रोडक्शन हाउस की तरफ से जवाब आया कि वो उस शख्स की कड़ी निंदा करते हैं, हालांकि 2024 से वो लड़का उनके साथ काम करना बंद कर चुका है।

अधिक जानकारी जुटाने पर सामने आया कि वो प्रशांत आईएलएम वीएफएक्स में काम करता है अपूर्वा ने उस कंपनी को टैग कर लिखा, आपकी कंपनी का कर्मचारी औरतों के लिए अपशब्द कहता है, क्या ये सही है।

हालांकि अब तक उन्हें इस कंपनी की तरफ से जवाब नहीं आया है।

अपूर्वा मुखिजा ने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट के स्टोरी सेक्शन से उस शख्स द्वारा भेजे गए मैसेजेस का स्क्रीनशॉट शेयर किया है। अपूर्वा ने आखिरी बातचीत करते हुए कहा, मैं तुम्हारे साथ काम करने वालों को ढूंढ लूंगी और पर्सनली उन्हें मैसेज करूंगी।

आगे अपूर्वा ने लिखा- तुमने कहा कि तुम मझे 12 हजार में खरीद लोगे। मैं देखना चाहूंगी कि तुम ये कैसे करते हो। जवाब में शख्स ने कहा- क्या तुम्हारे पास इतना टाइम है। अपूर्वा ने कहा- हां।




### बोर्ड सेक्रेटरी बोले- फैसला लेने का हक मैच रेफरी के पास; श्रीलंकाई खिलाड़ी को धक्का दिया था

# वैभव सूर्यवंशी मामले में दखल नहीं देगा बीसीसीआई

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

बीसीसीआई सेक्रेटरी देवजीत सैकिया ने गुरुवार को कहा कि श्रीलंका ए के खिलाड़ी को धक्का देने के मामले में वैभव सूर्यवंशी पर क्या एक्शन होना चाहिए, इस पर फैसला लेने का हक मैच रेफरी के पास है। बीसीसीआई इसमें कोई दखल नहीं देगा। सैकिया ने कहा, ऐसी घटनाएं खेल में होती रहती हैं। इसके लिए पहले से सिस्टम है। वही सिस्टम फॉलो किया जाएगा। इसमें हमारा कोई रोल नहीं है। 15 जून को दांबुला में श्रीलंका-ए ने भारत ए को ट्राई सीरीज के मैच में हराया था। मैच का फैसला सुपर ओवर में हुआ था। सुपर ओवर के बाद वैभव की श्रीलंका के खिलाड़ियों से बहस हो गई थी। इस पर वैभव ने श्रीलंका के विशेन हलामबागे को धक्का दे दिया था।



धक्का-मुक्की की इस घटना पर मैच रेफरी प्रदीप जयप्रकाशन ने वैभव और हलामबागे पर मैच फीस का 50-50% जुमार्ना लगाने की सिफारिश की है। वैभव की स्लेजिंग करने के लिए श्रीलंका के विकेटकीपर निरोशन डिकवेला पर 20% और अंपायर से बहस करने के लिए भारतीय कप्तान तिलक वर्मा पर 30% जुमार्ना लगाने की सिफारिश भी की गई थी। यह कोई इंटरनेशनल मैच नहीं था। लिहाजा मैच रेफरी का फैसला सीधे लागू नहीं हो सकता। रेफरी एक्शन की सिफारिश कर सकता है। रेफरी की सिफारिश को अमल में लाना है या नहीं, यह फैसला दोनों टीमों के बोर्ड को करना होता है।

अब जबकि बीसीसीआई ने इससे दूरी बना ली है तो जुर्माना लगेगा या नहीं यह श्रीलंका बोर्ड के ऊपर है। अगर श्रीलंका बोर्ड भी बीसीसीआई की तरह यह स्टैंड अपनाता है कि रेफरी का फैसला ही मान्य होगा तो वैभव और अन्य खिलाड़ियों पर जुर्माना लग जाएगा।

## क्या कहा था श्रीलंकाई खिलाड़ी ने

विशन हलमबागे ने वैभव पर कमेंट किया था। हलमबागे ने वैभव से कहा, यह क्द्छ नहीं है, मैच खत्म... अब तुम घर जाओ। इस टिप्पणी पर सूर्यवंशी ने श्रीलंकाई खिलाड़ी को धक्का दे दिया। इसके बाद दोनों खिलाड़ी आमने-सामने आ गए और स्थिति गंभीर हो गई।

हालांकि, मैदान पर मौजूद दोनों टीमों के बाकी खिलाड़ियों ने बीच-बचाव किया और दोनों को एक-दूसरे से अलग किया। टूनामेंट की शुरूआत से ही कुछ श्रीलंकाई खिलाड़ी सूर्यवंशी पर लगातार स्लेजिंग कर रहे थे। 15 जून को खेला गया मुकाबला टाई हुआ। इसके बाद श्रीलंका-ए ने सुपर ओवर में 16 रन बनाए। जवाब में भारत 9 रन ही बना सका। भारत के मैच हारने के बाद श्रीलंकाई खिलाड़ियों ने वैभव को कुछ कहा। इससे वैभव भड़क गए और उनकी श्रीलंकाई खिलाड़ी के साथ धक्का-मुक्की हो गई।


**प्रवेश प्रारंभ**

**आवश्यकता है:-** शिक्षक / शिक्षिकाओ की (अंग्रेजी माध्यम स्कूल में)
**योग्यता :-** ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट,
**आफिस समय** 10 से 01 बजे तक
**आवेदन:** 23-06-2026

सेन्ट मदार कान्वेंट स्कूल 36, मदार गेट सरदार स्टील के पास उज्जैन फोन नम्बर:-2557390

**विज्ञप्ति**

क्षीरसागर कॉलोनी स्थित भूखण्ड क्रमांक 3 नजर अली मार्ग, पथ क्रमांक 3, उत्तरमुखी खुला भूखण्ड 46 फीट बाय 66 फीट विक्रय किया जाना है। वास्तविक इच्छुक व्यक्ति ही स्वयं सम्पर्क करें, मध्यस्थता स्वीकार्य नहीं है।

चन्द्रकान्त शुक्ला मो. 9406801039

**मकान बेचना है**

गणेशपुरा मक्सी रोड मेन चौराहा, गली नंबर 1 में 20x40 में निर्मित सर्वसुविधा युक्त मकान बेचना है।

संपर्क 8717818385

**आवश्यकता है**

स्टॉफ की आवश्यकता है न्यू ओपनिंग रेस्टोरेंट के लिए- 2- कचोरी-समोसा, जलेबी बनाने वाले उस्ताद, 2- रेस्टोरेंट मैनेजर्स, 2- इंडिया शैफ, 2- तंदूर, 2- कैशियर, 5- किचन हेल्पर, 3- पैंट्री वाले, 4- कैप्टन, 6-वेटर, 4- हाउस किपिंग वालों की आवश्यकता है।

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें 9893713817

**आवश्यकता है**

मार्केटिंग / सेल्समैन वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रात: 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोट: जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा

संपर्क मो.9575477077

**खरीदना / किराए से चाहीए**

उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए

संपर्क 9893374872


# 43वीं रैंक के कांगो ने पुर्तगाल को ड्रॉ पर रोका

### वर्ल्डकप में पहला गोल भी दागा

एजेंसी ▸▸ पटना

फुटबॉल वर्ल्ड कप में छोटी टीमों का कमाल जारी है। बुधवार को 43वीं रैंकिंग वाली कांगो ने स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो की पुर्तगाल को 1-1 के ड्रॉ पर रोक लिया। 52 साल बाद वर्ल्ड कप में वापसी कर रही कांगो गणराज्य ने टूनामेंट में अपना पहला गोल भी दागा। हालांकि, रोनाल्डो एक भी गोल नहीं कर सके।



ह्यूस्टन के एनआरजी स्टेडियम में ग्रुप-ङ के मैच में पुर्तगाल ने छठे मिनट में जोआओ नेवेस के गोल से शानदार शुरूआत की। लेकिन, यह टीम का मैच में आखिरी गोल साबित हुआ। हाफ टाइम के इंजरी टाइम के 5वें मिनट में योआन वीसा ने कांगो को बराबरी दिलाई।

इस ड्रॉ के बाद पुर्तगाल को ग्रुप स्टेज से अगले मैच जीतने होंगे। उसे 23 जून को उज्बेकिस्तान और 28 जून को कोलंबिया से मैच खेलने हैं। फिलहाल, टीम ग्रुप-के की पॉइंट्स टेबल में दूसरे स्थान पर है। छठे मिनट में पुर्तगाल के मिडफील्डर जोआओ नेवेस ने पेड्रो नेटो के क्रॉस पर हेडर लगाकर टीम को 1-0 से आगे कर दिया। पहले हाफ के इंजरी टाइम में कांगो के आर्थर मासुआकु के क्रॉस पर योआने विसा ने हेडर लगाकर गोल किया।

### कांगो ने दागा पहला वर्ल्ड कप गोल

यह कांगो के इतिहास का पहला वर्ल्ड कप गोल था। इससे पहले टीम ने 1974 में जायर नाम से वर्ल्ड कप खेला था, लेकिन तब कोई गोल नहीं कर सकी थी। गोल के बाद विसा ने कहा, '52 साल बाद हम फिर वर्ल्ड कप में लौटे हैं। यह गोल मेरे, मेरे परिवार और पूरे कांगो के लिए बेहद खास है।'

## हीटवेव से 3 रग्बी खिलाड़ियों की मौत

मलेशिया में भीषण गर्मी और उमस से पिछले 13 दिनों में तीन रग्बी खिलाड़ियों की मौत हो गई है। हालिया मामला 22 साल के अजलान अजहारी का है, जो 23 मई को अगोंग कप मैच में ट्राई स्कोर करने के कुछ मिनट बाद मैदान पर बेहोश होकर गिर पड़े। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां दो दिन बाद उनकी मौत हो गई।


**आवश्यकता**

छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके.

संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

**आवश्यकता है**

दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।

संपर्क करें 9575555715, 9425094114

**रद्दी बेचना है**

अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है

संपर्क 7773077762

**अवश्यकता है**

दुकान पर काम करने हेतु युवक और युवती की।
कोट पेन्ट बनाने वाले कारीगर की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
प्रोमिस टेलर मेट्रो टॉकीज के सामने (उज्जैन)

संपर्क करें 7974817308, 9516848052

**बेचना है**

अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान- नागझिरी, उज्जैन

संपर्क 9111328540

**किराए से देना है**

शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त

6267735937

**आवश्यकता**

अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
**योग्यता-** B.E.D/D.E.D./Deled
**वेतन-** 7000 से 8000 प्रतिमाह

राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent Middle School, Bhairavgar

## न्यूज कॉलम

### मेट्रो का कमर्शियल रन फिर टला, 24 जून को खत्म होगी सीएमआरएस की मंजूरी



**इंदौर।** इंदौर मेट्रो का सुपर कॉरिडॉर से विजय नगर तक कॉमर्शियल रन एक बार भी टल सकता है। सुपर कॉरिडोर के 5.9 किलोमीटर हिस्से में मेट्रो फिलहाल आउटर पर ही अटकी हुई है। मेट्रो प्रबंधन के तमाम दावों के बावजूद सुपर कॉरिडोर से रेडिसन चौराहे तक कमर्शियल रन अब तक शुरू नहीं हो सका है। पहले इसका शुभारंभ 18 जून को होना तय था, लेकिन कार्यक्रम टल गया। अब सबसे बड़ी चुनौती यह है कि कमिश्नर ऑफ मेट्रो रेलवे सेफ्टी द्वारा कमर्शियल रन के लिए दी गई एनओसी की वैधता 24 जून को समाप्त हो रही है। मौजूदा स्थिति को देखते हुए इस तारीख तक संचालन शुरू होना मुश्किल माना जा रहा है। ऐसे में मेट्रो प्रबंधन को अब नए सिरे से सीएमआरएस से निरीक्षण करवाना पड़ेगा। इस पूरी प्रक्रिया में करीब एक महीने का समय लग सकता है, जिससे प्रोजेक्ट और पीछे खिसकने की आशंका है। अधिकारियों ने इसके लिए सीएमआरएस को दोबारा आवेदन करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। मेट्रो के प्रबंध संचालक एस. कृष्ण चैतन्य ने बताया कि कमर्शियल रन की नई तारीख अभी तय नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि 24 जून से पहले दोबारा निरीक्षण के लिए सीएमआरएस को पत्र भेजा जाएगा। निरीक्षण और मंजूरी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही मेट्रो संचालन शुरू हो सकेगा। दरअसल, पहले केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर के हाथों 18 जून को मेट्रो के कमर्शियल रन का शुभारंभ कराने की तैयारी थी, लेकिन राज्यसभा चुनाव के चलते कार्यक्रम स्थगित हो गया। अब केंद्रीय मंत्री 20 जून को इंदौर-उज्जैन ग्रीनफील्ड कॉरिडोर के भूमिपूजन के लिए इंदौर आ रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद मेट्रो उद्घाटन की कोई तारीख तय नहीं हो पाई है। ऐसे में सवाल उठ रहे हैं कि तमाम तैयारियों और दावों के बावजूद आखिर इंदौर मेट्रो की रफ्तार बार-बार क्यों थम रही है। फिलहाल शहरवासियों को मेट्रो की सवारी के लिए अभी और इंतजार करना पड़ेगा।

### निर्माणाधीन मकान की दूसरी मंजिल से गिरे युवक की उपचार के दौरान मौत

**इंदौर।** बाणगंगा थाना क्षेत्र में निर्माणाधीन मकान की दूसरी मंजिल से गिरकर गंभीर रूप से घायल हुए एक युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। युवक अपने दोस्त से मिलने गया था, तभी हादसे का शिकार हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में मामला पैर फिसलने से गिरने का प्रतीत हो रहा है। बाणगंगा पुलिस के अनुसार नंदबाग कॉलोनी निवासी रवि गुर्जर (35) पुत्र प्रेमलाल गुर्जर की गुरुवार सुबह एमवाय अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। रवि को कुछ दिन पहले गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पुलिस जांच में सामने आया है कि रवि शनिवार को अपने मित्र गोपाल से मिलने एक निर्माणाधीन मकान में पहुंचा था। गोपाल वहां टाइल्स लगाने का काम कर रहा था। बताया जाता है कि मकान की दूसरी मंजिल पर काम चल रहा था और रवि वहीं से नीचे उतर रहा था। इसी दौरान उसका पैर फिसल गया और वह करीब 20 फीट नीचे गिर पड़ा। हादसे के बाद मौके पर मौजूद गोपाल और अन्य मजदूरों ने तत्काल रवि को उपचार के लिए एमवाय अस्पताल पहुंचाया, जहां कई दिनों तक इलाज चला। गोपाल ने पुलिस को बताया कि घटना के समय मकान में टाइल्स लगाने का कार्य चल रहा था। नीचे उतरते समय एक कर्मचारी ने रवि को सावधानी बरतने की चेतावनी भी दी थी, लेकिन अचानक संतुलन बिगड़ने से वह गिर गया। पुलिस के मुताबिक रवि पेंटर का काम करता था और इंदौर में किराए के मकान में रहकर मजदूरी करता था। उसके परिवार में माता-पिता, दो भाई और एक बहन हैं, जो खंडवा जिले के मूंदी क्षेत्र में रहते हैं।

### विवाद के बाद पत्नी ने फांसी लगा ली और पति ने अपना गला काट लिया

**इंदौर।** खुडैल क्षेत्र में रहने वाली एक महिला का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला, जबकि उसके पति ने धारदार हथियार से अपना गला काट लिया। दोनों को इस हालत में सबसे पहले उनके बच्चों ने देखा और परिजनों को सूचना दी। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। घायल पति का एमवाय अस्पताल में उपचार चल रहा है। खुडैल पुलिस के मुताबिक घटना बुधवार शाम ग्राम बिहाड़िया की है। मृतका ज्योति और उसके पति बलराम की शादी करीब 12 साल पहले हुई थी। शुरूआती जानकारी के अनुसार, पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। बताया जा रहा है कि विवाद के बाद ज्योति ने पहले अपने दोनों बच्चों को बाहर खेलने भेज दिया और फिर घर में फांसी लगा ली। इसके बाद पति बलराम ने धारदार हथियार से अपना गला काट लिया। कुछ देर बाद जब बच्चे घर लौटे तो दोनों को गंभीर हालत में देखा और परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। ज्योति को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। वहीं घायल बलराम को एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार जारी है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और पारिवारिक विवाद सहित सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।

### रोबोटिक सर्जरी से अंगदाताओं को सामान्य जीवन में जल्द लौटने में मिल रही मदद

**इंदौर।** अंग प्रत्यारोपण में जीवित अंगदाता की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण होती है। ऐसे स्वस्थ व्यक्ति, जो अपने प्रियजन की जान बचाने के लिए अंग या उसका हिस्सा दान करते हैं, उनके लिए सुरक्षित सर्जरी के साथ शीघ्र रिकवरी भी आवश्यक होती है। नानावती मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, मुंबई के एसोसिएट डायरेक्टर, एचपीबी सर्जरी, लिवर एवं मल्टी ऑर्गन ट्रांसप्लांट डॉ. आदित्य जे. नानावती ने बताया कि रोबोटिक सर्जरी अंगदाता सर्जरी के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण तकनीकी प्रगति है। अत्याधुनिक 3-डी विजुअलाइजेशन और सूक्ष्म उपकरणों की मदद से जटिल सर्जरी छोटे चीरे के माध्यम से की जा सकती है, जिससे दर्द कम होता है, रिकवरी तेज होती है और मरीज जल्दी सामान्य जीवन में लौट पाते हैं।



उन्होंने हाल ही में इंदौर के महालक्ष्मी नगर निवासी एक युवा पिता का उदाहरण साझा किया, जिन्होंने अपनी बेटी को जीवन देने के लिए लिवर का हिस्सा दान किया। परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य होने के कारण उन्होंने रोबोटिक डोनर सर्जरी चुनी। प्रत्यारोपण के बाद बेटी का स्वास्थ्य तेजी से सुधरा और अंगदाता भी जल्द चलने-फिरने लगे और घर लौटे तथा अपनी जिम्मेदारियां संभालने लगे। डॉ. आदित्य ने कहा कि रोबोटिक सर्जरी केवल आधुनिक तकनीक नहीं, बल्कि मरीजों और अंगदाताओं के अनुभव को बेहतर बनाने का माध्यम है। उन्होंने बताया कि नानावटी मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के विशेषज्ञ हर महीने के दूसरे शुक्रवार को डीएनएस हॉस्पिटल, एलआईजी स्क्वायर, इंदौर में परामर्श एवं फॉलो-अप सेवाएं प्रदान करते हैं।

# इंदौर-उज्जैन ग्रीनफील्ड कॉरिडोर का भूमि पूजन कल

## मुख्यमंत्री मोहन यादव और केंद्रीय मंत्री खट्टर होंगे शामिल, श्रद्धालुओं और यात्रियों को मिलेगी सुविधा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर-उज्जैन ग्रीनफील्ड कॉरिडोर प्रोजेक्ट का बहुप्रतीक्षित भूमि पूजन 20 जून को इंदौर जिले के चंद्रावतीगंज में आयोजित किया जाएगा। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। यह कॉरिडोर विशेष रूप से सिंहस्थ-2028 को ध्यान में रखकर तैयार किया जा रहा है जिससे लाखों श्रद्धालुओं और यात्रियों को बड़ी सुविधा मिलेगी।



कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने के लिए बुधवार को जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट और कलेक्टर शिवम वर्मा ने चंद्रावतीगंज स्थित सागर गार्डन पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल का विस्तृत भ्रमण कर विभिन्न विभागों द्वारा की जा रही तैयारियों की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान मंच, पार्किंग, यातायात प्रबंधन, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, सुरक्षा व्यवस्था और बैठक व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं की जानकारी ली गई। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि सभी तैयारियां समय पर पूर्ण की जाएं और कार्यक्रम में आने वाले अतिथियों एवं आमजन की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाए। मंत्री सिलावट और कलेक्टर वर्मा ने कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए विभागों के बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित करने तथा सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को प्रभावी बनाने के निर्देश भी दिए। प्रशासन ने कार्यक्रम को लेकर तैयारियां तेज कर दी हैं।

### प्रोजेक्ट की प्रमुख बातें

- **लंबाई:** लगभग 48.10 किलो मीटर।
- **सड़क:** एक्सेस-कंट्रोल्ड फोरलेन (भविष्य में विस्तार की संभावना)।
- **शुरूआत:** इंदौर के पितृ पर्वत क्षेत्र के पास।
- **समाप्ति:** उज्जैन के सिंहस्थ बायपास क्षेत्र तक।
- **निर्माण एजेंसी:** मध्य प्रदेश रोड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन।
- **निर्माण मॉडल:** हाइब्रिड एन्युटी मॉडल।
- **निर्माण लागत:** लगभग 1,089 करोड़ रुपये (निर्माण अनुबंध लागत)।

### क्या होगा फायदा?

इंदौर से उज्जैन की यात्रा 30 से 35 मिनट में पूरी हो सकेगी। वर्तमान हाईवे पर ट्रैफिक का दबाव कम होगा। सिंहस्थ, महाकाल दर्शन और धार्मिक पर्यटन को बड़ा लाभ मिलेगा। इंदौर एयरपोर्ट और उज्जैन के बीच बेहतर कनेक्टिविटी बनेगी। औद्योगिक, व्यापारिक और पर्यटन गतिविधियों को गति मिलेगी।

### दो साल में होगा पूरा

निर्माण एजेंसी को प्रोजेक्ट पूरा करने के लिए लगभग 24 महीने का समय दिया गया है। सरकार की कोशिश है कि यह कॉरिडोर सिंहस्थ-2028 से पहले पूरी तरह तैयार हो जाए।

### इसलिए है महत्वपूर्ण

यह सिर्फ एक सड़क प्रोजेक्ट नहीं, बल्कि इंदौर-उज्जैन धार्मिक, आर्थिक और पर्यटन कॉरिडोर के रूप में देखा जा रहा है। महाकाल लोक, ओंकारेश्वर, इंदौर एयरपोर्ट और औद्योगिक क्षेत्रों को जोड़ने वाली यह परियोजना मालवा क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

अटल बिहारी कॉलेज के पास स्थित फ्लाईओवर पर हादसा

## चलती कार में लगी आग, बोनट से निकला धुआं

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

भंवरकुआ थाना क्षेत्र में गुरुवार दोपहर चलती कार क्20 में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। घटना अटल बिहारी कॉलेज के पास स्थित फ्लाईओवर की है। आग की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड और पुलिस मौके पर पहुंची। आग बुझाने के दौरान कुछ समय के लिए फ्लाईओवर के एक हिस्से का यातायात भी रोकना पड़ा।

फायर ब्रिगेड से मिली जानकारी के अनुसार घटना करीब दोपहर 12.30 बजे की है। धर्मेंद्र गोयल की कार फ्लाईओवर से गुजर रही थी, तभी अचानक उसके बोनट से धुआं निकलने लगा। धुआं देखकर चालक तत्काल वाहन रोककर खुद बाहर निकले। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक कुछ ही मिनटों में आग ने कार के अगले हिस्से को पूरी तरह अपनी चपेट में ले लिया। देखते ही देखते लपटें तेज हो गईं और वाहन धू-धू कर जलने लगा। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया। हालांकि दमकल कर्मियों के पहुंचने तक कार काफी हद तक जल चुकी थी। आग बुझाने के बाद स्थिति को नियंत्रित किया गया। घटना की जानकारी मिलते ही भंवरकुआ थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची। सुरक्षा की दृष्टि से फ्लाईओवर के एक तरफ का यातायात कुछ समय के लिए रोक दिया गया, जिससे क्षेत्र में हल्का जाम भी लग गया। आग पर काबू पाने के बाद यातायात को पुनः सुचारु किया गया।



प्रारंभिक तौर पर आग लगने का कारण वाहन में तकनीकी खराबी माना जा रहा है, हालांकि वास्तविक कारणों की जांच की जा रही है। घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, लेकिन कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

## ट्रस्टी हत्याकांड: मंदिर में श्रद्धालुओं को निर्वस्त्र होकर धमकाता था गुंडा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

शिव-हनुमान मंदिर के ट्रस्टी कैलाश मोदी हत्याकांड में अन्नपूर्णा पुलिस की लापरवाही सामने आई है। ट्रस्टी कैलाश मोदी ने बाकायदा शिकायत कर आरोपित मुकेश शर्मा से जान का खतरा बताया था। पुलिसकर्मियों ने मोदी से ही अभद्रता की और थाने से भगा दिया। अफसर अब सफाई देते हुए जिलाबदर करने का दावा कर रहे हैं।

बारामत्था बगीची स्थिति शिव-हनुमान मंदिर के 70 वर्षीय ट्रस्टी कैलाश वल्लभदास मोदी की मुकेश पुत्र बाबूलाल शर्मा ने मंगलवार सुबह लट्ठ से पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। आदतन अपराधी मुकेश के विरुद्ध अन्नपूर्णा थाना में मारपीट, अवैध हथियार रखने, अड़ीबाजी के पांच प्रकरण चल रहे हैं।

ट्रस्टी कैलाश मोदी ने भी उसके खिलाफ 13 मई को शिकायत दर्ज करवाई और जान का खतरा बताया। मोदी ने आयुक्त संतोष कुमारसिंह और कलेक्टर शिवम वर्मा को की शिकायत में कहा कि अन्नपूर्णा पुलिस द्वारा मुकेश के विरुद्ध कार्रवाई नहीं की जा रही है। मंदिर प्रांगण में आने वाले श्रद्धालुओं के साथ भी अभद्रता करता है। उनके सामने निर्वस्त्र होकर जान से मारने की धमकी देता है। उसके द्वारा हत्या की धमकी दी जा रही है। पुलिस सुनवाई नहीं कर रही है। अभद्रता कर शिकायतकर्ता को थाने से भगा देते हैं। मुकेश मंदिर परिसर में कब्जा करना चाहता था। शिकायत में यह भी लिखा कि आदतन अपराधी मुकेश ने पिछले साल 8 दिसंबर को प्लास्टिक के डंडे से हमला कर दिया था।

## बैंक के रिटायर्ड 80 वर्षीय बुजुर्ग से ठगी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

साइबर ठगी का एक और मामला सामने आया है। तुकोगंज थाना क्षेत्र में रहने वाले 80 वर्षीय बुजुर्ग के साथ बैंक ऑफ इंडिया के पेंशनर्स ऐप के नाम पर 6 लाख 66 हजार रुपए की धोखाधड़ी की गई।

पुलिस के अनुसार, रेसकोर्स रोड स्थित सिल्वर स्टड अपार्टमेंट निवासी सत्यनारायण सराफ (80) बैंक ऑफ इंडिया से रिटायर्ड हैं। उन्होंने मंगलवार को अपनी शिकायत में बताया कि 17 फरवरी 2026 को वह फेसबुक चला रहे थे। इसी दौरान उन्हें बैंक ऑफ इंडिया के पेंशनर्स ऐप का विज्ञापन दिखाई दिया, जिसे उन्होंने अपने मोबाइल में डाउनलोड कर लिया।

ऐप इंस्टॉल करने के दौरान कैमरा, एसएमएस और अन्य एक्सेस की अनुमति मांगी गई, जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया। इसके बाद ऐप में बैंक अकाउंट में पेंशन आने के लिए डेबिट कार्ड नंबर और सीवीवी की जानकारी मांगी गई। जानकारी दर्ज करने के बाद मोबाइल पर कई ओटीपी आने लगे। उन्हें लगा कि कोई गलती हुई है, लेकिन उन्होंने इस पर ध्यान नहीं दिया। रात में उनके मोबाइल पर बैंक के मैसेज आने शुरू हुए, जिसमें पता चला कि उनका अकाउंट खाली हो गया है और उनके खाते से करीब 6 लाख 66 हजार रुपए अन्य खातों में ट्रांसफर कर दिए गए हैं। इसके बाद उन्होंने तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर पर कॉल कर शिकायत दर्ज कराई।

## पति की प्रताड़ना से तंग आकर दी थी जान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

विजयनगर थाना क्षेत्र में विवाहिता की आत्महत्या के मामले में मर्ग जांच के बाद पुलिस ने पति और सास के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का प्रकरण दर्ज किया है। जांच में सुसाइड नोट और साक्षियों के बयानों के आधार पर प्रताड़ना के आरोप सही पाए गए हैं। पुलिस के अनुसार भमौरी स्थित न्यू अंजनी नगर में रहने वाली सीमा जैन ने 19 मई को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की थी।

मर्ग जांच के दौरान प्राप्त साक्ष्यों, सुसाइड नोट और गवाहों के बयानों में यह बात सामने आई कि मृतका को कथित रूप से दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित किया जा रहा था। जांच में यह भी पाया गया कि ससुराल पक्ष की प्रताड़ना से परेशान होकर उसने आत्मघाती कदम उठाया। इस मामले में पुलिस ने पति अमन जैन और सास सपना जैन निवासी खरगोन के खिलाफ एफआईआर की है।

परिवार के लोगों ने पुलिस को बताया कि सीमा की शादी पिछले साल मई में खरगोन जिले के कसरावद में हुई थी। आरोप है कि शादी के समय ससुराल पक्ष ने हेमंत की बीमारी की जानकारी छिपाई थी। इस बात को लेकर शादी के बाद सीमा और ससुराल पक्ष के बीच विवाद शुरू हो गया था। सीमा पिछले करीब चार महीने से इंदौर में अपनी मां और भाई के साथ रह रही थी। पति-पत्नी के बीच तलाक का मामला भी चल रहा था। सीमा के पिता बुरहानपुर के पास के रहने वाले बताए जा रहे हैं, जबकि उसकी मां और भाई कई वर्षों से इंदौर में निवास कर रहे हैं।

## चौराहे पर अर्थी रखकर महिलाओं ने किया चक्काजाम

### मकान तोड़ने और फांसी की सजा के आश्वासन के बाद शवयात्रा आगे बढ़ी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

बैंककर्मी जितेंद्र मेड़ा के स्वजन का बुधवार दोपहर गुस्सा फूट पड़ा। पंचवटी नगर में (साठ फीट रोड के पास) जितेंद्र की अर्थी रखकर चक्काजाम कर टीआई वेदेंद्रसिंह कुशवाह को खूब खरी-खोटी सुनाई। आरोपित धर्मेंद्र का मकान तोड़ने और फांसी की सजा के आश्वासन के बाद शवयात्रा आगे बढ़ी।

साहूनगर (पंचवटीनगर) निवासी 35 वर्षीय जितेंद्र पुत्र सोमसिंह मेड़ा की मंगलवार को धर्मेंद्र ने बीयर की बोतल और पानी की मोटर से हमला कर हत्या कर दी थी। जितेंद्र पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) में नौकरी करता था। दोनों साथ बैठकर शराब पार्टी कर रहे थे। नशे में कहासुनी होने पर धर्मेंद्र ने हत्या की और फरार हो गया।

बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद जिला अस्पताल से शव घर पहुंचा लेकिन महिलाएं अर्थी लेकर चौराहा पर आ गईं। शव रखकर चक्काजाम कर दिया। सूचना मिलने पर टीआई वेदेंद्रसिंह कुशवाह पहुंचे पर महिलाओं ने घेर लिया। टीआई से कहा जितेंद्र छह बहनों का इकलौता भाई था।

धर्मेंद्र ने घर में घुसकर हत्या की है। उसको फांसी की सजा होना चाहिए। पुलिस फांसी नहीं दे सकती तो हमारे हवाले कर दो। टीआई ने कसम खाई और कहा धर्मेंद्र को उम्रकैद या फांसी की सजा करवाऊंगा। करीब 40 मिनट तक प्रदर्शन चला। रहवासी-रिश्तेदारों के समझाने पर महिलाएं हटीं और शवयात्रा आगे बढ़ी।

### घर में बैठकर रो रही थीं, पुलिसवालों ने पूछा क्या हो गया

महिलाओं ने टीआई से कहा आरोपित के घर पर दो पुलिसकर्मी बैठा रखे हैं। उसकी सुरक्षा हो रही है। हमको डराया जा रहा है। रात को पुलिसकर्मियों की गाड़ी आई और पूछा क्या हो गया। अब क्या रोने के लिए भी पुलिस से पूछना पड़ेगा। महिलाओं ने पुलिसकर्मियों को लेकर भी नाराजगी जताई और टीआई को शिकायत की। टीआई वेदेंद्रसिंह कुशवाह के अनुसार आरोपित गुरुवार तक पुलिस रिमांड पर है।
















मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com